e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 343

गुरुवार

19.12.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

मन की बात कह देने से फैसले हो जाते है, मन में रखने से फासले हो जाते है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### शरद पवार ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली :** एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पवार के साथ महाराष्ट्र के दो किसान भी मौजूद थे।प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया,राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने किसानों के एक समूह के साथ आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान किसानों ने गांव से लाये अनार का एक डिब्बा प्रधानमंत्री को भेंट किया।

### उत्तराखंड के आठ प्रतिभाशाली छात्रों ने अबेकस प्रतियोगिता में देश को किया गौरवान्वित

**देहरादून :** उत्तराखंड के युवा गणितज्ञों ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। हाल ही में हुई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में राज्य के आठ प्रतिभाशाली छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में टॉप किया है।चैंपियंस वर्ल्ड द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में अक्टूबर में राष्ट्रीय स्तर पर 16,392 छात्रों और नवंबर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 31 देशों के 26,379 छात्रों ने भाग लिया था। चंडीगढ़ के पंजाब कला भवन में आयोजित एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तराखंड के छात्रों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।पुरस्कार पाने वाले छात्रों में प्रांजल गैरोला को पहले सत्र में पहली रैंक हैं।

### बांग्लादेश की सीमा पर सख्त निगरानी, घबराने की जरूरत नहीं : आईजी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के दक्षिण बंगाल सेक्टर के बीएसएफ आईजी मनिंदर प्रताप सिंह ने बुधवार को दावा किया कि भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पर कोई बड़ी या अप्रिय घटना नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि सीमा पर सुरक्षा पूरी तरह से चाक-चौबंद है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।उत्तर 24 परगना के आलमबाजार स्थित बीएसएफ कैंप में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हम हर समय सीमा पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। कई घुसपैठियों को पकड़ा गया है। यह नहीं कहा जा सकता कि हालिया घटनाओं के कारण हमारी सतर्कता बढ़ी है। हम यह काम निरंतर करते हैं।

### पंजाब में तीन घंटे रेल पटरियों पर बैठकर किसानों ने जताया विरोध

**चंडीगढ़ :** पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में बुधवार को किसानों ने तीन घंटे तक रेलवे ट्रैक जाम करके विरोध जताया। किसानों ने रेल ट्रैक पर बैठने से दर्जनों ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए, जबकि कई गाड़ियों को रद्द कर दिया गया। रेल रोको आंदोलन के कारण भारी संख्या में यात्री परेशान रहें। किसानों ने रेल रोको आंदोलन को सफल करार देते हुए अब 30 दिसंबर को पंजाब बंद का ऐलान किया है। किसान नेता सरवरण सिंह पंधेर ने कहा कि हम दुकानदारों, धार्मिक संस्थाओं, व्यापार मंडल और ट्रेड यूनियनों से मीटिंग करेंगे। उनसे मांग करेंगे कि वह पंजाब बंद में सहयोग दें।

### देश में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें निर्माणाधीन, 200 वंदे भारत स्लीपर रेक का काम भी भागीदारों को सौंपा : वैष्णव

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि वर्तमान में देश में लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि पहला प्रोटोटाइप निर्मित हो चुका है और इसका फील्ड ट्रायल किया जाएगा। रेल मंत्री ने लोकसभा में एक वक्तव्य में कहा कि इसके अलावा 200 वंदे भारत स्लीपर रेक के निर्माण का काम भी प्रौद्योगिकी भागीदारों को सौंपा गया है। ट्रेन के रोलआउट की समय-सीमा परीक्षणों के सफल समापन पर निर्भर है। 2 दिसंबर तक, देश भर में छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज विद्युतीकृत नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं। वैष्णव ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाइयां अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में एलएचबी कोच का उत्पादन लगातार बढ़ा है।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 08° |

### अमित शाह के डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर दिए बयान पर गरम हुआ सियासत

# कांग्रेस तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है : अमित शाह



**जहां-जहां विपक्ष की सरकारें आती गईं, स्मारक बनते गए**

अमित शाह ने कहा, एक सर्वदलीय मंत्रिमंडल पहली देश की कैबिनेट बनी जिसमें बाबा साहेब आंबेडकर भी सदस्य थे, नेहरू जी प्रधानमंत्री थे। नेहरू जी की किताब सेलेक्टेड वर्क्स ऑफ जवाहरलाल नेहरू में एक और उल्लेख आता है। नेहरू जी के आश्वासन के बावजूद भीम राव आंबेडकर को कोई महत्वपूर्ण विभाग नहीं दिया गया। एक ओर कांग्रेस पार्टी है। जब तक कांग्रेस सत्ता में रही बाबा साहेब आंबेडकर का कोई स्मारक नहीं बना। जहां-जहां विपक्ष की सरकारें आती गईं, स्मारक बनते गए। भाजपा की सरकारों ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बाबा साहेब के जीवन से संबंधित पंचतीर्थ का विकास किया, मध्य प्रदेश में महू, लंदन में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर स्मारक, नागपुर में दीक्षाभूमि, दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक और महाराष्ट्र के मुंबई में चैत्रभूमि का विकास करने का काम भाजपा की सरकारों ने किया। 19 नवंबर 2015 को पीएम मोदी ने आंबेडकर जी के सम्मान में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। विपक्ष लगातार शाह से इस्तीफा मांग रहा है। अब गृह मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों में संविधान की गौरव गाथा पर चर्चा होनी थी। संसद में जब चर्चा होती है तो एक बात कॉमन होती है कि तथ्यों पर बात होनी चाहिए। मगर कांग्रेस कल से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। यह निंदनीय है। उन्होंने शुरुआत में कहा,विगत सप्ताह में संसद में लोकसभा और राज्यसभा में संविधान को स्वीकार किए हुए 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निर्माताओं के योगदान और संविधान में प्रस्थापित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन हुआ। इस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव यात्रा, विकास यात्रा और उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी। ये तो स्वाभाविक है कि जब लोकसभा और राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष होते हैं, तो हर मुद्दे पर लोगों का, दलों का और वक्ताओं का नजरिया अलग-अलग होता है। मगर संसद जैसे देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक फोरम में जब चर्चा होती है, तब इसमें एक बात कॉमन होती है कि बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा,इससे तय हो गया कि कांग्रेस आंबेडकर जी की विरोधी पार्टी है, कांग्रेस आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी है। अमित शाह ने कहा,जब संसद में चर्चा चल रही थी, तो यह साबित हो गया कि कांग्रेस ने किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर का विरोध किया। किस तरह कांग्रेस ने बाबा साहेब की मृत्यु के बाद भी उनका मजाक उड़ाने की कोशिश की। जहां तक भारत रत्न देने की बात है, कांग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद को भारत रत्न दिया है।

### पीएम मोदी केंद्रीय कैबिनेट से अमित शाह को बर्खास्त करें : खड़गे



नई दिल्ली : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी और अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह को टोकने के बजाय उनका समर्थन किया। खरगे ने कहा कि दोनों बड़े गहरे दोस्त हैं, एक-दूसरे के पाप को धोते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, आंबेडकर पूरे देश के लिए पूज्यनीय हैं, ये लोग संविधान को नहीं मानते हैं। भाजपा मनुस्मृति की बात करती है।संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हमारी मांग है कि पीएम मोदी केंद्रीय कैबिनेट से अमित शाह को बर्खास्त करें। उन्होंने आगे कहा कि, पीएम मोदी ने अमित शाह का बचाव करने के लिए छह ट्वीट किए। इसकी क्या जरूरत थी? अगर कोई बीआर आंबेडकर के बारे में गलत कहता है, तो उसे कैबिनेट से हटा दिया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा,हमारी मांग है कि अमित शाह को माफी मांगनी चाहिए और अगर पीएम मोदी को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पर भरोसा है तो उन्हें आधी रात तक बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्हें कैबिनेट में रहने का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए तभी लोग चुप रहेंगे, अन्यथा लोग विरोध करेंगे। लोग डॉ. बीआर अंबेडकर के लिए अपनी जान कुर्बान करने के लिए तैयार हैं।

# सीजीएल परीक्षा कराने वाली एजेंसी की याचिका हाई कोर्ट से खारिज




**जेएसएससी से मिले नोटिस को चुनौती देते हुए एजेंसी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट से 28 जनवरी को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सचिवालय सहायक (सीजीएल) परीक्षा आयोजित कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अदालत ने जेएसएससी की ओर से एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए आउटसोर्सिंग एजेंसी की याचिका बुधवार को खारिज कर दी है। दरअसल, जेएसएसी-सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद जेएसएससी ने परीक्षा कराने वाली एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था कि क्यों न इस कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाये। जेएसएससी से मिले नोटिस को चुनौती देते हुए एजेंसी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सिंगल बेंच ने एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करने के आदेश को सही ठहराया था। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने बहस की।

### बिजली विभाग का जेई घूस लेते गिरफ्तार

**गिरिडीह :** धनबाद एसीबी की टीम ने बुधवार की शाम गिरिडीह के धनवार में बड़ी कारवाई करते हुए बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है।आरोपित इंजीनियर दुर्गेश नंदन सहाय को एसीबी की टीम ने धनवार में एक बिजली उपभोक्ता से बकाया बिजली बिल माफ करने के नाम पर आठ हजार रुपये का घूस लेने के आरोप में रंगेहाथ दबोचा। और धनवार थाना में जरूरी कागजी कार्रवाई करते हुए धनबाद ले गई। एसीबी की कारवाई की भनक इस दौरान धनवार में किसी को नहीं लगी।जानकारी के अनुसार जिले के धनवार में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर दुर्गेश नंदन सहाय पोस्टेड थे और धनवार के बिजली उपभोक्ता से उसके बकाया बिजली बिल माफ करने के नाम पर आठ हजार की मांग किया। इस बीच पीड़ति उपभोक्ता ने मामले की जानकारी धनबाद एसीबी के अधिकारियों को दिया। इसके बाद एसीबी की टीम सक्रिय हुई और धनबाद एसीबी के डीएसपी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में धनवार पहुंची।

# अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।उन्होंने गाबा टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। अश्विन कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे थे और वहां इसकी घोषणा की। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ बैठे नजर आए थे।

इस दौरान कोहली ने उन्हें गले भी लगाया था। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे। 38 साल का यह स्पिनर भारत के लिए कई रिकॉर्ड बना चुका है। वह टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में सातवें स्थान पर हैं। अश्विन के नाम 106 टेस्ट में 537 विकेट हैं। 59 रन देकर सात विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। इस दौरान उनका औसत 24.00 का और स्ट्राइक रेट 50.73 का रहा है। अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय में अनिल कुंबले के बाद दूसरे नंबर पर हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट थे। अश्विन का एलान चौंकाने वाला है, क्योंकि वह भारतीय सरजमीं पर भारतीय स्पिन अटैक की धार थे। अपने घर पर डेब्यू के बाद से जब भी वह स्क्वॉड में चुने गए, हर बार वह टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने घर पर कोई टेस्ट मिस नहीं किया है। अश्विन 106 टेस्ट खेलने के अलावा 116 वनडे और 65 टी20 में भी टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने वनडे में 156 विकेट और टी20 में 72 विकेट लिए थे। वनडे में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 25 रन देकर चार विकेट और टी20 में आठ रन देकर चार विकेट है। वनडे में उनकी इकोनॉमी 4.93 की और टी20 में 6.90 की रही है।

# किसानों के मांग या सुझाव के लिए कोर्ट के दरवाजे हमेशा खुले : सुप्रीम कोर्ट

**पंजाब सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसानों से कई बार बातचीत की गई, लेकिन उन्होंने उच्चस्तरीय समिति से मिलने से इंकार कर दिया।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को लेकर पंजाब सरकार को चेताया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि अगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी हुई तो इसके लिए पंजाब सरकार जिम्मेदार होगी।बता दें कि किसान नेता डल्लेवाल 23 दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हुए हैं। इसको लेकर कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हम साफ करना चाहते हैं कि अदालत के दरवाजे किसानों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी मांग या सुझाव के लिए हमेशा खुले हैं। साथ ही कोर्ट ने दल्लेवाल के स्वास्थ्य पर भी संज्ञान लिया और पंजाब सरकार से जल्द से जल्द चिकित्सा सहायता देने को कहा। पंजाब सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसानों से कई बार बातचीत की गई, लेकिन उन्होंने उच्चस्तरीय समिति से मिलने से इंकार कर दिया। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ को बताया कि समिति ने 17 दिसंबर को किसानों को बैठक में बुलाया था, लेकिन वे इसमें शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को रोजाना समझाने की कोशिश कर रही है और सुझाव दिया कि उन्हें अपनी मांगें सीधे अदालत में रखने का मौका दिया जा सकता है।

# फायरिंग रेंज में तोपाभ्यास के दौरान बम विस्फोट, दो सैनिकों की मौत



**एजेंसी**

**बीकानेर :** बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया है। यहां बम फटने से दो सैनिक शहीद हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घायल सैनिक को हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ के हॉस्पिटल भेजा गया है।लूणकरणसर सीओ नरेंद्र पूनिया ने बताया कि तोप में गोला, लोड करते वक्त फट गया। इससे एक हवलदार और एक कांस्टेबल की मौत हो गई। मृतक सैनिकों में से एक दौसा (राजस्थान) और दूसरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। एक कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ भेजा गया है। गौरतलब है कि बीकानेर ही महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान यह दूसरा हादसा हुआ है। तीन दिन पहले यहां एक जवान की उस वक्त मौत हो गई। जब वह तोप को टोइंग व्हीकल से अटैच कर रहा था। तोप फिसल गई और बीच में दबने से उसकी मौत हो गई। सर्किल ऑफिसर नरेंद्र कुमार पूनिया ने बताया कि टैंक के साथ अभ्यास कर रहे तीन सैनिक थे। विस्फोट में आशुतोष मिश्रा और जितेंद्र की मौत हो गई। घायल सैनिक को हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ ले जाया गया है।

### गेटवे ऑफ इंडिया के पास यात्रियों से भरी नाव समुद्र में पलटी, 13 की मौत

**एजेंसी**

**मुंबई :** मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास बुधवार को एलीफेंटा द्वीप जाते समय एक नौका पलट गई। अभी तक की जानकारी के अनुसार इस हादसे में 13 यात्री की मौत होने की खबर सामने आ रही है वहीं 77 अन्य यात्रियों को बचाए जाने की बात कही जा रही है। जबकि कई लोगों की तलाश अभी भी जारी है। जानकारी के अनुसार नौका में लगभग 80 यात्री सवार थे, हालांकि सटीक संख्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। यह नौका मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप की ओर जा रही थी, जब करीब शाम 4 बजे एक छोटी नाव उससे टकरा गई और इसके बाद नौका पलट गई। घटना के तुरंत बाद जारी वीडियो में बचाव अभियान चलता हुआ दिखाया गया।वहीं इस मामले में बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन ने बयान जारी कर बताया कि विमान में चालक दल समेत कुल 85 यात्री सवार थे। अब तक 80 लोगों को बचा लिया गया है और 5 लोग लापता हैं। अस्पताल में भर्ती 5 लोगों की हालत गंभीर है और दो की मौत हो गई है। बाकी बचाए गए लोगों की हालत स्थिर है।

Asarfi Hospital
असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपरस्पेशलिटी हॉस्पीटल
Department of Cardiology & Electrophysiology
Dr. Sachin Yalagudri
(MD, DM)
Consultant Cardiologist & Electrophysiologist
AIG Hyderabad
दिनाँक :- 21st Dec. 2024
दिन :- शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
Electrophysiologic study & Radiofrequency ablation will be performed for Patient Suffering from SVT
9264433654, 9534184782
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad- 828130

# जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य की डीडीसी ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के निबंधित 41 पैक्सों में 15 दिसंबर से ही किसानों से धान की अधिप्राप्ति प्रारंभ है।उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने सभी से कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों में कई केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने से संबंधित खबरों का आना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ऐसी खबरों से जिला प्रशासन की छवि धूमिल होती है।

**एक-एक कर सभी पैक्सों के धान अधिप्राप्ति कार्यों की जानकारी ली**

बैठक में उन्होंने सर्वप्रथम एक-एक कर सभी पैक्सों में धान अधिप्राप्ति कार्यों की जानकारी ली।इस दौरान जहां भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है,वहां के कारणों से अवगत हुए।इस दौरान श्री अहमद ने पाया कि कई केंद्रों का उद्घाटन कार्य नहीं होने से किसानों से धान की खरीदी नहीं हो पाया है।इस पर उन्होंने ऐसे सभी केंद्रों का हर हाल में 19 दिसंबर तक उद्घाटन के पश्चात धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

**बीडीओ-सीओ व नोडल पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति कार्यों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश**

बैठक में उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले क्रय पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने एक प्रखंड स्तर पर एक ही नोडल पदाधिकारी बनाने पर बल दिया।इस कार्य में कंप्यूटर ऑपरेटरों के स्तर से भी कोई कोताही ना बरती जाये, डीएसओ प्रीति किस्कु को यह सुनिश्चित करने की बात कही।वहीं बीडीओ-सीओ व नोडल पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति कार्यों का लगातार निरीक्षण करने को लेकर निर्देशित किया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे क्रय पदाधिकारी, सहकारिता कार्यालय से सहायक निबंधन सहयोग समिति, नोडल पदाधिकारी सह दंडाधिकारी एवं राइस मिलर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 2 ट्रक और 3 ट्रैक्टर जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** सदर एसडीएम सुलोचना मीणा के नेतृत्व में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। वहीं चैनपुर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने चैनपुर थाना क्षेत्र में लगातार 12 घंटे छापेमारी अभियान चलाया। छापामारी अभियान के दौरान देर रात सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने चैनपुर थाना क्षेत्र से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर और दो अवैध मोरम लदे ट्रैक्टर को जब्त किया साथ ही एक अवैध छरी लदा हाइवा व ट्रक जब्त किया गया। इधर इस संदर्भ में अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि मंगलवार रात कोयल नदी से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया और दो अवैध मोरम लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया साथ ही चैनपुर थाना क्षेत्र के लादी गांव के समीप एक अवैध छरी लदा ट्रक व हाइवा जब्त किया।वहीं उन्होंने बताया कि अवैध खनन की गतिविधियों को रोकने की मुहिम जारी रहेगा। तीन ट्रैक्टर व दो ट्रक को जब्त कर चैनपुर थाना को सौंप दिया गया हैं साथ ही जिला खनन विभाग को अग्रतर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेज दी गई हैं।जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों से बालू माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से बालू का खनन तथा परिवहन शाम होने के बाद रात-भर तथा अहले सुबह तक किया जा रहा था। सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बालू के अवैध धंधे में दबिश दिया तो बालू माफियाओं में खलबली मच गई है। वहीं उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में बालू का अवैध खनन तथा परिवहन नहीं होने दिया जायेगा।

## भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने कामरेड विनोद मिश्रा की 26वीं स्मृति दिवस मनाया



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने जंगीपुर ग्राम में राजू विश्वकर्मा के आवास पर कामरेड विनोद मिश्र की 26 वीं स्मृति दिवस मनाया। भाकपा माले के सदस्यों ने कामरेड विनोद मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सांप्रदायिक, फासीवादी ताकतों के खिलाफ जन अभियान चलाने, वैश्वीकरण उदारीकरण, निजीकरण, महंगाई, लूट, भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरे अनुमंडल में जन जागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया। मौके पर अनुमंडल कमेटी के सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, रामचंद्र उरांव, राजेंद्र राम, बाबूलाल सिंह, अबरार अंसारी, रामेश्वर सिंह, विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र उरांव ने किया।

## विश्रामपुर में खुला धान क्रय केंद्र



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर के पुराने ब्लॉक परिसर स्थित पैक्स भवन में बुधवार को धान क्रय केंद्र खुला. धान क्रय केंद्र का उद्घाटन जिला पार्षद विजय रविदास,बीडीओ राजीव सिंह व सीओ राकेश तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया.जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि क्रय केंद्र खुल जाने से किसानों को फसल का उचित कीमत मिलेगा. किसानों को किसी भी कीमत पर बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचने की जरूरत अब नही है. बीडीओ राजीव सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार का दलाली व बिचौलियागिरी बर्दास्त नही की जायेगी. सीओ राकेश तिवारी ने कहा बगैर किसी भेद-भाव के वास्तविक सभी किसानों का धान क्रय होना चाहिये. नोडल पदाधिकारी सह एमओ रणधीर कुमार ने बताया कि किसान अपना धान बेचने के लिये प्रज्ञा केंद्र तथा अपने मोबाइल के द्वारा ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है.किसान निर्धारित दो सौ क्विंटल तक धान यहां बेच सकते है. उससे ज्यादा बेचना हो तो उपयुक्त से अनुमति लेना होगा.पैक्स लिमिटेड के अध्यक्ष सुमित शेखर ने बताया कि सभी किसानों का धान ई-पॉश मशीन से लिया जायेगा.जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है.उद्घाटन के पहले दिन तीन किसानों ने अपना धान विक्रय किया. मौके पर क्रय पदाधिकारी इम्तियाज हुसैन, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, रामजी विश्वकर्मा, सतेंद्र बक्सराय, मणि रामरामराज गुप्ता, राजू राम, अरविंद कुमार सहित सभी कार्यकरणी सदस्य तथा कई किसान मौजूद थे. **ज्यादातर किसान बिचौलियों के हाथों बेच चुके हैं** बिश्रामपुर आंचलिक क्षेत्र में सीमांत व छोटे किसान हैं.आर्थिक रूप से कमजोर यहां के किसान खाद - विज सब उधार लेते हैं.सरकारी धान क्रय केंद्र बहुत विलंब से खुलता है.इधर धान की फसल कटते ही दुकानदारों द्वारा तगादा शुरू कर दिया जाता है.जिसके बाद किसान धान बेचना खलिहान से ही शुरू कर देते हैं.वर्तमान हालात यह है कि क्षेत्र के ज्यादातर किसान अपना धान बिचौलियों के हाथों बेच चुके हैं.अब यही बिचौलिया क्रय केंद्र में सरकारी दर पर धान बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमाते हैं.

## वन नेशन, वन इलेक्शन से स्थानीय नेतृत्व एवं मुद्दे को गौण करना चाहती है भाजपा : धीरज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन लाकर भारतीय जनता पार्टी स्थानीय नेतृत्व एवं मुद्दे को गौण करना चाहती है। अलग-अलग समय पर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव, नगर निगम एवं पंचायती चुनाव होने से सभी पार्टियों को लगातार 5 वर्ष तक सजग होकर जनता की भावनाओं का कद्र करते हुए काम करना पड़ता है। इन छोटे चुनाव में जनता को दूसरी पार्टी अथवा अलग जनप्रतिनिधि को चुनने का मौका मिल जाता है। सारे चुनाव एक साथ हो जाने से अलग-अलग पदों के लिए जनप्रतिनिधि चुनने में जनता को झंझावात महसूस होगा। छोटे स्तर के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भी इस हाईटेक प्रचार-प्रसार के जमाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यहां तक की जनप्रतिनिधि भी चुनाव जीतने के लिए काम की बजाय अपने दल के भरोसे सीमित हो जाएंगे। जिस पार्टी का नेतृत्व और चुनाव कैंपेनिंग बेहतर होगा उसके अक्षम प्रत्याशी की लॉटरी लग जाएगी। एक साथ चुनाव होने से बड़े मुद्दे हावी रहेंगे जबकि पंचायत स्तर के छोटे मुद्दे या तो दब जाएंगे या पूरी तरह से गौण हो जाएंगे। मतदाता सूची भी 5 वर्ष में एक बार प्रकाशित होगी जिसकी खामियों को सुधारने के लिए जनता को अगले चुनाव तक इंतजार करना पड़ेगा। चुनाव के ठीक बाद 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को भी अगले 5 साल तक मतदान करने के लिए चुनाव का इंतजार करना पड़ेगा, अन्यथा अलग-अलग समय पर चुनाव होने से उन्हें मतदान करने के कई मौका प्राप्त हो जाता है। केंद्र सरकार के अनुसार एक साथ चुनाव कराने से समय और चुनाव खर्च का तो बचत होगा लेकिन हंग असेंबली होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी सरकार इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं कर पा रही है।

# केंद्र को देना ही होगा बकाया राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को झामुमों कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में केंद्र सरकार के पास रायल्टी के बकाया एक लाख 36 हजार करोड रुपए बकाया पर चर्चा करते हुए संसद भवन मे वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के द्वारा दिए गए व्यान की निंदा करते हुए वक्ताओं ने कहा झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर सभी वरिय अधिकारियों के द्वारा पत्राचार कर बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ की मांग लगातार किया जाता रहा है।लेकिन सांसद पप्पू यादव के द्वारा मामला उठाए जाने के बाद वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के द्वारा कहा गया कि किसी प्रकार का बकाया नही है। पंकज चौधरी का यह बयान दुर्भावना से ग्रसित होकर दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि इस मामले में संगठन के प्रदेश नेतर्त्वि और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पुरा झारखंड वासी साथ है।भाजपा के सांसद और उसके नेताओं को भी चाहिए कि झारखंड केंद्र के पास बकाया राशि की मांग करें ताकि प्रदेश के सर्वांगिन विकास निर्वाध गति से चलते रहें।केंद्र सरकार को बकाया राशि देना होगा नही तो झारखंड से खनिज संपदा बाहर नही जाने दिया जाएगा। बैठक को कार्यकारी अध्यक्ष नागेद्र कुमार सिंह, विशेश्वर मेहता, अनुज कुमार, रोहित वर्मा, मुन्ना प्रसाद सहित कई लोगो ने संबोधित किया। इस अवसर पर नरेश प्रसाद गुप्ता, सुभान अंसारी, निरुद्दिन अंसारी, मुन्ना पासवान, संतोष कुमार यादव, लालमन मेहता, राकेश सिंह सहीत कई लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** एसपी रीष्मा रमेशन की निर्देशानुसार हुसैनाबाद थाना परिसर वुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह आईपीएस एस मोहम्मद याकूब एवं हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने जमीन से जुड़े हुए अन्य समस्याएं का निष्पादन किया गया वहीं कई क्षेत्रों से आए लोगों की सुनीं शिकायत, समाधान के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकिरी कायूब ने कहा की पलामू पुलिस जन शिकायत समाधान आयोजन शिविर कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं कोने कोने आए हुए थाना परिसर माता बहनों स्वागत है उन्होने कहा की पुलिस प्रशासन आपके सेवा हमेशा तत्पर रहेगी जो भी समस्या और समाधान के लिए आवेदन आवश्यक दे आपकी समस्या का हल आवेदन के ही अनुशार किया जाऐगा। मौके पर प्रशिक्ष्णु पदाधिकारी रविंजन कुमार हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी मोहम्मद गंज थाना प्रभारी अनुमंडलीय पुलिस रीडर शेखर कुमार एस आई काली राम रविंजन सिंह सीता राम सिंह धर्मेन्द्र सिंह मुन्सी उपेन्द्र सिंह मनोज प्रजापति चौकीदार संघ अध्यक्ष मोहम्मद अंसारी अमित कुमार पासवान रामआशिष राम पप्पू पासवान कमता पासवान सहित अन्य लोग मौजुद थे।

# डॉ. राजकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को दर्जनों असहाय, गरीब व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत खरसोता गांव स्थित शिव महिमा केयर नामक अस्पताल के प्रोपराइटर डॉ. राजकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को दर्जनों असहाय, गरीब व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी बढ़ती ठंढ को देखते हुए असहाय, गरीब, मजदूर व जरूरतमंदों के बीच निजी राशि से कम्बल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मैं समाज सेवा कई वर्षों से करता रहा हूँ। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की अपरम्पार महिमा व आशीर्वाद से मेरे पास तन-मन व धन पर्याप्त है। इसलिए मैं भूखे को अन्न, प्यासे को पानी व जरूरतमंदों को बढ़ती ठंढ में कम्बल देने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं 500 गरीबों के बीच कम्बल का वितरण प्रत्येक ठंढी के समय में करता हूं। उन्होंने कहा कि केवल इतना ही नहीं कई गरीबों की बेटी की शादी में आर्थिक मदद भी करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने जन्मदिन के अवसर पर लोगों के बीच निःशुल्क फलदार वृक्ष का भी वितरण करता हूँ। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई 1965 को मेरा जन्म हुआ था। कुछ दशक से मैं हर क्षेत्र में आगे बढ़ने लगा हूँ, तब से गरीबों के बीच रहकर उनकी सेवा करना अपना परम् धर्म समझ लिया है। मुझे दान-पुण्य करना खूब भाता है, यही जीवन की सार्थकता भी है। उन्होंने कहा कि ठंढ के मौसम में कुछ वृद्ध महिला व पुरुषों को निःशुल्क आंख की जांच शिविर का आयोजन कर उन्हें मुफ्त में इलाज कराने की सलाह देता हूं। उन्होंने कहा कि जब तक मेरी सांसें रहेंगी, यही उम्मीद करूंगा कि लोगों की सेवा सदैव करता रहूं। उन्होंने कहा कि शिव महिमा केयर अस्पताल में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावे, देश के कई राज्यों से रोगी आते हैं, जिसमें उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्यप्रदेश आदि राज्य भी शामिल हैं। उक्त अस्पताल पहुंचने वाले वैसे गरीब तबके के लोग, जो इलाज कराने में असमर्थता जताते हैं, उन्हें भी सहयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन को छोड़कर लकवा, साइटिका, गठिया सहित नस से सम्बंधित बीमारियों व अन्य सामान्य बीमारियों का भी इलाज किया जाता है। उक्त अस्पताल में आए सभी बीमार व्यक्ति किए गए उपचार से बिल्कुल संतुष्ट होते हैं। उन्होंने बताया कि यहां बेड, लैब, ऑक्सीजन, मेडिकल हॉल सहित अन्य सुविधाएं भी हैं, जिससे बीमार व्यक्तियों को कोई प्रकार की दिक्कत न हो। मौके पर प्रेम दुबे, अमित कुमार, नीरज कुमार, मनीष कुमार, विवेक कुमार, विजेंद्र कुमार चौधरी, उषा देवी सहित उक्त अस्पताल के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## बीजेपी का सदस्यता अभियान को लेकर गुरुवार को कार्यशाला की बैठक



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के निर्देशानुसार भाजपा का सदस्यता अभियान महापर्व को लेकर 19 दिसंबर दिन बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यालय कुड़वा मोड पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में भाजपा मंडल में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला कर समिति सदस्य, सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पाटन मोर्चा के पदाधिकारी, संयोजक,सहसंयोजक सभी बूथ अध्यक्ष कार्य शाला में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी।

## शिक्षकों की मांगें होगी पूरी : संजय

# अजप्ता के पदाधिकारियों ने विधायक को फूल माला देकर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू) :** शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं, सीमित संसाधनों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में जुटे हैं। इनके अथक प्रयास की बदौलत शिक्षा का ग्राफ बढ़ा है। उक्त बातें हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने अपने आवास पर आयोजित एक सादे समारोह में अजाप्टा के दर्जनों शिक्षकों के बीच कही। इससे पूर्व अजप्ता के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विधायक को फूल माला देकर उन्हें बधाई दी। सदस्यों ने विधायक को बूके दिया और ताजपोशी भी की। अजप्ता के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने शिक्षा शिक्षक जनित समस्याओं में पद रिक्तता के सापेक्ष में वांछनीय ग्रेडों में लंबित प्रोन्नति और सभी कोटि के शिक्षकों को एक समान लाभ प्रदान करनेवाले एमएसीपी के बारे में ध्यान आकृष्ट कराया। हुसैनाबाद प्रखंड सचिव निर्मल कुमार ने बेबाकी से हुसैनाबाद विधायक को सामाजिक न्याय का पुरोधा बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की काफी अपेक्षायें हैं। शिक्षक वर्ग बिल्कुल गरीब गुरबों के परिवार से आता है। सरकार इसी वर्ग के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये शिक्षकों की समस्याओं पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिये। लेकिन त्रासदी है कि शिक्षा विभाग में समस्याओं का अंबार है। हल करने की दिशा में अभी तक विभाग का कोरा आश्वासन ही मिला है। प्रत्येक वर्ष शिक्षक रिटायर कर रहे हैं, लाभ से वंचित हो रहें हैं। वैधानिकता के साथ मानवीय मूल्यों के भी प्रतिकूल है।आज न तो ससमय प्रोन्नति ही मिली है और न अन्य राज्यकर्मियों की तरह वृत्ति उन्नयन दिलानेवाला एमएसीपी ही मिला है। जबकि बीते वर्ष 24 अगस्त को राजभवन के समक्ष जोरदार आंदोलन तहत आमरण अनशन किया गया था। आपका भी सहयोग और आश्वासन मिला है। मुख्यमंत्री का भी आश्वासन मिला है। शिक्षामंत्री के पहल पर शिक्षा विभाग और वित्त विभाग के साथ बैठक भी हुई। लेकिन परिणाम बेनतीजा रहा। पलामू प्रमंडल के सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि 2022 से ही इस ओर ध्यान आकृष्ट कराने का काम किया गया है। भरोसेमंद आश्वासन भी मिला है और अब संवैधानिक पद पर आसीन हो गयें हैं। यह जेएमएम के घोषणा पत्र में भी है। समस्त बातों को गौर से सुनने के बाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि उन्हें सब याद है। शिक्षकों की दोनों मांगों में प्रोन्नति संबंधित पहल यथाशीघ्र करेंगे। एमएसीपी हेतु 15 जनवरी 25 के पूर्व शिक्षामंत्री और वित्त मंत्री के साथ अजाप्टा की बैठक कराने का काम करेंगे। कोशिश होगी कि यह मांग आपसबों को यथाशीघ्र मिले। वरीय शिक्षक अंगद किशोर ने स्वरचित पुस्तक विधायक को भेंट की। इस कार्यक्रम को जिला संयुक्त सचिव चक्रवर्ती सिंह ,हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी, राज्य प्रतिनिधि प्रेम कुमार चौधरी, मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान, हुसैनाबाद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विकास प्रसाद ने भी संबोधित किया।

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग

# जीपीएस सेंट्रल स्कूल, संत पॉल एकेडमी तथा ज्ञान निकेतन रेहला की टीम विजयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन जीपीएस सेंट्रल स्कूल ने ज्ञान भारती बेलचंपा की टीम को 74 रनों से, संत पॉल एकेडमी गढ़वा की टीम ने साई पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से, ज्ञान निकेतन रेहला की टीम ने एआरडी पब्लिक स्कूल को 9 विकेट से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। टाउन हॉल का मैदान में ज्ञान भारती बेलचंपा की टीम ने टॉस जीतकर जीपीएस सेंट्रल पब्लिक स्कूल को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जीपीएस सेंट्रल स्कूल ने निर्धारित ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 135 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान भारती की टीम 61रनों पर सिमट गई। दुसरे मैच में साई पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 रनों पर ही सिमट गई। संत पॉल एकेडमी ओर से उत्कर्ष, आर्य और शिवम ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल ऐकेडमी ने दो विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। तीसरे मैच में एआरडी पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आशीष के 12 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में 63 रन बनाए। ज्ञान निकेतन रेहला की टीम की और से फरहान ओर फहीम ने तीन तीन विकेट लिए। जबाबी पारी खेलने उत्तरी ज्ञान निकेतन की टीम फरहान के 31 रन की बदौलत एक विकेट खोकर विजयी लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीपीएस सेंट्रल स्कूल के अजमल को, संत पॉल एकेडमी के उत्कर्ष और ज्ञान निकेतन के फरहान को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष दीपक, चंद्रभूषण सिन्हा, ललन सोनी, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, रोहन तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की मनाई गई 33वीं पुण्यतिथि

**रांची.** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की 33वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित डोरंडा स्थित कार्यालय में मनाई गई. आंदोलनकारियों ने विनोद बिहारी महतो अमर रहे नारा बुलंद किया एवं विनोद बिहारी महतो के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लिया. मौके संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि विनोद बिहारी महतो अखंड झारखंड के पक्षधर थे वे सदैव राज्य के लोगों को पढ़ो और लड़ो का नारा देकर सबको गोल बंद किया और अपने हक अधिकार पाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के दौरान 557/91 के तहत वे जेल में रहे राज्य सरकार उनका मुकदमा वापस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो, संयोजिका सरोजनी कच्छप, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, अरुण कुमार दुबे, सुजीत कुमार राम, डॉ सुलेमान अंसारी लोलस कुजूर, कुंवर लोहरा, संजय राम सहित अन्य प्रमुख थे.

### रंगदारी के लिये किया जानलेवा हमला

**रांची** : सजाउद्दीन अंसारी व उसके गुर्गो ने पिठोरिया थाना क्षेत्र के कोकदोरो निवासी सदर के पुत्र सफदर सुल्तान पर रंगदारी के लिए जानलेवा हमला किया। जख्मी हालत में अस्पताल भेजा गया है । पीड़ित परिवार ने थानेदार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है । पहले से कई मामलों में दर्ज है, बावजूद गिरफ्तारी नहीं होने से इलाके में रंगदारी जैसी घटनाए हो रही है. बताया गया एक सप्ताह पूर्व पुलिस द्वारा पकड़कर छोड़ा जा चुका है.

**विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर अल्पसंख्यक मुद्दों पर हुई परिचर्चा**

# राज्य सरकार हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं के निदान के लिए दृढ़संकल्पित : हफीजुल हसन

**अल्पसंख्यक को सिर झुका कर जिन्दगी गुजारने की जरूरत नहीं : डॉ इरफान अंसारी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के तत्वाधान में 18 दिसम्बर 2024 को रांची कडरू स्थित हज हाउस में अल्पसंख्यक के मुद्दों पर परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखण्ड सरकार ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए जितने कार्य किये हैं, उतने कार्य आज से पहले कभी नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक विकास के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय से किये सभी वादों को पूरा किया है। श्री हसन ने कहा कि मदरसा बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का सरकार जल्द गठन करेगी। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित करें, शिक्षा से ही आनेवाली पीढ़ी का विकास सम्भव है। इस अवसर पर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 18 दिसम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस प्रति वर्ष 18 दिसम्बर 1992 से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिह्नित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही




उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परम्परा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु मनाया जाता है। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखण्ड सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के साथ पूरी मजबूती से खडी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृव में अल्पसंख्यक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। इससे पूर्व अपने स्वगत भाषण में झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्ला खान ने कहा कि झारखण्ड के अल्पसंख्यक समुदाय को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पर पूरा विश्वास है। झारखण्ड के अल्पसंख्यकों पर हेमन्त सोरेन की सरकार में कहीं अन्याय नहीं होने दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के समस्त अल्पसंख्यक समुदाय आज हेमन्त सोरेन की सरकार में सिर उठा कर जिन्दगी गुजार रहे हैं। आज के कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विकास एवं भवन निर्माण मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ता मामले तथा आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, राज्यसभा सदस्य एवं झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सरफराज अहमद, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू और अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ. एम तौसीफ, वारिस कुरैशी, बरकत अली समेत कई लोग मौजूद थे।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय के विभिन्न गण्यमान्य लोगों को झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार मुजफ्फर हुसैन, गुलाम शाहिद एवं शफीक अंसारी, शिक्षा के क्षेत्र में सेंट जेवीयर के प्राचार्य फादर डॉ. नोबूल लकड़ा, प्राचार्य निर्मला कॉलेज डॉ. ज्योति किसपोटा, सामाजिक संगठन लहू बोलेगा के संस्थापक नदीम खान, जमशेदपुर के सामाजिक कार्यकर्ता मोख्तार आलम खान, सरफराफ हुसैन एवं झारखण्ड बार के सदस्य अधिवक्ता अब्दुल कलाम रशीदी मुख्य रूप से शामिल हैं।

### अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया : कैलाश यादव

**रांची.** झारखण्ड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने देश के गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग दलित,पिछड़ा आदिवासी आरक्षण विरोधी है. विदित है कि गृहमंत्री ने राज्यसभा में संविधान सभा पर चर्चा के दौरान खुलेआम संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर का सदन में अपमान किया उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर का नाम रटने से अच्छा भगवान का नाम जपने का काम करें यह विचार निश्चित रूप से बहुजन समाज के खिलाफ एक तमाचा है अमित शाह देश से माफी मांगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंत्री परिषद से अविलंब इस्तीफा लेना चाहिए. राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि भाजपा का दलित पिछड़ा आदिवासी विरोधी मानसिकता उजागर हुआ,अब देश के 90 फीसदी बहुजन आबादी के खिलाफ बीजेपी का घृणित सोच बनावटी विचारधारा और नकली चाल चरित्र चेहरा बेनकाब हुआ.

## बंधु तिर्की ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची.** दिल्ली में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कांग्रेस महासचिव एवं लोकसभा सांसद के सी वेणुगोपाल से मुलाकात की। उन्हें सरना अंगवस्त्र से उन्होंने सम्मानित किया। साथ ही राज्य के विकास और राजनीति पर विचार विमर्श किया गया ।

## स्कूली पहचान पत्र से छात्रों का आधार कार्ड बनाने का शिक्षा विभाग करें पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि वन नेशन वन कार्ड के तहत प्रदेश के समस्त प्रथमिक व मध्य विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र का अपार आईडी कार्ड बनाया जा रहा है.

इस आईडी में बच्चों की समस्त डेटा उपलब्ध रहेगी. इससे लाभ ये होगा की एक क्लिक में बच्चों की समस्त शैक्षणिक डेटा मिलेगी. पढ़ाई की अवधि मे एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में स्थानांतरण होने पर उससे किसी प्रकार की समस्या नहीं होंगी. इसको कभी भी डीजीलॉकर से डाउनलोड किया जा सकता है. आईडी नंबर जारी होते ही यह स्वतः डिजीलॉकर में चली जाती है. विद्यालय को इस कार्य को सौ फीसदी पूर्ण करने को कहा गया है परन्तु इसको बनाने में बहुत तकनीकी व कई तरह का समस्या आ रही है. अपार आईडी बनाने के लिए सबसे जरुरी दस्तावेज में बच्चों का आधार कार्ड होना अनिवार्य है. पिछले कई वर्ष से आधार कार्ड बनाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र माँगी जा रही है जिसके कारण कई सारे बच्चों का आधार कार्ड बन नहीं पाया है. जन्म प्रमाण पत्र बनाने में हजार से पंद्रह सौ की वसूली अभिभावकों से की जाती है जिस कारण गरीब व लाचार छात्रों का बनना असंभव है ऐसे में इन सभी बच्चों का अपार आईडी कार्ड बनना काफी मुश्किल है अपार बनाने समय बनाये गए आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट नहीं है जिसके फलस्वरूप इनका आईडी नम्बर जारी नहीं हो पाता है. बच्चे विद्यालय से पास आउट होकर दूसरे विद्यालय में नामांकन लेते है परन्तु नया नामांकित विद्यालय परमानेंट एजुकेशन नम्बर (पेन ) से उससे अपने स्कूल में एक्टिव नहीं किये जाने के कारण पूर्व के विद्यालय से आईडी बन नहीं सकता है और नया नामांकित विद्यालय उससे चाहकर भी बना नहीं सकता है.यह समस्त कार्य भारत सरकार (केंद्र सरकार) की शैक्षणिक पोर्टल यू डायस मे किया जा रहा है.

## देर रात हुई फायरिंग से लोगों मे दहशत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची.** देर रात डॉ. एसएन यादव रोड स्थित करम टोली के खलखो मार्केट में फायरिंग की घटना से दहशत फैल गई. यह फायरिंग एक लाइसेंसी बंदूक से की गई थी, जिसे आरोपी ऋतु राज सिंह ने लोगों के बीच वर्चस्व दिखाने और डर फैलाने के लिए इस्तेमाल किया.

घटना के बाद लालपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने मामले की जांच शुरू की. सब इंस्पेक्टर इश्वरी सिंह के बयान पर केस दर्ज किया गया और आरोपी को जोड़ा तालाब इंद्रप्रस्थ कॉलोनी का निवासी बताया गया. पुलिस ने आरोपी के घर पर छापेमारी की जहां बंदूक बरामद की गई, लेकिन वह मौके से फरार था. आरोपी पेशे से व्यवसायी है और पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि चुनाव के दौरान उसका हथियार पुलिस लाइन में जमा किया गया था, लेकिन वह बीते दिन इसे लेकर अपने घर जा रहा था.

रात में फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वहां से एक कारतूस का खोखा बरामद किया. जांच के दौरान पता चला कि ऋतु राज सिंह ने अपनी लाइसेंसी डीबीबीएल बंदूक से यह फायरिंग की थी, ताकि वह अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर सके. पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और इस मामले में उसके हथियार का लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा करने की योजना बना रही है.

## एबीवीपी के 25वें प्रदेश अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन में राज्य के प्रत्येक जिले और शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 1000 छात्र-छात्राएं, शिक्षाविद एवं प्राध्यापक कार्यकर्ता शामिल होंगे।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 25वां प्रदेश अधिवेशन तीन से पांच जनवरी, 2025 को कोयला नगरी धनबाद में आयोजित होगा। एबीवीपी के अधिवेशन का पोस्टर विमोचन प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ दीपनारायण जायसवाल, राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ पंकज कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा दित्या, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार और प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डु राय के जरिये से किया गया। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन में राज्य के प्रत्येक जिले और शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 1000 छात्र-छात्राएं, शिक्षाविद एवं प्राध्यापक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अधिवेशन के निमित्त गोविंदपुर में स्थित केके पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक अस्थायी नगर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा के नाम पर बसाया जाएगा।

## रांची : यंग इंडिया के बोल सीजन पांच का हुआ अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची.** झारखंड प्रदेश युवा कॉंग्रेस कमिटी की प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य उपलक्ष्य के तहत राहुल गांधी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ÷यंग इंडिया के बोल÷ सेसन 5 का अनावरण प्रदेश युवा कॉंग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिजीत राज ने कहा कि रोजगार का जुमला दे कर मोदी सरकार ने देश के युवाओं को ठगा है। देश में रोज़गार खत्म हो गया, किंतु अदानी संचालित मुंद्रा पोर्ट के रास्ते देश में नशे के रास्ते खोल दिए गए। देश में बेरोजगारी इस



कदर हावी है कि 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष का जुमला फेक कर कुल प्राप्त आवेदनों के महज 0.3 प्रतिशत लोगों को रोजगार मिला। 10 वर्षों में महज सवा सात लाख युवाओं को नौकरी मिली।देश के हर त्रस्त युवा को आवाज और मंच देने के लिए इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत ÷2द्बह्लद्ध द्ब4ष्÷ ऐप प्लेस्टोर से डाउनलोड कर के अपना 60 सेकंड का वीडियो कोई भी युवा भेज सकता है। आगे प्रतियोगिताओं के माध्यम से राष्ट्रीय मंच तक के लिए वक्ताओं का चयन किया जाएगा।इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक सह प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद,प्रदेश महासचिव शादाब खान, संदीप कुमार,अभिषेक तिवारी प्रदेश सह समन्वयकगण अभिषेक सौरभ, अभिशांत गौरव, अंशुलक कुमार, शशिकांत वर्मा, रितेश तिवारी,चंदन सिंह, अंशु तिवारी, प्रियंका सिसोदिया, कोमल कुमारी, पूनम यादव, अजीत करमाली, गौरव सिंह,पुरुषोत्तम चौधरी, शराफत हुसैन, आरिफ हुसैन, इत्यादि मौजूद थे।

## केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया रखने का निराधार आरोप लगा रही है झामुमो : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झामुमो के जरिये हवा-हवाई बातें कर केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया रखने का निराधार और भ्रामक आरोप लगाया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि यदि झामुमो के पास इस आंकड़े को लेकर कोई ठोस प्रमाण है, तो वे पूरे दस्तावेज और तथ्यों के साथ जनता के सामने रखें। झामुमो को स्पष्ट करना चाहिए



कि ये राशि किस मद की है? कब से लंबित है और किन परिस्थितियों में यह दावा किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे आरोपों और गलत आंकड़ों के सहारे केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने की बजाय झारखंड की असल समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही बिना प्रमाण और आधारहीन आरोप लगाकर झारखंड की जनता को भ्रमित करने का यह खेल अब बंद होना चाहिए। मरांडी ने कहा है कि महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये, किसानों को प्रति क्विंटल धान के 3,200 रुपये और युवाओं को नौकरी देने के झूठे वादे का भंडाफोड़ हो चुका है। इसलिए केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर आप अपनी विफलताओं को छिपा सकते। जनता को गुमराह करने की राजनीति से झारखंड का भला नहीं होगा। पूरे तथ्य और प्रमाण के साथ शुचिता की राजनीति करना सीखिए।

### मानव अधिकार मिशन के प्रदेश अध्यक्ष बने वरिष्ठ अधिवक्ता पीके लाला

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीके लाला को बुधवार को वर्ष 2024-26 के लिए मानव अधिकार मिशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही दीपक कुमार को प्रदेश महासचिव, मनोज कुमार, सोहनी राय, डॉ एके सिन्हा एवं सुरेश गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी के कुल 28 पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया है। मानव अधिकार मिशन संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) से एफिलिएटेड है।

## अडानी और मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रदेश कांग्रेस का राजभवन मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को अडानी और उनके सहयोगियों को बचाने एवं मणिपुर में जारी हिंसा की अनदेखी करने सहित अन्य मुद्दों के विरोध में राजभवन मार्च निकाला। यह मार्च प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में शहीद स्थल से राजभवन तक किया गया। राजभवन पहुंचने पर मार्च सभा में परिवर्तित हो गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है। हमारे नेता सदन में दोनों मामलों को लगातार उठा रहे हैं। मणिपुर में शांति बहाली की मांग कांग्रेस के जरिये



लगातार जारी है लेकिन केंद्र सरकार इस पर चुप हैं। अडानी और उनके सहयोगियों के जालसाजी का पर्दाफाश हुआ है। रिश्वतखोरी का खुलासा हुआ है लेकिन आज तक इस मामले पर जनता के सामने केंद्र सरकार ने सफाई देने की भी जरूरत महसूस नहीं की। कमलेश ने कहा कि मणिपुर जल रहा है। लगातार हिंसा हो रही है। कर्फ्यू लगा हुआ है लेकिन आज तक प्रधानमंत्री वहां नहीं गए। दोनों मुद्दे पर प्रधानमंत्री मौन हैं। वहां के मुख्यमंत्री भी इस मामले में फिसड्डी साबित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री उन्हें हटाने की बजाय उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि यह जनता की आवाज है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उनके सवालों का जवाब दें। पिछले एक वर्ष में अमित शाह दर्जनों बार झारखंड आ चुके हैं लेकिन मणिपुर जो वर्षा से जल रहा है हत्याएं, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है लेकिन गृह मंत्री को वहां जाने का वक्त नहीं मिल रहा है। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि यदि अडानी को बचाने मोदी जी निकलेंगे तो जनता उन्हें गाड़ी से उतार देगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में हमें खुद को मजबूत करना है। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यदि कोई राजनीतिक दल या व्यक्ति भीमराव अंबेडकर का अपमान करता है तो यह एक व्यक्ति का अपमान नहीं पूरे हिंदुस्तान का अपमान है।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कोई बिचौलिया नहीं आये, यह सुनिश्चित करें : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची.** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय ओरमांझी का औचक निरीक्षण किया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच कि गई.उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत- निर्गत पंजी, रोकड पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा।



उपायुक्त ने पूरे प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कराने का निर्देश दिये। उपायुक्त द्वारा कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमांझी को कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कोई बिचौलिया नही आए यह सुनिश्चित करें। अगर सम्बंधित प्रखंड से किसी प्रकार कि शिकायत प्राप्त होती हैं, तो त्वरित कार्रवाई कि जाएगी। आमजनों कि विभिन्न जगहों से मिल रही शिकायत पर उपायुक्त रांची काफी गंभीरता से सभी शिकायतों को ले रहें हैं। जिसको लेकर वे अचानक से अंचल और प्रखंडो का औचक निरीक्षण कर रहें हैं। उसी कड़ी में आज वे ओरमांझी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे। किसी भी आम नागरिकों को किसी परिस्थिति में सरकारी कार्यालयों का चक्कर नही काटना पड़े ये सभी पदाधिकारी सुनिश्चित करें। आम नागरिक को काम करवाने के लिए किसी प्रकार कि देन-लेन कि शिकायत मिलने पर निश्चित रूप से कार्रवाई कि जाएगी।

## बेथेसदा महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** क्रिसमस गैदरोग समारोह बेथेसदा महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिवार द्वारा कॉलेज परिसर में मनाया गया । कार्यक्रम का प्रारम्भ साक्षीवाणी गीत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राइट रेव्ह मार्शल केरकेट्टा द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य अतिथि ने मानव जीवन प्रेम, सदभावना तथा आपसी भाईचारा से रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा नृत्य तथा नेटिविटी प्ले का मंचन किया



गया। बी.एड. तथा एम0 एड0 के विद्यार्थियों के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में मोडरेटर राइट रेण्ह. मार्शल केरकेट्टा संकरेटरी डा. वीणा तिरु प्रोफेसर इन-चार्ज डॉ दीपशिखा बाखला, अन्य गनमान्य अतिथि. शिक्षक-शिक्षिका तथा छात्राएँ उपस्थित थे ।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, गुरूवार, 19 दिसंबर 2024 | पेज 4


## बुंडू एसडीएम ने तमाड़ शिक्षण संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में आज बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी सह दंडाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने औचक निरीक्षण किया।सबसे पहले एसडीएम लगभग 11.15 मिनट में सलगाड़ीह स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (तमाड़) पहुंचे इस दौरान एसडीएम ने बारी-बारी से शिक्षकों कर्मचारीयों और छात्राओं की उपस्थिति पंजिका देखी फिर रसोई का निरीक्षण किया जहां मेन्यू के आधार पर नाश्ता/भोजन को तैयार पाया इस बाबत छात्राओं से भी उन्होंने पूछताछ की साथ ही कक्षाओं में छात्राओं से सिलेबस और घंटी के आधार विषयवार पढ़ाई को लेकर बात की,बाथरूम सहित पुरे विधालय परिसर की साफ सफाई



देखा और विधालय प्रबंधन से एसडीएम संतुष्ट दिखे। मौके पर कार्यवाहक वार्डन अनास्तासिया लुगुन,शिक्षिका अनुराधा कुमारी, शिल्पी कुमारी, करुणा कुमारी,सायरा खातून वैजयंती कुमारी,किचन हेड रागिनी श्रीवास्तव,गार्ड शबनम टोपनो,सबिता कुमारी होमगार्ड नलिता देवी,रेखा कुमारी गार्ड हरीश शांडिल्य मौजूद थे।इसके पश्चात लगभग 12.45 बजे आंगनबाड़ी नर्सरी केंद्र रड़गांव 1 पहुंचे मौके पर सेविका रुखशाना खातून अनुपस्थित पाई गई जबकि मौके पर मौजूद सहायिका यास्मीन परवीन से एसडीएम के द्वारा उपस्थिति पंजी,भंडार पंजी, टीकाकरण पंजी,बालबाड़ी पंजी,सर्वे पंजी सहित पोषाहार पंजी की मांग की गई तो सहायिका इन सारी पंजीयों को दिखाने में असमर्थ दिखी मौके पर एसडीएम ने सहायिका को चेतावनी देते कहा कि ये पहली गलती पाई गई है कार्यशैली पर सुधार करें अन्यथा सख्त कारवाई की जाएगी इधर सेविका रुखशाना खातून से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी और वो डॉक्टर के पास बुंडू चली गई और हड़बड़ी में आंगनबाड़ी की सभी पंजिका अपने पास ही रख ली थी।इसके बाद लगभग 1.30 बजे एसडीएम राजकीय मध्य विद्यालय रड़गांव पहुंचे जहां छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति साथ ही मेन्यू आधारित मध्यान भोजन की व्यवस्था,पठन-पाठन,विद्यालय की साफ सफाई से संतुष्ट दिखे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक करीम आलम शिक्षक मोहम्मद फिरोज,वीरेंद्र महतो,नीतू मारियाना टोप्पो आदि मौजूद थे।

## टंडवा थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** चतरा उपायुक्त रमेश घोलप और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर टंडवा थाना परिसर में टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में काफी संख्या में टंडवा एंव पिपरवार थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो के ग्रामीण शामिल हुए।इस दौरान विभिन्न गांव से आए हुए ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्या को प्रमुखता के साथ रखा,जिसमें समस्या सुनने के बाद मौके पर ही कई मामलों का निष्पादन किया गया।कार्यक्रम में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने भुमि विवाद, पारिवारिक विवाद सहित कई मामलों का निष्पादन किया।वही प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को कई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दी गई।कार्यक्रम में डायन बिसाही,दहेज प्रथा, नशापन,बाल विवाह जैसे अन्य अपराधों पर बनाए गए कानून की जानकारी दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित होता है,साथ ही आम जनता की समस्याओं का समाधान किया जाता है।कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को कानूनी जानकारी देखकर उन्हें जागरूक करने का काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह का आयोजन टंडवा और पिपरवार थाना में आगे भी जारी रहेगा।इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ देवलाल उरांव, टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा,टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,कासिम उर्फ मुन्ना,शिवशंकर साव,अरूण उंराव सहित टंडवा और पिपरवार थाना के पुलिस पदाधिकारी व कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## अभिभावक दिवस का किया गया आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्मेल स्कूल , सामलोंग में अभिभावक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें किन्डरगार्टन की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेव्ह. फादर दीपक टोप्पो एस.जे. थे। साथ ही स्कूल प्रबंधक सिस्टर ज़ीना क्रास्टा , प्रधानाचार्या सिस्टर रश्मिता , सिस्टर अनिता नोर्बट, सिस्टर सृष्टि, सिस्टर असुम्पता, शिक्षकवृंद एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रार्थना एवं मंगल नृत्य के द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रधानाचार्या ने स्वागत भाषण देते हुए मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की और विद्यालय पर विश्वास दिखाने और सहयोग करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की सफलता पर के.जी. की शिक्षिकाओं को बधाईयाँ दी। मुख्य अतिथि रेव्ह. फादर दीपक टोप्पो ने विद्यालय प्रबंधन को उनकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु उन्हें बधाई देते हुए अभिभावकों से मुख्यतः तीन बातें कहीं कि वे अपने बच्चों के बेस्ट फ्रेंड बने , सफलता हो या असफलता हर परिस्थिति में वे उनके साथ रहे और अपना समय एवं ऊर्जा बच्चों के चरित्र निर्माण में लगाएँ क्योंकि वे ईश्वर के अनमोल वरदान और हमारे उज्जवल भविष्य हैं। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य , कार्टून गीत , दाँतों की सुरक्षा , डांडियाँ, खुशियाँ बटोर लो , योगा नृत्य एवं झारखंडी नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। क्रिसमस एवं नए साल की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## दिल्ली में मेडल जीत सिल्ली पहुंचने पर जोरदार स्वागत



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली में आयोजित 68 वी नेशनल स्कूल वूशु प्रतियोगिता में झारखंड के सिल्ली वूशु एकेडमी ने झारखंड को दो पदक जीते।कोच वाहिद अली ने जानकारी देते हुए बताया कि ये प्रतियोगिता पिछले 10 से 15 दिसंबर दिल्ली के प्रयागराज स्टेडियम में आयोजित की गई थीं।जिसमें बिरसा मुंडा वूशु सेंटर सिल्ली की रेणु ने ब्रांच मेडल और शाहिद दिलीप बेदिया वूशु सेंटर बनुवाडीह सिल्ली की रीता कुमारी ने सिल्वर मेडल जीतकर सिल्ली का और अपने राज्य का नाम रोशन किया।बुधवार को सिल्ली पहुंचने पर ग्रामीणों ने गाजा बाजा तथा फूलमाला साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम सिल्ली और रामपुर के दोनो सेंटर के खिलाड़ी उपस्थित थे। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर सेंटर के संरक्षक सह सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो हाकेदाग पंचायत के मुखिया हरिपद मांझी ,पंचायत समिति लखीचरन बेदिया,मनोज भोगता ,त्रिलोचन बेदिया ,वार्ड सदस्य सोहन बेदिया आदि ने बधाई दी है।

## दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड बनाने को ले शिविर आयोजित

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के पहल से बुधवार से जिले में तीन दिवसीय दिव्यांग मेगा शिविर का आयोजन शुरू हो गया। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी दिव्यांग यूडीआईडी कार्ड बनाने से नहीं चूकेंगे। आप सभी जनप्रतिनिधि इसका विशेष ख्याल रखें। महेशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ी है। महेशपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उपायुक्त के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने से भविष्य में इसका लाभ दिव्यांगजनों को मिल सकेगा।

## आउटरीच कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में नब्बे दिवसीय चलने वाली विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत टीम सदस्यों द्वारा सभी पीएलवी अपने अपने क्षेत्रों में विधिक जागरूकता अभियान चलाया। इसी क्रम में पीएलवी कमला राय गांगुली व नीरज कुमार राउत ने सदर अस्पताल सोनाजोड़ी पाकुड़ में वृद्ध, बीमार गरीब लोगों के बीच चिन्हित कर दर्जनों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान वृद्ध आश्रम में भी पहुंच कर उनके बीच दर्जनों कंबल, फल का वितरण किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाले मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में विधिक जानकारी दी गई। मौके पर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स एवं समाजिक कार्यकर्ता सेवानिवृत्त साधना दत्ता, शिवेंदु दत्ता, अलीभा दत्ता, खोखन विश्वास भी मौजूद थे।

## जशपुरिया बी.एड. कॉलेज में क्रिसमस गेदरिंग का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** जशपुरिया बी.एड. कॉलेज, बीसा में आज क्रिसमस गेदरिंग का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जशपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने केक काटकर किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में क्रिसमस के संदेश ÷प्रेम, शांति और भाईचारे÷ को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि, ÷क्रिसमस हमें समर्पण, सेवा और मानवता के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देता है।निदेशक डॉ. शालिनी



प्रिया ने क्रिसमस को एकता और सहयोग का प्रतीक बताते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक समरसता में योगदान देने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर उपस्थित प्रभात खबर के पत्रकार श्री जितेंद्र साहू ने कहा, ÷जशपुरिया बी.एड. कॉलेज का यह आयोजन युवाओं के सांस्कृतिक और नैतिक विकास को बढ़ावा देता है। इस प्रकार के आयोजन हमारे समाज में सद्भाव और उत्सवधर्मिता का संचार करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु आशा और तपेश्वर ने कुशलतापूर्वक किया। प्रशिक्षुओं ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो क्रिसमस की भावना को जीवंत करते हुए सभी का मन मोह गए। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर प्रभा हेनरी, सरिता कुमारी, साजिब कुमार, रीमा उपासना कच्छप, गीता महाराज और रंचन कुमारी सहित सभी फैकल्टी और प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और क्रिसमस शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## कांग्रेस पार्टी के राजभवन घेराव में शामिल हुई महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया सह झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह बुधवार को कांग्रेस प्रदेश कमेटी के द्वारा आहूत राजभवन घेराव कार्यक्रम में शामिल हुई।जानकारी के अनुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के नेतृत्व में आहुत हजारों राजभवन घेराव कार्यक्रम मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में हजारों महिला समर्थक शामिल हुई।इस दौरान पीएम मोदी इस्तीफा दो,अडानी-मोदी भाई भाई नारे के साथ कांग्रेस का रांची में राजभवन मार्च हुआ।इस संबंध में गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि अडानी और उनके सहयोगियों द्वारा देश में किए जा रहे भ्रष्टाचार,मणिपुर हिंसा पर चुप्पी,देश में व्याप्त अराजकता को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रांची मे राजभवन मार्च किया।रांची के फिरायालाल चौक के शहीद स्मारक से राजभवन तक मार्च किया गया।हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ साथ आम लोगों ने भी राजभवन मार्च में शिरकत किया।इस दौरान कांग्रेस के झंडों से पूरा शहर कांग्रेसमय हो गया।कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मोदी सरकार होश में आओ, अडानी मोदी भाई भाई,देश के संसाधनों को बेचना बंद करो के नारों से शहर गूंज उठा।उसके बाद कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता राजभवन पहुंचे।कार्यक्रम में कांग्रेस के नेताओं ने अडानी मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई से कराने,सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना बंद करो, प्रधानमंत्री इस्तीफा दो,योगी सरकार होश में आओ, प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर मुद्दे पर चुप्पी तोड़ें जैसे नारे लगाए।कार्यक्रम में अडानी अंबानी की गुलामी करना बंद करो,लोकतंत्र की हत्या करना बंद करो,देश की संस्थाओं को अडानी अंबानी को बेचना बंद करो, संसद में अदानी पर चर्चा की दूरी आखिर क्या है मोदी की मजबूरी जैसे नारे भी लगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की अराजक स्थिति के लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेवार हैं।अडानी मामले में पीएम की चुप्पी, संसद में अडानी पर बहस से इनकार करना,मणिपुर मुद्दे पर चुप्पी जैसे ज्वलंत मुद्दे हैं।लेकिन केंद्र सरकार सभी संवैधानिक संस्थाओं को अडानी के हाथों बेच रही है।इस मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफा की भी मांग की है।

## जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान पर जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली स्टेडियम परिसर में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान पर जागरूकता रैली निकाली गई गया। जे एस एल पी एस प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक अमिता राहिल टूटी ने बताया कि इस वर्ष चेतना अभियान का नारा ÷एक साथ एक आवाज़, हिंसा के खि़लाफ़÷ इस हिंसा से समाज के दुष्परिणाम एवं अभिशाप का रूप ले रही है। इसमें महिला एवं पुरूष दोनों को जागरूक होना जरूरी है।यह कार्यक्रम 25 नवम्बर से 23 दिसम्बर 2024 तक सभी प्रखंडों के पंचायत स्तर तक जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ नई चेतना कार जीविका की दीदियों द्वारा महिलाओं




को उनके अधिकार एवं महिलाओं पर होने वाले हिंसा, शोषण, मानसिक तथा शारीरिक प्रताड़ना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उपस्थित लोगों द्वारा जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्टीय अभियान के अवसर पर रैली, शपथ ग्रहण तथा नारा भी लगाया गया। इस मौके पर गंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी, सिल्ली राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, पंचायत समिति सदस्य ज्योति बड़ाइक,रामस्वरूप मंडल, मो चांद हुसैन, रिकु महतो, दीपक कुमार महतो, नलिनी देवी रीता देवी,चंचला भोक्ता, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## धोती साड़ी का वितरण जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** बुधवार को घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय सभागार में जन वितरण दुकानदारों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें नव पदास्थापित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सन्तोष कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि 25 दिसम्बर तक लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण पूर्ण करें। आपूर्ति पदाधिकारी ने नवम्बर माह में किये गए चावल व गेंहू वितरण की डीलरवार समीक्षा की। इसके अलावे ग्रीन कार्ड , चीनी , दाल , नमक व धोती साड़ी वितरण की स्थिति को देखा। इसमे 90 प्रतिशत से कम वितरण करने वाले डीलरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करें। राशन वितरण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। राशन वितरण कार्य माह के अंतिम तिथि तक अवश्य करे। वितरण तिथि विस्तार की आशा में न रहे। लाभुकों की आधार व मोबाइल सीडिंग ई पोस मशीन से करे ।ई केवाईसी को लेकर कहा कि सर्वर की समस्याओं के कारण कार्य मे काफी विलम्ब हो रही है। वृद्ध व बच्चो की ई केवाईसी में भी काफी समस्याएं आ रही है। इसको लेकर आई स्केनर की माध्यम से केवाईसी कराने की व्यवस्था जल्द ही कराई जाएगी। इसमे सभी लाभुकों का केवाईसी कराना है। लाभुकों को इसमे हड़बड़ाना नही है। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय वितरण की गई गेंहू की बकाया कमीशन की भुगतान को लेकर प्रयास की जा रही है।वही ग्रीन कार्ड राशन व एनएफए कमीशन राशि की भुगतान भी जल्द कराई जाएगी। माहवार लोगिन को लेकर डीलरों को निर्देश दिया कि माह में 10 दिन मशीन को अवश्य खोले। पीडीएस दुकानों के बाहर सूचनापट्ट व आवंटन - वितरण बोर्ड अवश्य रहना आवश्यक है। इस अवसर पर डीलर मीता दास , कलाम अंसारी , नारायण भगत , पवन साहा आदि उपस्थित थे।

## वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत

**लिट्टीपाड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा-हिरणपुर मुख्य सड़क नवाडीह के समीप मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई । जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोनाजोडी गांव निवासी शिवचरण मुर्मू 33 अपने मोटरसाइकिल से कुटलो विद्यालय के हॉस्टल में रह रहे अपने बच्चे से मुलाकात घर वापस लौट रहा था.नवाडीह के समीप किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गया। पुलिस के रात्रि गस्ती दल द्वारा उठाकर उसे हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया अज्ञात वाहन की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत हो गया है। शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया गया है।बमामले की जांच किया जा रहा है।

## राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजैन में नये शिक्षक का किया गया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजैन में नये शिक्षक केदार साहु के आगमन पर बिजैन गांव के नव युवको द्वारा स्वागत किया गया।इस दौरान ग्राम बिजैन के नव युवको ने फूलों का गुलदस्ता देकर नए शिक्षक के योगदान देने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजैन में नये शिक्षक केदार साहु के योगदान देने से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।स्कूल में शिक्षक के योगदान देने से बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे और उन्हें बेहतर शिक्षा प्राप्त



करने में आसानी होगी।वक्ताओं ने कहा कि स्कूल में शिक्षक की कमी होने से बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानी होती है,ऐसे मे नए शिक्षक के योगदान से जहां एक और बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त होगी।वहीं अन्य शिक्षकों को भी सहयोग मिलेगा।वहीं नए शिक्षक केदार साहू ने भी बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।साथ ही स्कूल के बेहतर संचालन के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की।इस मौके पर समाजसेवी रथू गंझु,राहुल राम,विद्यालय प्रबधं समिति के अध्यक्ष छकू राम, कौशल्या देवी,अनिल मुंडा, नकुल गंझू,दिनेश राम, विजय राम,संतोष राम, दिनेश मुंडा,सनी गंझू, आशीष गंझू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शेख भिखारी मेमोरियल सोसाईटी पिपरवार एनके ने मनाया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार/खलारी :** शेख भिखारी मेमोरियल सोसाईटी पिपरवार एनके के तत्वावधान में डकरा स्थित वीआइपी सभागार में इकबाल हुसैन की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डकरा कालेज के प्रोफेसर अशोक कुमार मुखर्जी और विशिष्ट अतिथि मे एनके एरिया के नये जीएम डीके गुप्ता उपस्थित थे।आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर चर्चा की।वहीं मौके पर उपस्थित इकबाल हुसैन ने बताया कि अल्पसंख्यक अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं है,जिससे अल्पसंख्यक का शोषण एवं उनके अधिकारों से वंचित किया जा



रहा हैं।इसलिए हम अल्पसंख्यकों को अपने अधिकार की रक्षा और उनके प्रति समाजिक दृष्टिकोण को सकारात्मक बनाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जा रहा है ताकि अल्पसंख्यक एक होकर जागरुक बनें और आपसी भाईचारा बनाने मे सहयोग करे।वहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डकरा कालेज के प्रोफेसर अशोक कुमार मुखर्जी देश के भीतर धार्मिक,जातीय, नस्लीय और भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया।उन्होने कहा कि 18 दिसंबर 1992 में संयुक्त राष्ट्र के घोषणा के पाश्चात्यत 1992 नेशनल कमीशन फार माइनिरिटी एक्ट लागू किया गया,जिसके अनुच्छेद 29 और 30 में अल्पसंख्यको के अधिकार पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई,जिसे जानने और समझने की जरूरत है। वहीं उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा पर विशेष रूप से बल दिया।इस मौके पर तौहीद अंसारी,मोहम्मद सुल्तान,मोहम्मद असलम रिजवी,सलामत अंसारी, इस्लाम अंसारी,मुबारक अंसारी,अमजद खान,हैदर खान,अख्तर खान,सरफराज खान,जैनुल ख़ान,जैनुल आबेदीन,अब्दुल मजीद, मुस्ताक अहमद,जिशान अहमद,कलीम रिजवी, मोहम्मद बशीर,मोहम्मद हुसैन सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।इस बैठक में शहीद शेख भिखारी एंव टिकैत उमराव सिंह का 8 जनवरी को शहादत दिवस बनाने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम का संचालन इस्लाम अंसारी के द्वारा किया गया।

# जमशेदपुर में पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के करीबी आलोक भगत की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर-3 के रहनेवाले और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के करीबी आलोक भगत उर्फ मुन्ना की हत्या कर दी गयी. बाइक सवार अपराधियों ने घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर उन्हें गोली मार कर दी. आलोक के सीने में चार गोली लगी है. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. सूचना मिलने के बाद आलोक के भाई मनोज भगत और उनके परिवार के कई लोग मौके पर पहुंचे और आलोक को टीएमएच लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक के भाई मनोज ने छोटू बच्चा, मोहित और उसके अन्य साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है.



मृतक आलोक के भाई मनोज भगत ने बताया कि उनका भाई हर रोज पूजा करने के लिए फूल लाने कदमा बाजार जाता था. बुधवार को भी वह अपनी बुलेट (बिना नंबर वाली) से कदमा बाजार से पूजा का फूल और दूध लेकर अपने घर लौट रहा था. उसी दौरान घर के पास स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास छोटू बच्चा और मोहित रेकी कर रहे थे. आलोक को बाइक पर आता देख बाइक पर सवार छोटू बच्चा और मोहित अचानक ने आलोक को आवाज देकर रोका. आलोक ने जैसे ही गाड़ी रोकी, छोटू बच्चा ने उन पर गोली चला दी और फरार हो गए.

वारदात की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी मुख्यालय-2 समेत कई पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने मौके से खोखा और आलोक की बुलेट बरामद की. घटना की छानबीन को लेकर जोनल आईजी अखिलेश झा, एसएसपी कौशल किशोर समेत कई पुलिस पदाधिकारियों ने आलोक के परिजनों से पूछताछ की. देर शाम पूर्व स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता भी आलोक के घर पहुंचे और उनके परिजनों से बात की. आलोक के परिजनों ने बताया कि चार नवंबर को काली पूजा विसर्जन के दौरान आलोक का मनोज के साथ विवाद हुआ था. उसके बाद उसके भाई मनोज भगत के बयान पर कदमा थाने में मामला दर्ज कराया गया था. मनोज भगत ने शिकायत की थी कि काली पूजा विसर्जन के दौरान छोटू बच्चा, आकाश सिंह, नरेश सिंह समेत 10-15 लोगों ने घेर कर मारपीट की थी.

## सरयू राय पोषित अपराधियों ने की कांग्रेस कार्यकर्ता आलोक भगत की हत्या : बन्ना गुप्ता

कांग्रेस कार्यकर्त्ता आलोक भगत ऊर्फ मुन्ना की दिन दहाड़े हत्या पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा, चुनाव के दौरान गला फाड़ कर भय और अपराध मुक्त जमशेदपुर बनाने का झूठा प्रचार करने वाले विधायक और झूठ के सौदागर सरयू राय पोषित अपराधियों ने कांग्रेस कार्यकर्त्ता आलोक भगत ऊर्फ मुन्ना की दिन दहाड़े हत्या की हैं, इस संबंध में यदि त्वरित कार्यवाई नहीं हुई और अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो डीजीपी और मुख्यमंत्री से मिलेंगे, यह एक राजनीतिक हत्या हैं, कई कांग्रेस के साथियों को भी धमकी मिल रही हैं, यदि पुलिस किसी के दवाब में कार्य करती हैं तो इसको लेकर आंदोलन किया जायेगा!

## बन्ना के संरक्षण में चल रहे आपराधिक गिरोह आपस में ही भिड़ने लगे : सरयू राय

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि बन्ना गुप्ता के संरक्षण में चल रहे आपराधिक गिरोह अब आपस में ही लड़ने लगे हैं। शास्त्री नगर के आलोक भगत की हत्या बन्ना समर्थित आपराधिक गिरोहों की परपस्पर प्रतिद्वंदिता का ही परिणाम है। सत्ता का दबाव हटते ही बन्ना गुप्ता के संरक्षण में चल रहे गिरोह आपस में ही भिड़ने लगे हैं। जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि जिन लोगों को हथियार बना कर बन्ना गुप्ता ने पिछले पांच वर्षों में जमशेदपुर में भय और आतंक का साम्राज्य खड़ा किया था, वे अब खुद भयभीत और आतंकित हैं। उनका यह भय और आतंक कहीं बाहर से नहीं बल्कि एक ही थैली के चट्टे-बट्टों का आपसी संघर्ष है। पुलिस इसकी छानबीन करे और बन्ना गुप्ता द्वारा पिछले पांच वर्षों में कायम किये गये भय और आतंक के माहौल का पर्दाफाश करे। उनके संरक्षण में चल रहे गिरोहों की परस्पर प्रतिस्पर्धा पर पुलिस नजर रखे। श्री राय ने कहा कि खुफिया विभाग जरूरी दस्तावेज जुटाये ताकि आगे ऐसी घटनाएं ना हों। उन्हें उम्मीद है कि जमशेदपुर पुलिस इस घटना का पर्दाफाश करेगी और इस मामले की तह तक जाएगी।

## डुमरिया भाजपा की बैठक में सदस्यता अभियान को सफल बनाने पर हुई चर्चा



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरिया प्रखंड भाजपा कमेटी द्वारा बुधवार को भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष किशोर गिरी के अध्यक्षता मे आयोजित इस बैठक मे प्रखंड प्रभारी रंगलाल महतो उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पुरे प्रदेश मे भाजपा 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान शुरू कर रही है। उस दिन सभी शक्ति केंद्रों मे 250 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उसी प्रकार 23 एवं 24 नवंबर को सभी बूथों मे सदस्यता अभियान प्रारंभ करनी होगी। उन्होंने कहा कि 1 से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता अभियान भी पूर्ण करना है। बैठक मे पार्टी संगठन को लेकर भी चर्चा किया गया। बैठक का संचालन दुखु सामाद ने किया। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत पानी, सुखेंदु विकास पानी, आशुतोष पंडा, सुनिल साव, अमित दास, मोहन कर्मकार, संबरन पात्र, कमलेश साव, सुभाष गिरी, आनंद नायक, प्रकाश नायक, राम महतो आदि उपस्थित थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नवोत्सव सप्ताह के क्रम में गम्हरिया स्थित नव ज्योति विद्या मंदिर जगन्नाथपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एक से नौवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थित अतिथि इप्टा के संस्थापक परमानंद मोदी ने कहा कि विज्ञान को एक कठिन विषय माना जाता था, लेकिन विद्यार्थियों ने इसे गलत साबित कर दिया। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में डॉ मानव प्लाजा, नथुनी, एके अहिवाल, मिथिलेश सिंह, डी0 सत्यनारायण आदि मौजूद थे। इस दौरान बच्चों द्वारा स्वनिर्मित हैंड मिसाइल, अनंत दर्पण, पेरिस्कोप, एसिड रेन, ग्रहण सहित कुल 40 मॉडलों का प्रदर्शन किया गया जिसका अवलोकन कर अतिथियों ने काफी सराहना की। इस मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि नव ज्योति विद्या मंदिर बच्चों के समग्र विकास में विश्वास रखता है, जिसके लिए प्रत्येक विद्यार्थी को वैदिक ज्ञान, वैज्ञानिक ज्ञान, सह-पाठ्यचर्या ज्ञान के साथ-साथ शैक्षणिक ज्ञान भी प्रदान किया जाता है। जिसे विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बखूबी प्रदर्शित किया गया है।

## केरल कैथोलिक के लोग घर-घर जाकर, कैरोल गीत गाकर, कर रहें हैं ईसा मसीह के आगमन की घोषणा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरल कैथोलिक एसोसिएशन (केसीए) के सदस्य एकत्रित होकर घर-घर जाकर मलयालम कैरोल गीत गाकर ईसा मसीह के आगमन की घोषणा कर रहे हैं। इस अवसर पर सदस्यों ने सांता क्लॉज़ की पोशाक पहनकर और वे ढोल और तुरही के साथ अलग-अलग घरों में जा रहे है और शिशु ईसा मसीह के आगमन की घोषणा कर रहे है। इस मौके पर ए.एल. अब्राहम (अध्यक्ष) और प्रीति जीजू (सचिव) ने सभी सदस्यों को बधाई दी। बता दे कि क्रिसमस को दुनिया में ईसा मसीह के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है और यह जीवन के महत्व का प्रतीक है। उनका जन्म एक ऐसी दुनिया में हुआ था, जो केवल लालच, घृणा, प्रतिशोध और पाखंड को जानती थी। इसको लेकर केरल कैथोलिक एसोसिएशन के सदस्यों ने 1 महीने पहले ही इसकी तैयारी में जुट गए थे। अध्यक्ष और सचिव ने सभी सदस्यों को इस कैरोल गायन के लिए बधाई दी और हर साल इस विरासत को आगे बढ़ाते रहे।

## बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच का डहरे टुसू कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डहरे टुसू कार्यक्रम का आयोजन बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा 5 जनवरी को डिमना से साकची आमबगान तक किया जा रहा है। इसके लिए बुधवार को वृहद झारखंड के अगुआ अजित प्रसाद महतो को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। अजित महतो ने कहा कि हमलोग पुरुलिया से हजारों संस्कृति प्रेमी लोग 5 जनवरी को डहरे टुसू में पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम झारखंड की समृद्ध संस्कृति और कला को प्रदर्शित करने का एक अवसर होगा। डहरे टुसू झारखंड का एक महत्वपूर्ण लोक त्योहार है, जो फसल कटाई के अवसर पर मनाया जाता है। यह त्योहार झारखंड की संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित करता है। मौके पर दिलीप कडुआर, चन्दन महतो, देबाशीष महतो, मंटू महतो, बिरसा महतो, केशव महतो, प्रहलाद महतो व दीपक रंजीत उपस्थित थे।

## कपिल देव ने अपनी पुस्तक वी द सिख्स का विमोचन जमशेदपुर में करने की इच्छा जताई

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** क्रिकेट लीजेंड कपिल देव ने सिख समुदाय को समर्पित अपनी पुस्तक वी द सिख्स का विमोचन जमशेदपुर में करने की इच्छा जताई है. जमशेदपुर के पत्रकार परविन्दर भाटिया से एक विशेष मुलाकात में उन्होंने कहा कि वह जमशेदपुर के लोगों से मिले प्यार से उत्साहित हैं और वह चाहते हैं कि जमशेदपुर में उनकी पुस्तक का विमोचन किया जाए. भेंट के दौरान उन्होंने विशेष रूप से जानकारी प्राप्त की कि जमशेदपुर में सिखों जनसंख्या कितनी है. पहले चरण में वह पुस्तकों की एक हज़ार प्रतियां भेजेंगे और खुद जमशेदपुर में आ कर पुस्तक का विमोचन करेंगे। कपिल कॉफी-टेबल बुक, सिख समुदाय का सटीक इतिहास देती है और इसमें दुनिया भर के 100 गुरुद्वारों की पहले कभी न देखी गई तस्वीरें और मूल पेंटिंग शामिल हैं। इसे तीन खंडों में विभाजित किया गया है - गुरु, इतिहास और कलाकृतियाँ और गुरुद्वारे। पुस्तक दुनिया की भलाई के लिए सिख समुदाय द्वारा की गई हर बड़ी घटना और बलिदान का विवरण देती है.

## डीडीसी ने किया मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक, ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खरसावां :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को जिला के उप विकास आयुक्त प्रभात बरदियार के अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा से चल रही योजनाओं जैसे आम बागवानी योजना बिरसा सिंचाई कूप की योजना के बारे में पंचायतवार निरीक्षण किया गया। साथ ही गांव के लोगों को मनरेगा की योजनाओं से जोड़कर रोजगार उपलब्ध करने पर जोर दिया गया। वैसे योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया गया। जिससे लोगों को लाभ पहुंचे। बैठक में रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन आधार बेस पेमेंट एनआरएम के मामलों की रिव्यू कर स्थिति में सुधार करने साथ ही पूर्व से संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं लंबित मामला को पूरा करने साथ ही पुरानी योजनाओं को अभिलंब बंद कर शुन्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त प्रभात बरदियार, सहायक परियोजना पदाधिकारी सरिता, ओडिया बीडीओ साधुचरण देवगम, बीपीओ कुंदन बाजपेई, कनिय अभियंता मनोज सोय, कमल रजक आदि मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## पेबर्स ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितताओं का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गम्हरिया :** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत अंतर्गत वार्ड एक में चल रहे पेबर्स ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य में कई अनियमितताओं का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाभुक समिति का बोर्ड लगाए बिना सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जबकि पंचायतों में किसी भी विकास कार्य को वार्ड सभा में चयनित लाभुकों के द्वारा ही किए जाने का प्रावधान है। इस बाबत उंक्त वार्ड के वार्ड सदस्य गीता टुडू से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उन्हें केवल यह जानकारी है कि सड़क बन रही है। लेकिन कौन लाभुक समिति काम कर रही है, कितने राशि की योजना है, इसका उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण में सामग्री के उपयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में कोयले का डस्ट (स्लैग) डालकर पेबर्स ब्लॉक लगाया जा रहा है। उसमें क्रेशर डस्ट का उपयोग भी सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। इससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है। इसी प्रकार,पंचायत सचिवालय के पास भी पेबर्स ब्लॉक लगाया गया है, लेकिन वहां भी लाभुक समिति का कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक निगरानी की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह मामला पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में हो रही लापरवाही और जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी को उजागर करता है। ग्रामीणों ने गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारियों से इस मामले में अविलंब हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य की जांच और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग किया है।

## गांधी आश्रम में अग्रवाल सम्मेलन ने बांटा भोजन व फल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नर सेवा नारायण सेवा समर्पण के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा बुधवार को बाराद्धारी स्थित गांधी आश्रम मे कुष्ठ मरीजो के बीच भोजन और फल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री राजेश रिंगसिया, कोषाध्यक्ष सीए मुकुंद केडिया अभिभावक श्रवण देबुका, भोला चौधरी, पंकज छावछरीया, मनोज पलसनिया समेत नारी शक्ति मे उमा चेतानी, श्री चौधरी, रिचा चौधरी, मीना शाह, नेहा अग्रवाल आदि उपस्थित रही।

## त्रुटिपूर्ण भू- अभिलेखों का सुधार करने की मांग पर ग्राम प्रधान संघ ने सौंपा उपायुक्त के नाम ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** ग्राम प्रधान संघ पटमदा के अध्यक्ष बृंदावन दास व सचिव मृत्युंजय महतो के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने जिले के उपायुक्त के नाम एक पत्र डाक के माध्यम से भेजकर रैयतों का भू-अभिलेख संबंधी सारे अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण करने की मांग की है। इस संबंध में बृंदावन दास ने बताया कि अपूर्ण तथा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि के फलस्वरूप ऑनलाइन अद्यतन लगान भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिससे पटमदा क्षेत्र के रैयत किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पंजी -1 तथा पंजी -2 में कहीं खाता नंबर तो कहीं प्लॉट नंबर गलत दर्ज है। कहीं मूल रैयत का नाम गलत तो कहीं पिता या पति का नाम गलत है। पंजी- 2 में सब कुछ ठीक है लेकिन रेंट ऑप्सन अप्राप्त है। पिछला भुगतान जो पंजी -2 में दर्ज है वह कम्प्यूटर में दर्ज नहीं है। जिसके कारण लगान बकाया अधिक दिख रहा है। इस प्रकार अन्य कई त्रुटियां पाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जो आवेदन के माध्यम से सुधार करने की व्यवस्था है वह बहुत ही दयनीय एवं चिंताजनक है। ज्ञापन में ग्राम प्रधान बगला किंकर मिश्रा, सुभाष चंद्र सिंह, लगमनी सोरेन, मदन चंद्र महतो, बुचेन लाया, परीक्षित महतो, खगेंद्र नाथ सिंह, महेंद्र सिंह, उमेश सिंह आदि के हस्ताक्षर शामिल हैं।

## बांगजाता माइंस के मजदूरों का आंदोलन तीसरे दिन भी रहा जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मुसाबनी :** मुसाबनी के बागजांता माइंस रेंज समूह के मजदूरों का कार्य प्रारंभ के मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन बंदी तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। मजदूरों के आंदोलन के कारण तीसरे दिन भी बागजाता माइंस में कार्य करने के लिए एक भी मजदूर माइंस में नहीं जा पाया। रेंज समूह के मजदूरों को विगत 9 महीनों से कार्य बंद होने से उनके पारिवारिक हालात पर माइंस के अन्य मजदूर भी चिंता जाहिर करते हुए यूसिल प्रबंधक को ही दोषी ठहराया जा रहा है। यूसिल प्रबंधन की ओर से अभी तक आंदोलन को समाप्त करने के लिए किसी तरह का पहल नहीं किया गया है। बुधवार को यूसिल प्रबंधन के द्वारा आंदोलनकारी मजदूरों से बात कर आवश्यक सेवा बहाल करने के लिए अनुमति मांगी गई। मजदूरों ने आवश्यक सेवा बहाल करने के लिए इमरजेंसी ड्यूटी करने वाले मजदूरों को बागजांता माइंस तक जाने के लिए अनुमति दी। इसके उपरांत बुधवार को बागजांता माइंस में आवश्यक कार्य चालू हुआ। बुधवार को आंदोलनकारी मजदूरों से मिलने जाम स्थल पर जिप प्रतिनिधी सह पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू पहुंचे और आंदोलन से संबंधित प्रगति रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए मजदूरों के आंदोलन को समर्थन की घोषणा की। उन्होंने मजदूरों के आंदोलन में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर प्रभात हांसदा, सुभाष माहली, जगन्नाथ भकत, मुचीराम भकत, भादो राम हांसदा, दुर्योधन कैबर्त, सुजन मार्डी, कृष्ण हांसदा, रूई दास कैबर्त, सुजीत पातर, निवारण कैबर्त आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील ग्रुप व पीजीटीआई टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप बेल्डीह-गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आज से

### - 3 करोड़ रुपये की इनामी राशि के साथ होगा रोमांचक मुकाबला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ग्रुप और पीजीटीआई 19 से 22 दिसंबर, 2024 तक जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। इस टूर्नामेंट में 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है, जो पीजीटीआई में सबसे बड़ी है। इस साल 62 पेशेवर खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उक्त जानकारी आज बेल्डीह क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में दी गई। प्रेस वार्ता में पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडे, मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर, टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल्स डिवीजन के उपाध्यक्ष सह जमशेदपुर गोल्फ के कप्तान डीबी सुंदर रामम, 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर वीर अहलावत और जमशेदपुर गोल्फ के सीईओ दिग्विजय सिंह उपस्थित थे।

टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई सीजन का सीजन-एंडिंग इवेंट है। यह टूर्नामेंट 72-होल स्ट्रोक-प्ले चैंपियनशिप है और इसमें कोई कट लागू नहीं होगा। सभी प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि की गारंटी है। टूर्नामेंट से पहले प्रो-एम इवेंट 17 दिसंबर को खेला गया था।




इवेंट का प्रारूप इस प्रकार है- सभी चार राउंड में, आधा क्षेत्र अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और दूसरा नौ बेलडीह में खेलेगा, जबकि दूसरा आधा क्षेत्र अपने पहले नौ होल बेल्डीह में और दूसरा नौ गोलमुरी में खेलेगा। दूसरे राउंड से, लीडरबोर्ड का अग्रणी/आगे का आधा हिस्सा (स्कोर के अनुसार अग्रणी समूह) अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और दूसरा नौ बेल्डीह में खेलेगा। पुरस्कार वितरण समारोह 22 दिसंबर रविवार को बेल्डीह गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा।

इस टूर्नामेंट में भारतीय गोल्फ के कुछ सबसे बड़े नाम जैसे कि गत चैंपियन गगनजीत भुल्लर (2020 और 2023 चैंपियन), एसएसपी चौरसिया, 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन ओम प्रकाश चौहान, 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर वीर अहलावत, पूर्व चैंपियन उदयन माने (2019 और 2021 चैंपियन), राहिल गंगजी, मनु गंडास और युवराज संधू सहित कई शानदार खिलाड़ी भाग लेंगे।

2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन की घोषणा इवेंट के अंत में की जाएगी। 2024 पीजीटीआई नंबर 1 को 2024 सीज़न के लिए डीपी वर्ल्ड टूर पर एक पूर्ण कार्ड मिलेगा।

टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल्स डिवीजन के उपाध्यक्ष सह जमशेदपुर गोल्फ कैप्टन डी बी सुंदर रामम ने कहा, %टाटा स्टील में हमने हमेशा खेलों को उत्कृष्टता को प्रेरित करने और समुदायों के निर्माण के माध्यम के रूप में बढ़ावा दिया है। इस साल जमशेदपुर में पीजीटीआई टूर्नामेंट की मेजबानी करना गोल्फ को पोषित करने और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जमशेदपुर गोल्फ कैप्टन के रूप में यह देखकर विशेष रूप से प्रसन्नता हो रही है कि यह चैंपियनशिप हमारे ग्रीन्स पर आयोजित हो रही है, जो हमारे शहर के खेल से गहरे जुड़ाव को दर्शाती है।

पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडे ने कहा, टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024, सीजन का शोपीस इवेंट जिसमें मौजूदा ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष 60 खिलाड़ी और आमंत्रित खिलाड़ी शामिल होंगे, एक और सप्ताह के रोमांचक गोल्फ का वादा करता है क्योंकि एक शानदार क्षेत्र जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी के दो उत्कृष्ट स्थलों पर सीजन के सबसे बड़े पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए उतरेगा। यह आयोजन देश में गोल्फ प्रशंसकों के बीच और अधिक रुचि बढ़ाता है क्योंकि यह 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन का फैसला भी करेगा। हम खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हैं।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# शतरंज का नया 'आनंद'

एक बार फिर खेल की ऐतिहासिक घटना सामने है। सिर्फ 18 साल के डी. गुकेश शतरंज के विश्व चैम्पियन बने हैं। सपनों से भी ऊपर का कीर्तिमान। गौरव के आसमान में फिर भारत का नाम। एक अतुलनीय, अकल्पनीय और अप्रत्याशित उपलब्धि...। दरअसल गुकेश ने एक साथ कई इतिहास रचे हैं। वह दुनिया के सबसे युवा 'शतरंज चैम्पियन' हैं। उनसे पहले 22 साल की उम्र में गैरी कास्पारोव 1985 में शतरंज के सिंहासन पर बैठे थे। भारत के जन्मजात विश्व चैम्पियन और युवा पीढ़ी के सर्वोच्च आदर्श विश्वनाथन आनंद 31 वर्ष की उम्र में विश्व चैम्पियन बने थे। वह पांच बार विश्व चैम्पियन बने और शतरंज के तत्कालीन दिग्गजों को पराजित किया। अब गुकेश ने चीन के निवर्तमान विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन को आखिरी 14वीं बाजी की 58 चालों में पराजित किया। गुकेश पूर्व विश्व चैम्पियन और इस दौर के महानतम शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को भी 2022 में मात दे चुके हैं, लेकिन वह अब भी कार्लसन को ही सबसे बड़ा चैम्पियन मानते हैं। करीब 7 वर्ष की उम्र में गुकेश की मासूम आंखों ने चेन्नई में कार्लसन के मुकाबले ही विश्वनाथन आनंद को 'विश्व खिताब' हारते हुए देखा था। तब मानस में एक सपना उगा था कि यह विश्व खिताब भारत लेकर आऊंगा। आज वह सपना साकार हुआ है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज फेडरेशन के 138 साल के इतिहास में पहली बार एशिया के दो खिलाड़ी 'शतरंज का सिरमौर' बनने को आमने-सामने थे, लेकिन गुकेश ने यह गौरवान्वित क्षण भारत के हिस्से में दर्ज करा दिया। इस तरह गुकेश शतरंज के मौजूदा आनंद बनकर हमारे सामने हैं। उन्होंने खेल की बारीकियां, जटिलताएं, पेचीदगियां और मनःस्थिति महान विश्व चैम्पियन आनंद से ही सीखीं, 2023 में आनंद को ही पराजित किया और आज गुकेश 'शतरंज के विश्व चैम्पियन' हैं। मौजूदा चैम्पियनशिप का मुकाबला लगभग बराबरी पर चलता रहा। यदि गुकेश आखिरी 14वीं बाजी में नहीं जीतते, तो मुकाबला टाई-ब्रेक में जाता। उससे भी आगे जा सकता था, लिहाजा गुकेश ने आखिरी बाजी में जोखिम उठाया। तत्कालीन विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन पर खिताब बचाने का दबाव था। समय की अपनी सीमा भी थी। गुकेश डिंग की बिसात पर जिस 'भारी गलती' की उम्मीद कर रहे थे, अंततः वही हुआ और गुकेश ने हवा में अपनी बांहें उठाते हुए जीत की घोषणा कर दी। उनके पिता डॉ. राजीवनकांत बाहर प्रतीक्षा कर रहे थे और तनावग्रस्त भी थे। तभी अचानक उनके मोबाइल पर एक खबर उभरी और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुकेश विश्व चैम्पियन बन चुके थे। गुकेश के लिए 2024 बेशकीमती वर्ष रहा है। इसी साल वह अप्रैल में 'कैंडिडेट टूर्नामेंट' के विजेता बने, लिहाजा विश्व चैम्पियनशिप के लिए 'चैलेंजर' की पात्रता हासिल की। इसी साल सितंबर में 'शतरंज ओलिंपियाड' में भारत की पुरुष और महिला टीमें चैम्पियन बनीं। गुकेश ने पुरुष टीम का हिस्सा रहते हुए 'दोहरे स्वर्ण पदक' हासिल किए। जो सफर 7 साल की उम्र में आरंभ हुआ था, आज वह 'सफरनामा' बन चुका है और गुकेश शतरंज का नया अध्याय और इतिहास बन चुके हैं। हालांकि शतरंज भारत का लोकप्रिय खेल नहीं है। शतरंज के 85 ग्रैंडमास्टर्स में से 31 खिलाड़ी तमिलनाडु के हैं। इनमें से भी करीब 24 ग्रैंडमास्टर्स अकेले चेन्नई ने दिए हैं। शतरंज के इतिहास में गुकेश तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर हैं, जो 2750 की रेटिंग तक पहुंचे हैं। सबसे युवा 'कैंडिडेट विजेता' भी हैं। एशियाड के रजत पदक विजेता हैं। अब वह प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

गौरव के आसमान में फिर भारत का नाम। एक अतुलनीय, अकल्पनीय और अप्रत्याशित उपलब्धि...। दरअसल गुकेश ने एक साथ कई इतिहास रचे हैं। वह दुनिया के सबसे युवा 'शतरंज चैम्पियन' हैं। उनसे पहले 22 साल की उम्र में गैरी कास्पारोव 1985 में शतरंज के सिंहासन पर बैठे थे। भारत के जन्मजात विश्व चैम्पियन और युवा पीढ़ी के सर्वोच्च आदर्श विश्वनाथन आनंद 31 वर्ष की उम्र में विश्व चैम्पियन बने थे। वह पांच बार विश्व चैम्पियन बने और शतरंज के तत्कालीन दिग्गजों को पराजित किया। अब गुकेश ने चीन के निवर्तमान विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन को आखिरी 14वीं बाजी की 58 चालों में पराजित किया। गुकेश पूर्व विश्व चैम्पियन और इस दौर के महानतम शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को भी 2022 में मात दे चुके हैं, लेकिन वह अब भी कार्लसन को ही सबसे बड़ा चैम्पियन मानते हैं। करीब 7 वर्ष की उम्र में गुकेश की मासूम आंखों ने चेन्नई में कार्लसन के मुकाबले ही विश्वनाथन आनंद को 'विश्व खिताब' हारते हुए देखा था। तब मानस में एक सपना उगा था कि यह विश्व खिताब भारत लेकर आऊंगा।

## देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है

# गडकरी बताएं दिल्ली-एनसीआर के लोग आखिर कहां जाएं

योगेंद्र योगी

गडकरी ने कहा कि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे से वे दिल्ली आने से कतराते हैं। गडकरी मंत्री हैं। उनके पास साधन और सुविधाएं हैं। वे कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकते हैं। सवाल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र (एनसीआर) के करोड़ों लोगों के जीवन का है। इतने लोग अपना कामकाज, घरबार छोड़ कर कहां जाएं। प्रदूषण के धीमे जहर को पीना उनकी मजबूरी बन गई है। ज्यादातर सांसदों, मंत्रियों पर अकूत दौलत है।

देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण इतना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली आने से घबराते हैं। गडकरी ने कहा कि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे से वे दिल्ली आने से कतराते हैं। गडकरी मंत्री हैं। उनके पास साधन और सुविधाएं हैं। वे कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकते हैं। सवाल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र (एनसीआर) के करोड़ों लोगों के जीवन का है। इतने लोग अपना कामकाज, घरबार छोड़ कर कहां जाएं। प्रदूषण के धीमे जहर को पीना उनकी मजबूरी बन गई है। ज्यादातर सांसदों, मंत्रियों पर अकूत दौलत है। उनके लिए प्रदूषण से बचने के लिए कहीं भी देश में सरकारी खर्च पर आना-जाना आसान हैं। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सरकारी मशीनरी और नेताओं के नाकारपन का अभिशाप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। दिल्ली में केंद्र भाजपा गठबंधन की और राज्य में आप की सरकार मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली में लंबी अवधि तक कांग्रेस का शासन रहा है। प्रदूषण से निपटने में सभी राजनीतिक दल नाकाम रहे हैं। दिल्ली में कचरे का पहाड़ आज भी नेताओं के दावों-वादों को मुंह चिढ़ा रहा है। हिंदू-मुस्लिम विवाद और भ्रष्टाचार की तरह प्रदूषण नेताओं के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया। जब कभी प्रदूषण का मुद्दा उठता भी है तो केंद्र और दिल्ली की सरकार गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल कर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जाती हैं। यही वजह है कि दिल्ली और एनसीआर की आबोहवा इतनी बिगड़ चुकी है कि सांस लेना भी दुभर हो रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले कम से कम १० सिगरेट जितना प्रदूषण हर दिन लेने को विवश हैं। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जैसी संवैधानिक स्वतंत्र संस्थाए भी तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण से निपटने में प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि दिल्ली में ५० प्रतिशत प्रदूषण वाहनों से निकलता है।



गडकरी देश के परिवहन मंत्री हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर प्रदूषण की विकराल समस्या से निपटने की जिम्मेदार किसकी है। जब देश का परिवहन मंत्री ही समस्या के समाधान से मुंह चुराने लगे तो अवाम किससे उम्मीद करे। स्विस संगठन की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में दिल्ली को सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 2023 में 134 देशों में से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत की वायु गुणवत्ता तीसरी सबसे खराब की भविष्यवाणी की गई। राष्ट्रीय राजधानी को वर्ष 2018 से लगातार चार बार विश्व का सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अनुमान है कि भारत में 1.36 अरब लोग पीएम 2.5 की सांद्रता का अनुभव करते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित वार्षिक दिशानिर्देश स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण से खराब हालात में सुधार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रयास भी सरकारों के नाकारपन के कारण बौने साबित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट दर्जनों बार फटकार लगा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सुनवाई दौरान कहा कि कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। अदालत ने कहा कि सरकारी एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के बीच समन्वय की कमी है। साथ ही अदालत ने कहा कि दिल्ली में फिल्हाल ग्रैप-4 जारी रहेगा। दिल्ली सरकार, एमसीडी, डीपीसीसी, सीएक्यूएम और अन्य अधिकारियों के बीच समन्वय की पूरी तरह से कमी है। समन्वय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग पर है। इसलिए ग्रैप-4 को लागू करने के लिए समन्वय हो। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों को फटकार लगाई क्योंकि राज्य प्रदूषण विरोधी उपायों को लागू करने में विफल रहे। यह ऐसे समय में हुआ है जब दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मामले की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा खेतों में लगी आग को बुझाने के प्रयासों को मात्र दिखावा करार दिया। हवा की गुणवत्ता खराब होने का एक स्पष्ट कारण पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में पराली जलाने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 23 अक्टूबर को पर्यावरण कानूनों को शक्तिहीन बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की और कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के तहत पराली जलाने पर दंड से संबंधित प्रावधानो को लागू नहीं किया गया है। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रावधान को लागू करने के लिए कोई आवश्यक तंत्र बनाए बिना ही अधिनियम लागू कर दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अनुसार भारत में हर साल पैदा होने वाले 22 मिलियन टन चावल के ठूंठ में से लगभग 14 मिलियन टन पराली को आग के हवाले कर दिया जाता है। यह पैदा होने वाले चावल के ठूंठ का लगभग 63.6 प्रतिशत है और हरियाणा और पंजाब में अकेले जलाई जाने वाली पराली का 48 प्रतिशत हिस्सा है। हालत यह है कि वोटों के डर से राज्य और केंद्र की सरकारें पराली जलाने पर पूरी तरह रोक नहीं लगा पा रही हैं। राजनीतिक दलों के लिए किसानों का वोट बैंक आम लोगों के जीवन पर भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि पराली जलाने की हर साल होने वाले घटनाओं के बावजूद कोई भी सरकार सख्त कदम उठाने से हिचकिचाती है। यहां तक की सरकारें वोटों के लालच में लगातार अदालत के निर्देशों की अवहेलना कर रही हैं। कुछ दिन पहले हरियाणा सरकार ने कथित तौर पर कैथल जिले में पराली जलाने के आरोप में 18 किसानों को गिरफ्तार किया था। ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगाने में विफल रहने के कारण राज्य के कृषि विभाग के करीब 24 अधिकारियों को निलंबित भी किया गया था। गौरतलब है कि हजारों किसान पराली हर साल जलाते हैं।

दृष्टि कोण

# इंडिया गठबंधन की दशा और दिशा

सूत न कपास, जुलाहों में लठ्ठम लठ। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसियत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं हैं। विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही में हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उस घोड़ा-गाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुड़सवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढऩे के बजाय पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया। इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यास्पद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नेतृत्व की दुदुंभि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से बजाई गई है। ममता बनर्जी ने हालिया चुनावों और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की और कहा कि वह इसकी कमान संभालने को तैयार हैं। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। ममता के इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की अतृप्त इच्छा में उबाल आ गया। गठबंधन के दल के नेता अब नेतृत्व का दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ममता बनर्जी को ऐसा लगता है, पर हमें ऐसा नहीं लगता। इस पर चर्चा करेंगे। उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है। हम तो कांग्रेस के कहने से चलते हैं। वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी बड़ी नेता हैं, लेकिन राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। लेफ्ट नेता डी. राज्या ने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। हालात इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की मांग करते हैं। कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन सहयोगियों को समायोजित नहीं किया। अगर कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की बात सुनी होती तो लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में नतीजे अलग होते। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की राय पता है। हम चाहते हैं कि ममता हमारे साथ रहें। हम सभी एक साथ हैं। अगर कोई मतभेद भी हैं तो वो छोटे मोटे हैं। हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से बात करेंगे। सपा प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने कहा कि अगर ममता जी ने कोई इच्छा जाहिर की है तो इंडिया ब्लॉक नेता उस पर विचार करके उनका सहयोग लें। इससे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। नेतृत्व को लेकर मचे इस घमासान में लालू यादव की पार्टी कैसे पीछे रह सकती है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने भी ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन का नेता बनाने की मांग कर दी।

कुछ अलग

# दोनों पक्षों से अपील

देखो भाई! अपील तीन-चार जगह ही होती है। मैच चल रहा हो तो गेंदबाज अंपायर के सामने बल्लेबाज के आउट होने की अपील करता है। यह पहली किस्म की अपील होती है। उसके बाद कोर्ट में भी अपील होती है। अपील के साथ दलील भी होती है। यहां मामला लंबा चलता है और बराबर सुनवाई चलती रहती है। एक अपील धार्मिक नेता करते हैं जब दंगे करवाने के बाद शांति बनाए रखनी होती है। राजनेता भी अपने-अपने दलों के कार्यकर्ताओं से समय-समय पर अपील करते रहते हैं। पहले प्रदर्शन करने की अपील करते हैं और उसके बाद जब प्रदर्शन में हिंसा हो जाती है तो शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हैं। प्रशासन भी यदा-कदा ऐसी अपील करता रहता है। खुद को तीसमार खां समझने वाले भी कई बार अखबार में अपना नाम छपवाने के लिए घर बैठे-बैठे अपील जारी कर देते हैं। लेकिन आज की यह अपील सबसे हटकर है। यह कोई फालतू किस्म की अपील नहीं है। यह अपील कोई जनता जनार्दन से भी नहीं है। यह अपील दंगाइयों से भी नहीं है। प्रदर्शनकारियों से भी नहीं है। यह अपील सत्ता पक्ष और विपक्ष एक साथ दोनों से है। आमतौर पर व्यंग्यकार का काम व्यवस्था की चीरफाड़ करना होता है, अपील करना नहीं। लेकिन इधर व्यंग्यकार को मुगालता हो गया है कि दुनिया चाहे किसी की अपील माने या न माने, लेकिन व्यंग्यकार की अपील जरूर मानेगी। सो अपना व्यंग्य धर्म निभाते हुए सबसे पहले तो सत्ता पक्ष से अपील है। और अपील यह है कि विपक्ष की चुनौती से घबराना नहीं है। विपक्ष के आरोपों से विचलित नहीं होना है। विपक्ष के धरना प्रदर्शन पर आंखें मूंदी रखनी है जैसे जनता की समस्याओं से आप आंख मूंद कर रखते हैं। ठेकेदारों और माफिया सरगनाओं पर कृपा बरसाते रहना है। उन्हें अपनी गाडियों में आप बिठा सकते हैं। आपको इसकी लोकतांत्रिक छूट मिली हुई है। आप बाहुबलियों को साथ लेकर घूमते हैं तो ठेकेदारों और सरगनाओं को लेकर घूमने से कोई आसमान नहीं फट जाएगा। दो-चार ठेकेदार और खनन माफिया के लोग अगर जांच एजेंसियों के हाथ भी चढ़ जाए तो घबराना नहीं है। विपक्ष का काम आपके खिलाफ बोलना है और आपका काम अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। पार्टी आलाकमान तक थैलियां पहुंचाना है ताकि कुर्सी सलामत रहे और आलाकमान में बैठे बुद्धिजीवियों का वरदहस्त बना रहे। इस काम के लिए पब्लिक की जरूरत नहीं होती। भ्रष्ट ब्यूरोक्रेट और आपके संरक्षण में फलने-फूलने वाले माफिया के लोग आपके सबसे ज्यादा मददगार साबित होते हैं। इसलिए विपक्ष की परवाह नहीं करनी है। दूसरी तरफ इस व्यंग्यकार की विपक्ष से भी अपील है कि पब्लिक के सामने अपना अस्तित्व दिखाना है। अपनी नेतागिरी चमकानी है। जनता के हितों के प्रहरी बनना है। अगली बार सत्ता में आने के लिए वोट भी लेने हैं। इसलिए सत्ता पक्ष को डंडा देकर रखना है। हर रोज नए-नए भ्रष्टाचार के मामले उजागर करने हैं। धरना-प्रदर्शन करने हैं और इसमें आम आदमी को भी भागीदार बनाना है। लाठीचार्ज और आंसू गैस की परवाह नहीं करनी है। जितनी ज्यादा आंसू गैस और लाठियां चलेंगी, उतना ज्यादा जनमत आपके पक्ष में झुकेगा। जनमत का यही सूचकांक होता है। 'तो, सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों से यही विनम्र निवेदन है कि आप अपनी-अपनी भूमिकाओं को ईमानदारी से निभाते रहें। सत्ता पक्ष अपने भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड बनाता रहे, और विपक्ष उन रिकॉड्र्स को तोडऩे के लिए हर रोज नया हंगामा खड़ा करता रहे। जनता? वह तो पहले भी आपकी तमाशबीन थी, और आगे भी रहेगी।

देश दुनीया से

# साइबर क्राइम से निजी जानकारी-सुरक्षा को खतरा

वर्तमान युग तकनीकी व साइबर विकास का है, प्रौद्योगिक क्रांति का है। अनेक कार्य तकनीक की सहायता से सुगम हो चुके हैं। सभी कार्य आसानी से घर बैठे सम्पन्न हो जाया करते हैं। बाजार की पहुंच भी घर तक सुनिश्चित हो चुकी है, लेकिन इसी क्रम में अपराधियों की पहुंच भी सीधे घर तक हो गई है। पलक झपकते ही अपराधी अपने मंसूबों को अंजाम दे डालते हैं। भारत जहां विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, मगर दूसरी तरफ अपराधी भी अपना तकनीकी विकास कर धड़ल्ले से लोगों की मेहनत की कमाई उड़ा रहे हैं। तकनीक में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध ने लोगों की निजी जानकारी और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। साइबर अपराध के कई प्रकार हैं, चाहे वो जानकारी चोरी करना हो, हैकिंग हो, फिशिंग हो, वायरस फैलाना हो, सॉफ्टवेयर पाइरेसी, फर्जी बैंक कॉल, सोशल नेटवर्किंग साइटों पर अफवाह फैलाना व साइबर बुलिंग इत्यादि हो। इस प्रकार के अपराधों में निरंतर वृद्धि चिंताजनक है। जिस देश का प्रधानमंत्री स्वयं मन की बात जैसे देशव्यापी कार्यक्रम के माध्यम से चिंता व्यक्त कर इससे बचने हेतु आगाह कर रहा हो, सोचिए वो कितनी बड़ी समस्या बनती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी का देशवासियों से आग्रह है कि जब भी कोई कॉल आए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि रुको, सोचो, फिर एक्शन लो। इस क्रम को अपनाने की आवश्यकता है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में साइबर क्राइम के 65893 मामले देश भर में दर्ज किए गए हैं। साल 2021 में 52974 मामले दर्ज किए गए थे। इस तरह एक साल के दौरान साइबर अपराध में 24.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें भी करीब 65 फीसदी मामले धोखाधड़ी के ही हैं। यानी 65893 मामलों में 42710 धोखाधड़ी के मामले हैं, जबकि 3648 मामले जबरन उगाही के हैं। 2023 व 2024 में भी स्थिति कोई संतोषजनक नहीं, बल्कि ये छलांग मार कर तेज गति से बढ़ रहे हैं। भारत में उभरती साइबर सुरक्षा चुनौतियों के लिए निरंतर नवाचार और तत्परता की आवश्यकता है। साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता रखने वाली संस्थाओं और स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी करने से नए विचार और विशेष विशेषज्ञता सामने आ सकती है। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल व्यवसायों और व्यक्तियों की सुरक्षा करेगा, बल्कि भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा। भारत भर में एक परेशान करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें साइबर धोखाधड़ी ग्रामीण इलाकों में सीमित डिजिटल जानकारी रखने वाले लोगों से लेकर शहरी इलाकों में तकनीकी रूप से दक्ष लोगों तक को अंधाधुंध तरीके से निशाना बना रही है। भारत आज भले ही डिजिटल विकास के छोर पर आकर बैठा है, लेकिन कंपनियों को सुनिश्चित करना है कि वे डिजिटल विकास से आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं भी या नहीं। ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी व बोर्ड के एजेंडे में साइबर सुरक्षा सर्वोपरि हो ताकि डिजिटल संग्रह की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भले मानने योग्य है कि जागरूकता की कमी है, लेकिन हैकर सब कुछ इस तरीके से करते हैं कि आपकी जागरूकता धरी की धरी रह जाती है। इसमें सुरक्षा उपायों की कमी महसूस होती है। सरकार व प्रशासन अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसका सबसे महत्वपूर्ण व आवश्यक इलाज जागरूकता ही प्रतीत होती है। साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के किसी अन्य सेट का उपयोग करके की जाने वाली असंख्य आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराध को साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। साइबर अपराध की पहुंच कोई भौतिक सीमा नहीं जानती। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। बदले में, साइबर अपराधों की प्रभावी जांच, मुकदमा चलाने और उन्हें रोकने की क्षमता कई गतिशील चुनौतियों के साथ एक सतत लड़ाई है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा हैं और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ती है और अधिक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते हैं, साइबर अपराध का खतरा बढ़ता जा रहा है। इनसे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। साइबर अपराधों से जुड़ी कुल लागत और जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए रोकथाम प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों को लगातार लागू करने, निगरानी करने और अपग्रेड करने की आवश्यकता भी बढ़ रही है। विदेशी विरोधियों, आतंकवादियों और रोजमर्रा के घोटालेबाजों के बीच, साइबर हमले ज्यादा चालाक और ज्यादा परिष्कृत होते जा रहे हैं। व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं को साइबर अपराध को सुरक्षा प्रणालियों में घुसपैठ करने और संवेदनशील डेटा में घुसपैठ करने से रोकने के लिए सक्रिय उपाय करने चाहिएं।

भारत जहां विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, मगर दूसरी तरफ अपराधी भी अपना तकनीकी विकास कर धड़ल्ले से लोगों की मेहनत की कमाई उड़ा रहे हैं। तकनीक में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध ने लोगों की निजी जानकारी और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। साइबर अपराध के कई प्रकार हैं, चाहे वो जानकारी चोरी करना हो, हैकिंग हो, फिशिंग हो, वायरस फैलाना हो, सॉफ्टवेयर पाइरेसी, फर्जी बैंक कॉल, सोशल नेटवर्किंग साइटों पर अफवाह फैलाना व साइबर बुलिंग इत्यादि हो।

आप का नजरीया

# हिमाचल को नई आवाज

पर्यटक को घर जैसा माहौल देने की कोशिश में हिमाचल की 'होम स्टे' योजना का प्रारूप सादा व सरल हो रहा है और इसी के चलते अब गांव से शहर तक इसके मसौदे एक सरीखे हो गए। मंत्रिमंडल की बैठक में हिमाचल को नए दर्पण में उतारने की कोशिश पर्यटन में होम स्टे को आगे बढ़ा रही है, तो स्कूल-कालेजों के परिसर में गेस्ट फैकल्टी को गले लगा रही है। पहली बार जोर शोर से हिमाचल अपने भीतर के शहरीकरण को आवाज देता हुआ तेरह पंचायत क्षेत्रों को नगर निकाय का दर्जा दे रहा है। पर्यटन व शहरी आर्थिकी को नए सिरे से प्रमाणित करने के लिए होम स्टे से शहरी निकायों का नया सफर अंगीकार हो रहा है। प्रदेश के लाहुल स्पीति, कुल्लू, शिमला व कांगड़ा की होटल इकाइयों के बीच होम स्टे का साम्राज्य बढ़ा है, तो इस प्रारूप की अधोसंरचना को सरकार ने तीव्रता प्रदान की है। अब विभागीय अनापत्तियों के जंजाल से राहत देते हुए होम स्टे को अधिक व्यावहारिक, सहज व हिमाचल के पर्यटन उद्योग का मुख्य पात्र बनाया जा रहा है। यह दीगर है कि इनके संचालन को हिमाचल की कला, संस्कृति और वास्तुकला से जोडऩा होगा, वरना कंक्रीट के ढांचे में होटल सरीखी करवटें इनकी विशिष्टता व अतिथिभाव को कम कर देंगी। हिमाचल में होम स्टे के अलावा ईको, धरोहर पर्यटन तथा ट्राइबल टूरिज्म में अपने वैविध्य को पेश कर सकता है। दुर्भाग्यवश प्रकृति, भौगोलिक परिस्थिति व धरोहर मूल्य का अवमूल्यन करती होटल इंडस्ट्री हर जगह नाखून चुभो रही है। मकलोडगंज, मनाली, डलहौजी, शिमला व धार्मिक स्थलों के साथ ऐसी इमारतों के जमघट उभर रहे हैं, जो पहाड़ को बेचैन कर रहे हैं, जबकि सुकून की तलाश में सैलानी पर्वतीय कंदराओं में ऐसा रहन-सहन, खान-पान व संस्कृति तलाश कर रहे हैं, जो सदियों और सदियों तक पहाड़ की अमानत बचा सकते हैं। हिमाचडुल अगर ई-टैक्सी को स्टार्टअप योजना के तहत स्वरोजगार की अहमियत में आगे बढ़ा रहा है, तो होम स्टे व ईको टूरिज्म को भी ऐसी ही किसी योजना का प्रश्रय मिलना चाहिए। हिमाचल में ग्रामीण पर्यटन की हर संभावना में नया रोजगार-स्वरोजगार व अन्य संभावनाओं का समन्वित प्रसार संभव है। ऐसे में कम से कम हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पर्यटक गांव बसा कर इसे युवा पीढ़ी के हवाले करना होगा। ये गांव हाई-वे पर्यटन, हाट बाजार, टैम्पल टूरिज्म, मनोरंजन, साहसिक खेलों, एग्रो टूरिज्म, सांस्कृतिक उजास व गिफ्ट सेंटर के रूप में लोक कलाओं व दस्तकारी के अनेक बिक्री केंद्रों के अलावा विभागीय परियोजनाओं से समृद्ध हो सकते हैं। मसलन कहीं सिंचाई के लिए चैक डैम है तो इसके साथ नौकायन जोड़ा जा सकता है। कहीं स्कूली बच्चों के लिए पार्क, कहीं जंगल में ईको पर्यटन, तो कहीं कला केंद्र के रूप में गायन परंपरा के शो हो सकते हैं। ये तमाम पर्यटक गांव विभिन्न विभागीय बजट से प्रोत्साहित व प्रेरित होकर कई युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ सकते हैं। पौंग बांध के किनारे किसी गांव की पर्यटन भूमिका से सैलानी खुद मछली का शिकार करके इसे स्थानीय तरीके से पकाने या आचार बनाने का हुनर सीख सकते हैं।

# सांसद ने संसद में कोयला के प्रदूषण से विभिन्न बीमारी से ग्रसित हो रहे आम जनता एवं विस्थापितो के लिए रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद काली चरण सिंह ने लोकसभा में अम्रपाली-मगध कोयला खदानों के संचालन से जुड़ी समस्याओं पर जोरदार तरीके से अपनी मांग रखी। उन्होंने खदानों के संचालन से उत्पन्न सड़क सुरक्षा, प्रदूषण, विस्थापन और स्थानीय लोगों के रोजगार से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। श्री सिंह ने इन समस्याओं को न केवल क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने की मांग की। सड़क सुरक्षा और प्रदूषण सांसद ने सार्वजनिक सड़कों पर कोयला परिवहन के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं और प्रदूषण के गंभीर परिणामों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों के लगातार आवागमन से न केवल सड़कों की हालत खराब हो रही है, बल्कि धूल और प्रदूषण से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। कोयला परिवहन के लिए अलग से समर्पित कोरीडोर या रेलवे लाइन का निर्माण। प्रदूषण नियंत्रण के लिए सड़कों पर नियमित जल छिड़काव और वाहनों की प्रदूषण जांच। सड़क सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन और सड़क मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देना।विस्थापन और पुनर्वास खनन गतिविधियों के कारण विस्थापित होने वाले परिवारों की दयनीय स्थिति पर श्री सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुनर्वास योजनाओं का क्रियान्वयन अक्सर अधूरा रह जाता है, जिससे विस्थापित परिवारों को रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेलना पड़ता है।विस्थापितों के लिए प्रभावी पुनर्वास नीति तैयार करना, जिसमें रोजगार और आजीविका के स्थायी विकल्प शामिल हों। विस्थापित परिवारों को मुआवजे की पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था। स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाओं में सुधार और प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का विकास। स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय विकास सांसद काली चरण सिंह ने जोर देकर कहा कि खनन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों की नियुक्ति के बजाय क्षेत्रीय युवाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके अलावा, खनन से होने वाले राजस्व का उपयोग क्षेत्रीय विकास में होना चाहिए।स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करना। खनन कंपनियों के लिए क्षेत्रीय युवाओं को 85त्न रोजगार देने की नीति लागू करना। खनन परियोजनाओं से होने वाले लाभ का हिस्सा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च करना। सांसद काली चरण सिंह अम्रपाली-मगध कोयला खदानों से उत्पन्न समस्याओं को राष्ट्रीय फलक पर लाकर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि खनन परियोजनाएं क्षेत्रीय विकास का आधार बन सकती हैं, लेकिन इसके लिए सरकार और खनन कंपनियों को स्थानीय जनता के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आजीविका को प्राथमिकता देनी होगी। टंडवा समेत तमाम क्षेत्र वासियों ने सांसद के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सांसद काली चरण सिंह के यह पहल क्षेत्र के विकास और लोगों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## डीआइजी सुनील भास्कर पहुंचे चतरा, पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीआईजी सुनील भाष्कर आज चतरा पहुंचे। चतरा पहुंचने पर सर्किट हाउस परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देखकर दिया गया। उसके बाद डीआईजी सुनील भास्कर ने पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और जिले की कानून व्यवस्था को लेकर सभी अधिकारियों के साथ को निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की अवैध खेती, तस्करी, परिवहन पर पूर्णता नकेल कसने के साथ-साथ अपराधी गतिविधियों पर भी रोक लगाने लगाएं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एसडीपीओ संदीप सुमन समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कल मंगलवार को गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता भी चतरा पहुँचे थे।

## विधायक जनार्दन पासवान ने दंतार सहित अन्य गांवों का किया दौरा



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक जनार्दन पासवान ने दंतार सहित अन्य गांवों का आज दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव के विभिन्न समस्याओं से सीधे रूबरू हुए और जिले के संबंधित अधिकारियों को उनके समस्याएं दूर करने का निर्देश दिया। दंतार गांव पहुंचने पर विधायक जनार्दन पासवान का भव्य स्वागत किया गया, एवं उनकी समस्या से अवगत हुए एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही है।

## विधायक उज्जवल दास से विनय सिंह ने किया शिष्टाचार मुलाकात



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के भाजपा नेता, सोपारम गांव निवासी विनय सिंह ने बुधवार को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक उज्ज्वल दास से हजारीबाग जिला स्थित उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान श्री सिंह ने विधायक श्री दास को पुष्प गुछ भेंट कर जीत की बधाई दिया। इस मुलाकात के दौरान श्री सिंह ने विधायक को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न कई जन समस्याओं से अवगत करवाया। जिसपर विधायक श्री दास ने कहा कि जल्द ही मैं टंडवा आकर क्षेत्र की हरेक समस्याओं पर गहन चिंतन करते हुए उसका समाधान करने का प्रयास करूंगा।

## प्रेम प्रसंग के मामले में महिला की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

### प्रेमी सिमरिया प्लस टू उच्च विद्यालय में लैब असिस्टेंट के पद पर है कार्यरत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रेम प्रसंग के मामले में एक महिला की हत्या कर दी गई है। सिमरिया पुलिस ने इस मामले में प्रेमी बीरेंद्र दास को गिरफ्तार कर लिया है । बीरेंद्र हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना अंतर्गत बसरिया गांव का रहने वाला है और वह सिमरिया राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। मृतिका महिला रेखा देवी पति लक्ष्मण दास हजारीबाग जिले के पदमा गांव की रहने वाली थी और उसकी मायके बरकट्ठा है। मृतिका के दो पुत्र है। जिसमे के एक 7 वर्ष और दूसरा पांच वर्ष का है। जबकि उसके पति चेनई में मजदूरी का काम करता है।मामले को लेकर सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि मंगलवार की रात रेफरल अस्पताल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति महिला को इलाज कराने के उद्देश्य से अस्पताल पहुंचा है। किंतु उसकी मौत हो चुकी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव समेत इलाज कराने आए उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद पुलिस इस मामले की जानकारी परिजनों को दी गई है। सूचना के बाद मृतिका के मायके से दर्जनों महिला पुरुष सिमरिया थाना पहुंचे और शव को देखते ही चीख पुकार मचाने लगे। जिसके बाद उन्होंने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग करने लगे। इधर मृतिका के भाई मनोज रविदास ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर बीरेंद्र दास पर बहन का अपहरण और बलात्कार कर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि हत्यारा बीरेंद्र ने मेरी बहन को अपहरण किया और बलात्कार कर बेरहमी से लाठी डंडे से पीट-पीट कर अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी निर्मम हत्या कर दिया है। उसने कहा है कि हत्या के बाद मृतिका के गले से सोने का मंगलसूत्र, पायल, स्मार्टफोन, एटीएम कार्ड सहित अन्य दस्तावेज ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मृतिका के भाई के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। एसडीपीओ प्रदीप कुमार मृतिका के परिजनों को आश्वस्त किया है कि दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस शव को अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## नवादा गांव में आदिम जनजाति परिवारों के बीच शिविर का आयोजन, धोती साड़ी का किया गया वितरण

### सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हरसंभव करेंगे प्रयास : मुखिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से बुधवार को आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र नवादा पंचायत के नवादा गांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना के आठ, राशन कार्ड हेतु छः, जॉब कार्ड 10, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से एक, सखीमंडल से जुड़ने के लिए 10 महिलाओं का चयन किया गया इसके अलावे सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 34 परिवारों के बीच धोती, साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। यह शिविर उपायुक्त के आदेश पर लगाया गया पंचायत सचिव राजू रंजन ने शिविर में पहुँचे आदिम जनजाति परिवारों को अपने अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने को लेकर प्रेरित किया। लोगों को शिक्षा एक अहम पूंजी से सम्बंधित परिवारों को पाठ पढ़ाया इस मौके पर मुखिया भरत यादव, पंचायत सचिव मुकेश कुमार, रोजगार सेवक, मिथलेश कुमार, सभी बीएफटी, ऑपरेटर मौजूद थे।

## आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए विशेष शिविर का आयोजन



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के पिरी पंचायत भवन में सरकारी लाभ आम नागरिकों तक पहुँचाने के उद्धेश्य से कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद और अचला अधिकारी गौरव कुमार राय के नेतृत्व में की गई। कैंप में खाद्य सुरक्षा, पेंशन, रोजगार सृजन, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ विभाग, अचल, कृषि विभाग पशुधन, जेएसएलपीएस, पेयजल, बैंक आदि विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया। शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, वनपट्टा, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब, पशुधन, बैंक खाता, जाति आवासीय, चिकित्सा अनुदान, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, सखी मंडल से जुड़ाव आदि से आदिम जनजाति परिवारन को योजनाओं का लाभ लेने हेतु कैंप में मौजूद हुए। जहां आयुष्मान कार्ड योजना 05, जन्म प्रमाण पत्र 32, पेंशन 03, जॉब कार्ड 10,धोती-साड़ी वितरण 07, आधार कार्ड अपडेशन 07, लाभुको को योजना का लाभ दिया गया साथी 86 व्यक्तियों का स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई।

# सड़क दुर्घटना में शिक्षक की दर्दनाक मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के किनामांड़ पेट्रोल पंप के समीप NH 39 पर बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान पलामू सुदना निवासी संजय सिंह के रूप में हुई है।वे सदर प्रखंड के कुंदरी विधालय में शिक्षक थे। और घर से स्कूल जाने के लिए निकले थे। मृतक पेट्रोल पंप से तेल भरवाकर जैसे ही सड़क पर निकले की रांची से आ रहे ट्रेलर वाहन ने उक्त बाइक सवार शिक्षक को अपने चपेट मे ले लिया।और शिक्षक की मौत मौके पर ही गई। इधर रांची जाने के क्रम में पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पुलिस और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। इधर सदर पुलिस मौके पर पहुंच अग्रेत्तर कारवाई में जुट गई।मृतक की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है।मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव जीप सदस्य विनोद उरांव समेत अन्य शिक्षक काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मुखिया का एक दिवसीय ओरियेन्टेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड कार्यलय सभागार परिसर मे मंगलवार को पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुशीला बागे की अध्यक्षता में जिला गत्य विकास कार्यलय लातेहार के सौजन्य से ग्राम पंचायत मुखिया का एक दिवसीय ओरियेन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित हुए।पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुशीला बागे के द्वारा गत्य विकास से संचालित सभी योजनाओं को बारी, बारी से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई. साथ मे सभी मुखिया को क्षेत्र के किसानों को जागरुक एवं प्रेरित करने के लिए कहा गया। साथ ही पशु जनगणना के संबंध में परिचर्चा की गई। एवं सभी मुखिया से इसके लिए सहयोग करने की अपील की गई। मौके पर पंचायत के सभी मुखिया सहित डॉ बिनोद बैठा उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने कई घरों को किया ध्वस्त व फसलों की क्षति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** थाना क्षेत्र के मानसिघा ग्राम में मंगलवार की देर रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने मानसिंधा ग्राम पहुंचकर कई घरों को ध्वज कर दिया एवं लगे फसलों को नुकसान कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि राजेंद्र यादव के घर एवं बाउंड्री, दरोगी यादव को घर ध्वस्त, प्रीतम यादव का घर एवं बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया, जबकि सुलेश्वर यादव के 10 किवटल धान खा गया ।वही देवराज यादव के घर को भी ध्वज कर दिया। जबकि सीताराम यादव के ईख, धान, आलू समेत कई फसलों को नुकसान कर दिया। जिससे लगभग 5 लख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। सभी ग्रामीणों ने बुधवार को बालूमाथ थाना में आयोजित जन शिकायत समाधान केंद्र पहुंचकर मुआवजा की मांग की। व ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन जंगली हाथी की उत्पादन से लोगों को काफी नुकसान हो रहा है ।वही लोगों को रात में भय का माहौल में जीना पड़ रहा है ।इसलिए इस समस्या से जल्द से जल्द निदान किया जाए।

## 113 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण बच्चों में उत्साह



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर में बुधवार को कल्याण विभाग के द्वारा 113 बच्चे एवं बच्चियों के बिच निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया है। जिसमें 64 लड़का एवं 49 लड़कियों के बीच 2024-25 का साइकिल वितरण किया गया है। यह कार्य कल्याण विभाग पदाधिकारी चितरंजन शर्मा के नेतृत्व में साइकिल का वितरण किया गया। विद्यालय के बच्चे बच्चियों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

## हड़ताल अवधि में स्वीकृत योजनाओं में फिर एक बार फर्जी भुगतान

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड में मुखिया पंचायत सचिव व मनरेगा कर्मियों द्वारा हड़ताल अवधि में फर्जी तरीके से स्वीकृत मनरेगा योजनाओं में रह रहकर भुगतान करना वरीय अधिकारियों को ठेंगा दिखाने के समान है। जहां हड़ताल अवधि में गलत तरीके से आईडी लौगिंग करते दर्जनों योजनाओं का जिओ टैग किए गए। वहीं हड़ताल से वापसी के बाद उन सभी योजनाओं का एम आर निकाल फिर एकबार भुगतान किया जा रहा है जिसमें प्रखंड के साथ बेतला पंचायत में मनरेगा योजना क्रमश मुनिया देवी सुनीता देवी, पंकज यादव, तारिक़ अंसारी, फिरोज अंसारी, रहीमुद्दीन अंसारी, निखदत बीबी, सायरा बानो, अफरोज अंसारी, शाहनाज खातून, सरफुद्दीन मियां,हुसनत बानो, गुलबहार अंसारी का मेढ़बंदी निर्माण कार्य में भुगतान और एम आर निकाला गया है।

# बरवाडीह थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर बुधवार को थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम के अगुवाई में किया गया। इस मौके पर बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार , छिपादोहर थाना धीरज कुमार सिंह एवं मनिका थाना थाना प्रभारी शशि करण सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जमीन विवाद घरेलू झगड़े समेत कुल 46 मामले का आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें बरवाडीह थाना क्षेत्र से पच्चीस छिपादोहर से चौदह और मनिका थाना क्षेत्र से सात आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें कुल 13 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते निष्पादन किया गया। मौके पर डीएसपी ने कहा कि सरकार व माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा यह कार्यक्रम कराने का मुख्य उद्देश्य आपसी जमीनी विवाद घरेलू झगड़े व छोटे छोटे अन्य मामलों को लेकर क्षेत्र के गरीब व कमजोर वर्ग के लोग संबंधित थाने का चक्कर लगाते प्राथमिकी दर्ज कराई जाती रही है जिससे लोगों को आर्थिक, मानसिक व शारीरिक रूप परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसे में यह पहल संबंधित लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है कि ऐसे मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें और आपसी सहमति से मामले का निष्पादन किया जाए। उन्होंने बताया कि कुल 13 मामले का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया साथ ही जटिल मामलों पर कार्रवाई जांचोपरांत किया जाएगा। वहीं जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आवेदन पत्र का रिसिविंग भी दिया गया। कार्यक्रम में कई पुलिस अधिकारी, कर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन


# प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए निश्चित रूप से किया जायेगा समाधान : एसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्टेशन रोड स्थित दिन दयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) में बुधवार को लातेहार पुलिस द्वारा नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतू जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आईजी राजकुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसडीपीओ अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर आईजी श्री लकड़ा ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का यह दूसरा अवसर है। इसके पूर्व गत सितंबर माह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उस समय कुल 288 मामले विभिन्न समस्याओं से संबंधित आए थे। जिसका शतप्रतिशत निष्पादन किया गया। उन्होंने कहा कि पब्लिकली रिस्पॉन्स अच्छा मिल रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से पुलिस और जनता के बीच अच्छे संबंध बने रहते है। जनता का त्वरित सुनवाई हो जाता है जिससे कोर्ट कचहरी के चक्कर नहीं लगाने पड़ते है। उन्होंने जनता से इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्या का समाधान करने की बात कही। कार्यक्रम में लातेहार अनुमंडल और चंदवा थाना के विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाकर मामले का निष्पादित किए जा रहे थे। मौके पर मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा, चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों के अलावा ग्रामीण मौजूद थे। वहीं इस कार्यक्रम के बारे में एसडीपीओं अरविंद कुमार ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में अनुमण्डल स्तर पर 205 आवेदन प्राप्त हुए।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह एवं जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो के निर्देशानुसार बुधवार की दोपहर करीब एक बजे सदर अस्पताल के सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में लेप्रोसी रोगियों का जल्द से पहचान, समुचित इलाज एवं दिव्यांगता को रोकने के उद्देश्य से डॉ राजेश कुमार एवं काशीनाथ चक्रवर्ती के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों से आये हुये एएनएम को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के एएनएम को माध्यमिक स्तर से लेकर रेफरल प्रणाली तक समन्वय स्थापित करने एवं कुष्ठ रोगियों को दिव्यागंता से कैसे बचाव किया जाये। एवं उसके उपायों तथा चिकित्सा के बाद पुनर्वास को लेकर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। वर्तमान समय में सिविल सर्जन एवं जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो के निर्देशानुसार जिला के सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। ताकि जिले के सभी प्रखंडों में विशेष रूप से कुष्ठ उन्मूलन अभियान का सफल आयोजन करके प्रखंड स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक में सभी कुष्ठ रोगियों को खोज कर एवं रोगियों का समुचित इलाज का व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर जिला कुष्ठ उन्मूलन पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने बताया कि कुष्ठ उन्मूलन प्रशिक्षण क्रार्यक्रम का आयोजन का मुख्य उद्देश्य लातेहार जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त करना है।

# विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर जिला कल्याण कार्यालय द्वारा सेमिनार का आयोजन

**- राज्य सरकार द्वारा ओबीसी, एसटी/एससी व अल्पसंख्यक वर्ग के लिए संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर आज 18 दिसंबर को जिला कल्याण कार्यालय में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाने हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी श्री सुभाष कुमार ने राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि ओबीसी,एसटी/एससी व अल्पसंख्यक वर्ग के लिए कल्याण विभाग में कई योजनाएं चलाई जाती हैं जो विशेष कर इन समुदायों के आर्थिक उत्थान के लिए सहायक होती है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों को कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रियाओं से अवगत कराया तथा योजना का लाभ लेने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्याओं को उन तक अवगत कराने को भी कहा। हर वर्ष 18 दिसंबर को विश्व अल्पसंख्यक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# सनातन एकजुटता का संदेश देने निकले तीन सनातनी

**- अजय दास सनातनी, रौशन झा, रामचरित्र प्रसाद दांगी पैदल यात्रा पर निकले हज़ारीबाग से बाबा नगरी देवघर।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** सनातन धर्म,संस्कृति एवं हिंदुओ की एकता और एकजुटता को लेकर हज़ारीबाग से बाबा नगरी बैद्यनाथ धाम की पैदल यात्रा में निकले अजय दास सनातनी, रौशन झा,रामचरित्र प्रसाद दांगी का विष्णुगढ़ में मंगलवार की संध्या में बजरंग दल के वरुण कुमार,प्रीतम मिश्रा,आशीष कुमार,विनोद सिंह,दीपू अकेला चांद मिश्रा,प्रभाकर मिश्रा, सुखदेव कुमार,अनूप कसेरा गौतम वर्मा,पवन राय,जीवन सोनी,कन्हाई यादव,संजय साव हेमंत आर्या,रामविजय सिंह ने अगुवानी करते हुए भव्य स्वागत किया। रात्रि को होटल अतिथि सत्कार में इनके विश्राम की व्यवस्था की गई। इस दौरान अजय दास सनातनी ने संदेश देते हुए कहा कि सनातन हमारी संस्कृति है,और हमारी जाति हिन्दू इसके अलावे हमारी कोई पहचान नही। हमलोग इस गफलत में ना रहे कि हमे क्या लेना देना हम से क्या छीना गया है,हमसे अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश इंडोनेशिया आदि तो पहले छीने जा चुके है। अब यह हमारे देश मे भी हो रहा है कश्मीर हमसे छीन गया,केरल छिन गया बंगाल में कई ऐसे गाँव है जो हिन्दू विहीन हो गए है अब हम नही जागे तो कब जागेंगे? इस लिए हिंदुओ को एक होकर रहना है।

बुधवार की सुबह वरुण कुमार बजरंग दल दिलीप कुमार ,चांद मिश्रा प्रभाकर मिश्रा,अनूप कसेरा,गौतम वर्मा,ललन कुमार सरोज कुमार,कृष कुमार पाण्डेय देवानंद साव,अनुज वर्मा ने उन्हें आगे की यात्रा के लिए बगोदर तक पैदल चलकर उनका साथ दिया।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने घर को लिया अपने कब्जे में, संपत्ति की किया जायेगा नीलामी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने बुधवार को बरही में जितेंद्र प्रसाद केसरी पिता सुखदेव प्रसाद केसरी के मकान को सरफेसी एक्ट के तहत सील कर अपने कब्जे में ले लिया। उक्त कार्रवाई उपायुक्त के द्वारा दी गयी आदेशानुसार के तहत दण्डाधिकारी रीत लाल रजक, पुलिस बल एवं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक एमसी पॉल के नेतृत्व में की गयी। क्षेत्रीय प्रबंधक पॉल ने बताया कि जितेंद्र प्रसाद केशरी के द्वारा 2015 में ग्रामीण बैंक से होम लोन के रूप में ऋण लिया गया था। ससमय पर ऋण राशि चुकता नहीं करने के कारण उनका खाता दिसंबर 2020 में एनपीए हो गया था। ऋणकर्ता को बार बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी बैंक की बकाया राशि चुकाने में इच्छुक नही थे। अंततः सरफेसी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए ऋणकर्ता के घर को जब्त किया गया। इसकी सूचना ऋणीकर्ता को ससमय दंडाधिकारी के उपस्थित में दी भी गयी थी। क्षेत्रीय प्रबंधक पॉल ने बताया कि अगर ऋणकर्ता बैंक की बकाया राशि चुकाने में असमर्थ रहे तो उनके घर को नीलामी प्रकिया के घर को नीलाम कराया जाएगा। इस मौके पर दण्डाधिकारी रीत लाल रजक, पुलिस बल एवं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक एम सी पॉल के अलावा बरही शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार, वरीय प्रबंधक संतोष कुमार, एन पी ए प्रबंधक आशुतोष कुमार, रिकवरी एजेंसी के जोनल प्रबंधक उमेश कुमार सिंह एवं आस पास के कई लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग यूथ विंग ने चौक-चौराहों पर की अलाव की व्यवस्था

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की मदद के लिए समाजसेवा की अद्भुत मिसाल पेश की है। संस्था ने शहर के चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कर ठंड से राहत देने का सराहनीय कार्य किया है। यह पहल सर्दियों के दौरान हर साल कमजोर वर्गों को मदद पहुंचाने के उद्देश्य से की जाती है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, हमारी संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाना है। सर्दी के मौसम में गरीब और बेघर लोगों को सबसे ज्यादा तकलीफ का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अलाव जलाना हमारी जिम्मेदारी है। यह न केवल उनका सहारा बनता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने




सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए शहर के चौक-चौराहों का दौरा किया और उन स्थानों को चिन्हित किया, जहां अलाव की सबसे अधिक आवश्यकता थी। तत्पश्चात, टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था की। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकाश तिवारी, शम्पा बाला, गुंजन मद्धेशिया, कुल्तार सिंह,सनी सिंह सलूजा, अख्तर हुसैन, मो.नौशाद अंसारी, संतोष चौधरी, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू, सूरज वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# 35 वर्षीय शिक्षक का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा के 35 वर्षीय शिक्षक बादम गांव निवास त्रिलोकी कुमार दांगी का निधन 17 दिसंबर 2024 को निवास स्थान बादम में हृदय गति रुक जाने से हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार हृदय गति रुक जाने के बाद परिजनों ने आनंद फानन में इलाज के लिए हजारीबाग ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद आज पैतृक गांव बादम में दाह संस्कार किया गया। शिक्षक दांगी अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र, एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनके आकस्मिक निधन पर शिक्षा जगत, जनप्रतिनिधि सामाजिक एवं प्रबुद्ध लोगों ने दुःख प्रकट किया है। दुःख प्रकट करने वालों में बादम पंचायत के पंचायत समिति राजा खान, रमणिका कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, शिक्षक रंजन दास, शिक्षक जलाल सगीर, प्रमोद महतो, जावेद हुसैन, संतोष मेहता, संतोष कुशवाहा, जमाल सगीर, भूदेव महतो, नरेश गुप्ता, करीम साव, त्रिलोकी साव, विक्रम गुप्ता सहित पूरे पंचायत के ग्रामीण शामिल हैं।

# गुमशुदा व्यक्ति का अबतक नहीं मिला कोई सुराग, थाना प्रभारी से मदद की लगाई गुहार



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत मेढ़कुरी पंचायत के मेढ़कुरी कला निवासी बजरंगी कुमार पिता निर्मल प्रजापति 14 दिसंबर को अपने घर से बाइक का कुछ पार्ट्स लाने के लिए हजारीबाग गया हुआ था जो अपने घर नहीं लौटा। परिवार वालों ने काफी समय तक इन्तजार किया . घर नहीं आने के बाद आस पास के लोगों को उनके परिजनों ने इसकी जानकारी दी. सभी ने अपने स्तर के काफी खोज बिन भी किया लेकिन अब तक उसकी कोई सूचना नहीं मिल पाया. मोबाइल भी स्विच आफ बता बताता रहा जिसके बाद उनके परजिन वालों ने दारू थाना में लिखित आवेदन देकर खोज बिन करने की गुहार लगाई. बताते चलें कि बजरंग प्रजापति पेशा से बाइक मरम्मति का कार्य करता है उनकी तीन बेटीयाँ है । परिवार वालों वालों का रो रो कर बुरा हाल है। समाजसेवी ऋषि सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य सुमन कुमार ने दारू थाना प्रभारी से मुलाकात कर इस मामले गंभीरता से लेने का आग्रह किया ताकि गुमशुदा व्यक्ति अपने परिवार वालों सही सलामत मिल सके। दारू थाना प्रभारी शफीक खान ने बतलाया कि पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है लोकेशन वगैरह का ट्रेस किया गया है कोशिश है कि गुमशुदा व्यक्ति को जल्द से जल्द घर वापसी लाया जाए।

# दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के तीन छात्रों ने एसएससी जीडी में पाई सफलता



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग रोड स्तिथ दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस के विंग कॉम्प्टीशन क्लासेज के विद्यार्थियों ने एसएससी जीडी में सफलता हासिल की है। सफल विद्यार्थियों में स्वीटी कुमारी पिता नागेंद्र प्रशाद ग्राम पिपरा, रमेश कुमार पिता कमल साव ग्राम पिपरा, अभिषेक कुमार सिंह पिता शम्बू सिंह ग्राम कटीयोन शामिल है। तीनो को बीएसएफ में जीडी पद पे नियक्ति हुई है। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा एवं शिक्षक शशि कुमार, मुस्कान कुमारी, सिमा कुमारी ने मिठाई खिला कर माला पहना कर एवं अंगवस्त्र ओढा कर सामुहिक रूप से सम्मानित किया। मौके पर सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने उक्त सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमारे संस्थान के लिए ये गौरव की बात है कि शिक्षकों के कड़ी मेहनत से हर साल सरकारी गैर सरकारी कार्यालय में विद्यार्थी सफलता हासिल कर रहे हैं।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आगाज़, छात्रों में उत्साह



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में 16 दिसंबर से पांच दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में छात्रों के शारीरिक, मानसिक और नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक रोहित सिंह ने उद्घाटन समारोह में छात्रों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वार्षिक खेल उत्सव के आयोजन से छात्रों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षक टीम ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं। समापन समारोह 21 दिसंबर को आयोजित होगा जिसमें कोबरा 203 के डिप्टी कमांडेंट कैलाश गंगावाने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** आत्मनिर्भर बड़कागांव फार्मर्स सर्विसेज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वाधान में चंदौल पंचायत स्थित होरम गांव में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट कर किया। किसानों ने जोरदार तरीके से विधायक को फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता है इनकी हर समस्याओं का समाधान करना हमारा पहली प्राथमिकता होगी। किसानो की सिंचाई की सुविधा के लिए हम प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी से मिलकर सदन में बात रखे हैं, और बहुत जल्द ही जहां-जहां किसानों की समस्या हैं, उसका समाधान मिल बैठकर करेंगे। सभी पंचायत में सर्वे कर सिंचाई की सुविधा के लिए सूचीबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा। हर कुआं में बिजली और जगह-जगह पर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसानों को खेती करने में किसी भी तरह की समस्या ना हो पाए। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान प्रवीण कुमार ने कहा कि हमारी संस्था की ओर से किसानों को 50त्न अनुदानित दर पर बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन हम सरकार से मांग कर रहे हैं, कि जिस तरह से आदिवासियों को 100त्न अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराया जाता है। उसी तरह से प्रत्येक किसानों को 90त्न सब्सिडी पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाए ताकि किसानों को खेती करने में कोई समस्या ना हो। कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता ने कहा कि इतना देरी से सरकार धान की खरीदारी कर रही है की किसान नवंबर माह में लगभग 75त्न धान बिचौलिए के हाथों में देख चुके हैं ।मात्र 25त्न धान बचा है जिसमें किसानों को अधिप्राप्ति केंद्र में बेचना है, पर किसानों का भुगतान 6 से 8 महीना में होता है जिससे किसान पैक्स में धान बेचने से कतराते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदौल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सनीत महतो ने किया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कालेश्वर गंझु केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व प्रमुख सह जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य सुरेश राम, लीलाधन साव, प्रवीण कुमार, उपेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया अशोक महतो, दिनेश्वर कुमार महतो, ईश्वर दयाल कुमार, अवधेश सिंह, जी टी भारत संस्था के निर्भय कुमार, दीपक चिकने, होरिल महतो, संजय कुमार, घनश्याम कुमार सहित भारी संख्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल सदस्यता अभियान की कार्यशाला में जुटे भाजपाई



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल ने बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सभागार में प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की तथा संचालन महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया। प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि हज़ारीबाग साँसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा,प्रभारी मिथलेश कुमार पाठक तथा मंडल सदस्यता संयोजक डोमन गुप्ता की मौजूदगी में कामकाजी बैठक प्रारम्भ की गई। कार्यशाला की बैठक के पूर्व हज़ारीबाग साँसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा का मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बर्णवाल उर्फ दीपू भाई समेत मंडल पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ तथा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। आयोजित कार्यशाला में प्रभारी मिथलेश कुमार पाठक ने सदस्यता अभियान के बारे में मडंल पदाधिकारियों,मंच मोर्चा के अध्यक्षो,शक्तिकेन्द्र संयोजक तथा बूथ अध्यक्षो को सम्बोधित करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल में सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी संयोजक डोमन गुप्ता सह-संयोजक गौतम भारती, जीवन सोनी को सौंपी गई है। मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को अंतिम रूप दिया जाना है। सदस्यता अभियान का शुभारंभ 22 दिसम्बर 2024 से की जानी है। शक्तिकेन्द्र में 200 सदस्यो को जोड़ना है। 23-24 दिसम्बर को मंडल के प्रत्येक बूथो में जाकर भाजपा से जुड़ने को इक्षुक लोगो को भाजपा का सदस्य बनाना है। 25 दिसम्बर 2024 को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस बूथो पर जाकर मनाना है,और इस दिन श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि देते हुए अधिक से अधिक लोगो को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाना है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,शम्भूनाथ पाण्डेय,पूर्व महामन्त्री शंकर प्रसाद बर्मन,उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, राकेश वर्मा उर्फ डब्लू सोनी,मंडल मंत्री राजेश सोनी, सुनील अकेला, राजू श्रीवास्तव,बंटी श्रीवास्तव, अनूप कुमार कसेरा, बिनोद गुप्ता,कुन्दन वर्मा, अरविंद लाहकार,राजेश प्रसाद,शशि लाहकार, मुकेश कुमार, पवन कुमार, तालेश्वर यादव, वकील सिंह, अशोक कुमार, जयनाथ साव, सुखदेव मंडल,रंजीत कुमार, राजू साव,सुरेश रजवार, अनुभव भारती, तिलेश्वर साव, मुन्ना सिंह, सुबोध कुमार, सुरेश कुमार दास, सुरेश रवानी समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने हासिल किया मील का पत्थर




**- बनादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वीं रैक कोयला को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपनी यात्रा के पड़ाव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर छू लिया है।दिनांक 18 दिसंबर 2024 को परियोजना के बनादाग रेलवे साइडिंग से 20,000वीं रैक को हरी झंडी दिखाकर परियोजना प्रमुख शफैज तैय्यब ने रेलवे विभाग, एमडीओ, सैल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रवाना किया। यह अनूठा कीर्तिमान रचने वाला पकरी बरवाडीह एनटीपीसी की पहली कोयला खनन परियोजना है। ग़ौरतलब है कि 16 मई 2016 में अपनी स्थापना के बाद से पकरी बरवाडीह ने साल दर साल कई कीर्तिमान छुए हैं लेकिन आज 20 हज़ारवीं कोल रैक को रवाना करना उन सभी कीर्तिमानों से सबसे ऊपर है। ज्ञात हो कि 17 फ़रवरी 2017 को पहली रैक परियोजना के बानादाग रेलवे साइडिंग से रवाना किया गया था। पहली रवानगी से लेकर अब तक परियोजना में 76 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक कोयला देश की 23 विद्युत परियोजनाओं को डिस्पैच किया है जिससे आज देश का हर कोना रौशन हो रहा है।

# बरही के लस्करी गांव में सरकार ने नहीं सुनी तो ग्रामीण आपसी सहयोग से बना रहे हैं नाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के लसकरी गांव में शिवकुमार राम के घर से लेकर मो बारीक के घर तक नाली नहीं होने के कारण कई वर्षो से घरों के बाहर जलभराव हो रहा था, ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से कई बार फरियाद की। कहीं सुनवाई नहीं हुई तो आपसी सहयोग से नाली का निर्माण शुरू करा दिया है। मजदूरों के बजाए ग्रामीण श्रमदान कर रहे है। बता दें 100 मीटर करीब नाली की लंबाई है। नाली नहीं होने के कारण घरों के सामने पानी भरा रहता है, जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने नाली बनवाने के लिए कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ फरियाद की लेकिन सभी जगह उन्हें बजट ना होने की बात कह मना कर दिया गया। वहीं अंतिम में परेशान होकर ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से नाली का निर्माण शुरू करा दिया है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर मुखिया गोविंद साहू ने बताया कि नाली निर्माण का प्रस्ताव कार्य योजना में है, बजट नहीं होने के कारण नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा है। मौके पर गणेश प्रजापति, केदार प्रजापति, मनीष कुमार, मो हदीश, हसीना खातून, पिंटू कुमार एवं मनोज कुमार समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।


**AFFIDAVIT**

I, Afreen Khatun D/O Md Nasim sheikh R/O Lakhi Kundi, Po:Asansol P.S. Dumka Muffsil, Dumka Jharkhand, do hereby solemnly affimas under :-

**1.** That my true and correct name is Afreen khatun, which is mentioned in my Educational Certificates.

**2.** That in Adhar Card no. 7607 0320 2698 my name is written as Lushi Khatun, which is my nick name

**3.** That Afreen Khatun and Lushi Khatun is the name of same and one person, which is myself

**4.** That the statements made above are true and correct, if found wrong I am liable for the same.

**Afreen khatun**
**Deponent**
**Ref No. 3888 / 18/12/2024**

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रामगढ़ 9

रांची, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024 | पेज


## ज़ोया परवीन के नेतृत्व में रामगढ़ ज़िला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की टीम पहुँची राजभवन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा




बुधवार को राजभवन मार्च कांग्रेस भवन रांची से राजभवन तक किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के निर्देश पर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की जिला अध्यक्ष जोया परवीन के नेतृत्व में रामगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारीगण पहुँचे राँची जिसमें प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में रामगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने राजभवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर महासचिव साबीर अंसारी, शमीम शैख, शफीक अली, रियाजुद्दीन, तस्लीम अहमद, आरिफ अंसारी, मो आशिक, रितेश दास, अल्यास अंसारी, तोसिफ अंसारी, सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## रामगढ़ प्रखंड स्तरीय उर्दू ज्ञान एवं सुलेख प्रतियोगिता 25 को

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन फरोग उर्दू, रामगढ़ जिला इकाई द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय उर्दू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 25 दिसंबर को 10 बजे से अंजुमन फरोग ए उर्दू द्वारा रामगढ़ प्रखंड स्तरीय उर्दू ज्ञान एवं सुलेख प्रतियोगिता अल फातमा उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल गोलपार में कराया जाएगा। प्रतियोगिता आयोजित होने के उपरांत उसी समय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में 11 से 15 वर्ष के बच्चे जूनियर और 16 से 20 वर्ष के बच्चे सीनियर ग्रुप में भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव के अंजुमन सदर सेक्रेटरी और प्रबुद्ध लोगों को उपस्थित होने की निवेदन की जा रही है।अंजुमन फ़रोग ए उर्दू के रामगढ़ प्रखंड के प्रखंड संयोजक इकबाल अहमद ने इसकी जानकारी दी।

## भाकपा-माले द्वारा दिवगंत कामरेडों का स्मृति दिवस मनाया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव



कामरेड विनोद मिश्रा के 26 वें स्मृति दिवस एवं कामरेड विनोद बिहारी महतो के 33 वें स्मृति दिवस पर रामगढ़ प्रखंड के हेसला (महुआटांड) में पार्टी सदस्यों एवं समर्थकों की उपस्थिति में दिवगंत कामरेडों का स्मृति दिवस मनाया गया।चित्र पर माल्यार्पण भाकपा-माले जिला कमिटी सह रामगढ पार्टी कमिटी सदस्य कामरेड विजेन्द्र प्रसाद के द्वारा किया गया।1मिनट के मौन श्रद्धांजलि के साथ ही केन्द्रीय कमिटी की आह्वान और संकल्प पत्र का पाठ किया गया। स्मृति दिवस के अवसर पर पार्टी सदस्यता भर्ती, पार्टी सदस्यों का नवीकरण,ब्रांच (शाखा),लोकल कमिटी का गठन-पुनर्गठन एवं प्रखंड सम्मेलन फरवरी 2025 तक आयोजित करने पर उपस्थित सदस्यों के बीच चर्चा व तैयारी में जूट जाने का विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में सरयू बेदिया,माथुर राम,विजय प्रजापति,लालकुमार बेदिया,गनेश बेदिया , शैलेन्द्र बेदिया,महादेव राम,छोटन मुंडा,मोदी बेदिया,अनवर अंसारी,रुपलाल बेदिया,बंशी बेदिया,बसंत प्रजापति,केदार बेदिया,टुमन बेदिया,राजू ठाकुर,जोगल बेदिया अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल में भाजपा सदस्यता को लेकर कार्यशाला का किया जायेगा आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल में भाजपा सदस्यता को लेकर एक कार्यशाला किया जाएगा मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तथा सदस्यता संयोजक ऋषिकेश सिंह , सहसंयोजक कुणाल दास, रीता मानसाता, को बनाया गया है स्थान साहू धर्मशाला समय 2ः00 बजे बैठक कर सदस्यता कार्यशाला कार्यक्रम को विस्तृत रूप से जानकारी देने के लिए प्रदेश ,जिला के पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे भाजपा ने पूरे देश में एक-एक कार्यकर्ता अपने बूथ के मतदाताओं के पास जाकर भाजपा का सदस्य बनाएंगे संगठन के द्वारा केंद्र ,प्रदेश ,जिला, मंडल ,से बूथ तक कार्यक्रम किया जाएगा इस कार्यक्रम में मंडल में निवास करने वाले अपेक्षित पूर्व वर्तमान सभी सांसद, विधायक, सभी मंच ,मोर्चा ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य, पूर्व वर्तमान जिला पदाधिकारी , सभी वरिष्ठ नेता भाजपा के सहयोगी ,मंडल पदाधिकारी ,शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, शह संयोजक बूथ अध्यक्ष आप सादर आमंत्रित हैं

## शिक्षा विभाग के प्रशिक्षुओं ने गड़के गांव का किया शैक्षणिक सर्वे

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा



विभाग ने गड़के गांव का शैक्षणिक सर्वे किया। जिसमें एमएड ,बीएड सत्र 2023-25 एवं 2024- 26 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में गांव की संपूर्ण प्रगति का संग्रह ,संकलन और प्रचार-प्रसार करना है। प्रशिक्षुओं ने गांव का भ्रमण किया एवं सर्वे के लिए तैयार अनुसूची के माध्यम से सामाजिक , आर्थिक एवं शैक्षिक से संबंधित आंकड़े एकत्रित किया गया, यह अकड़ा प्रशिक्षुओं के साथ-साथ ग्रामीणों को मिल का पत्थर साबित होगा।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहां वर्तमान में रूढ़िवादिता , अराजकता, अंधविश्वास सहित न जाने कितने ऐसे व्यापक क्षेत्र है जहां अभी भी शिक्षा का अलख जगाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा किया गया यह सार्थक प्रयास सराहनीय है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) अंजू तिवारी ने कहा की यह शैक्षणिक सर्वे हमारे पाठ्यक्रम का एक हिस्सा इस सर्वे के दौरान प्रशिक्षुओं को सामुदायिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा और छात्रों में सहयोग की भावना जागृत होगी।

## जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किये जा रहे हैं कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्रमवार संचालित योजनाओं व विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला सुपरवाइजर्स को 28 दिसंबर तक शत प्रतिशत गर्भवती व धात्री माताओं का डाटा पोषण ट्रैकर ऐप में अंकित करने एवं ससमय सभी को पोषाहार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों यथा इन्फैंटोमीटर, स्टेडिओमेटर, वेट स्केल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र वार वर्तमान में आवश्यकता अनुसार ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों का आकलन करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रभावी संचालन को लेकर उपायुक्त ने वर्तमान में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की रिक्तियों की जानकारी लेते हुए आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 46 एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के 4 पदों पर रिक्तियां भरे जाने हेतु निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने एवं नियुक्ति हेतु आयोजित होने वाली आम सभा का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।

# रामगढ़ पुलिस ने किया जिला स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शहर के सिद्दो-कान्हू मैदान में बुधवार को रामगढ़ पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न थाना और ओपी क्षेत्र के कई लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक किया गया। वहीं कार्यक्रम में दोपहर रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कार्यक्रम के संबंध में कई जानकारियां लीं।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत मैदान में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ (डीएलएसए), सहायता केंद्र रामगढ़ जन शिकायत समाधान कोषांग रामगढ़, रामगढ़ थाना, रामगढ़ महिला थाना, वेस्ट बोकारो ओपी, रजरप्पा थाना गोला थाना, मांडू थाना, कुज्जू ओपी, बरलंगा थाना, पतरातू थाना, बासल थाना, भदानीनगर ओपी और भुरकुंडा ओपी की ओर से कैंप लगाया गया। कार्यक्रम में 5 बजे तक 106 शिकायतें आयी। कुल 10 मामलों का निष्पादन त्वरित किया गया । जिसमें अधिकांश मामले जमीन विवाद, पैसों के लेन- देन और घरेलू हिंसा के रहे। समस्याओं पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना और ओपी के प्रभारी और पुलिस अधिकारियों को मार्गदर्शन दिए और शिकायतों के जल्द समाधान हेतु निर्देशित किया।इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए एसपी अजय कुमार ने कहा कि सितंबर माह में पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। जिसमें 193 मामले आए थे। जिनमें से अधिकांश मामलों का निष्पादन किया गया। आज पुनः कार्यक्रम के माध्यम से लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे हैं। जिनका समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में डीएसपी मुख्यालय चंदन वत्स, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद , पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार सहित सभी थाना व ओपी के प्रभारी मौजूद थे।





## रेलवे क्रोसिंग बंद होने की समस्याओं का समाधान करेंगे सांसद : राजीव जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मायल रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे क्रोसिंग को बंद करने की योजना बन रही हैं। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों को जैसे ही मिली ग्रामीण चिंतित हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल को दिया। ग्रामीणों की सूचना पर सांसद प्रतिनिधि मायल रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि रेलवे क्रोसिंग को बंद किया ज रहा हैं।यदि रेलवे क्रोसिंग बन्द कर दिया गया तो ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। लोग 4 किलोमीटर दूर जाकर आवागमन करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि रेलवे क्रोसिंग बन्द करने की सूचना स्थानीय हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को दे दिया गया है। सांसद जल्द ही रेल मंत्री सहित रेल विभाग के वरीय अधिकारियों से मिलकर इस समस्या का हल निकालेंगे।ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करेंगे।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने तुरंत इस मामले को हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल को इसकी सूचना मोबाइल पर दी और स्थानीय लोगो का फ़ोन पर बात भी करवाया ।इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या के संबंध में रेल मंत्रालय से बात कर मायल रेलवे क्रॉसिंग से संबंधित समस्या का समाधान किया जाएगा ।इस अवसर पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों संग रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण भी किया और ग्रामीणों के साथ बैठक भी किया ।इस अवसर पर बड़कीपोना मुखिया अरविंद सिंह, लारी मुखिया दिवाकर नायक, समाजसेवी रमेश दांगी, दिवाकर नायक, दीपक सिंह ,दीपक कुमार, सुरेंद्र महतो, जयशंकर महतो, सुरेंद्र राम दांगी, सुदेश महतो, सुदेश कुमार, आशीष ग्रामीण उपस्थित थे ।



## पूर्व विधायक प्रत्याशी ने डीसी को दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला में अवैध तरीके से चलाए जा रहे ईट भट्ठों को लेकर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी व रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने बुधवार को रामगढ़ डीसी को एक आवेदन देकर ईट भट्ठों की उचित जांच कर संचालन करने का परमिशन देने की मांग की है।धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ डीसी को दिए आवेदन में कहा है कि पूरे जिला में चलने वाले ईट भट्टे गैरकानूनी कार्यों के केन्द्र बन गए है। ईट भट्ठा चलाने वालो का गिरोह सरकारी राजस्व को बड़ा नुकसान पहुंचाते रहे है। ये ईट भट्टे प्रदूषण मानको को पूरा नहीं करते, मजदूरों को उचित पारिश्रमिक नहीं देते, वगैर वैध कागजात के ट्रेक्टरों का संचालन करते हैं। साथ ही साथ अवैध कोयला का उत्खनन व उपयोग करते हैं। दिखावे के लिए दो-चार ट्रक कोयला खरीद कर कागजात दिखाते है। पूरे जिले मे लगभग 150 ईट भट्टे विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित है। ये भट्टे कैसे संचालित होते है किसी से छिपा नहीं है। माना जाता है कि खनन विभाग और थानो को मैनेज कर ईट भट्ठे चलाये जाते है। यह कई वर्षो से जिला में हो रहा है। श्रीमान् से निवेदन है कि अब पुनः ईट भट्ठे में ईटो का उत्पादन प्रारंभ होने का मौसम आ गया है। मेरा अनुरोध है कि पूरी जाँच के बाद ईट भट्ठों के संचालन की अनुमति दी जाए साथ ही ईट भट्ठों के क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि कोयले को अवैध उत्खनन एवं ईट भट्ठों में अवैध कोयला की खपत न की जा सके।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में चलंत लोक अदालत एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के तहत बुधवार को सिद्धू कान्हू मैदान, केदला पंचायत भवन, घाटो चौक, एस सी-एस टी विद्यालय माण्डु मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अभिनव कुमार (न्याय रक्षक), अधिकार मित्र अरविंद राम, योगेश्वर कुमार, उपेन्द्र कुमार व अन्य अधिकार मित्रो ने भाग लिया। अभिनव कुमार के द्वारा उपस्थित अनेक लोगों को लोक अदालत, विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का भी विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगो को दिया । इन्होंने बताया की इस योजना का उद्देश्य सभी नागरिकों को न्याय उपलब्ध कराना है,चाहे वे आर्थिक रूप से सक्षम हों या नहीं। यह प्रणाली गिरफ्तारी से पहले, रिमांड और बेल की प्रक्रिया से लेकर अपील तक, निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करती है। बच्चो को संबोधित करते हुए बताया गया की बच्चो को अपने माता पिता के बातों का साथ-साथ अपने शिक्षको के बातों का अपने जीवन मे अनुपालन कर वे अपने जीवन को सफल बना सकते है, अपने जीवन मे नई ऊंचाईयों को प्राप्त कर सकते है, बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे बताया गया, उन्हे बताया गया की जिस प्रकार संविधान के द्वारा भारत के नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान की गई है उसी प्रकार मौलिक कर्तव्य भी बताई गई है जिसका अनिवार्य रूप से पालन होना

## दामोदर नदी बचाओ संघर्ष समिति द्वारा डोर टू डोर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दामोदर नदी बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा पूर्व योजना की भर्ती यह यह हस्ताक्षर अभियान रामगढ़ जिला में चलाया जाएगा इस अभियान में सैकड़ो युवाओं के द्वारा जनजागरण अभियान है ताकि दामोदर नदी को गंदगी मुक्त बना सके दामोदर नदी बचाओ संघर्ष समिति संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान डोर टू डोर और दामोदर नदी में जो गंदगी किया जा रहा है उसको रोकने का प्रयास किया जाएगा 10 से 15 साल के अंदर एक स्वच्छ नदी को गंदा नाला बना दिया गया है कल कारखानों के द्वारा नदी को गंदा किया जा रहा मृत्यु जानवरों को भी पानी में फेंका जा रहा इस पानी जहरीला होता जा रहा है रामगढ़ में जन जागरण अभियान चलाकर इस मुहिम आंदोलन में जोड़ा जाएगा हमारा नारा है दामोदर नदी बचाओ रामगढ़ बचाओ इस मुहिम के तहत या अभियान चलता रहेगा जब तक दामोदर नदी स्वच्छ सुंदर निर्मल ना हो जाए इस अभियान के कोर कमेटी के अरविंद कुमार तुलेश्वर पासवान अनिल रजक सोनी ओम प्रकाश जीतन कुमार सौरभ ठाकुर पंकज कुमार असवार महतो पवन महतो आदि उपस्थित थे ।

## सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे युवाओं पर लाठी चार्ज मे घायल देवेंद्रनाथ महतो से मिले जेएलकेएम की टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलन करने वाले जेएलकेएम के केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष व छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो समेत दो अन्य छात्र मधु रजक, मनोज कुमार महतो को कोतवाली थाना राँची से मंगलवार को रिहा कर दिया गया । आरोप था कि सीएसएससी - सीजीएल परीक्षा मे काफी गड़बड़ी हुई है । तीनों को नामकुम राँची स्थित सदाबहार चौक के समीप से सोमवार को हिरासत में लिया गया था । जेएसएससी कार्यालय के समीप जेएलकेएम तथा अन्य छात्र संगठन सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे. इस दौरान सोमवार को लाठी चार्ज के बाद इन लोगों को हिरासत में लिया था ! लाठी चार्ज में देवेंद्र नाथ महतो बुरी तरीके से घायल हो गए थे देवेंद्र महतो को 27 घंटे तक पुलिस की हिरासत में रहे ! रिहा होने के बाद लोगो मे हर्ष का मौहल है । देवेंद्र नाथ महतो से मिलने रामगढ़ जिला के मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, सक्रिय सदस्य राजू बेदिया, प्रमोद कुबेदिया, सुनील यादव, भुणेश्व बेदिया के अलावा दर्जनों लोगों ने मुलाकात कर जल्द स्वस्थ की कामना किये। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने छात्रों पर लाठी चार्ज के बाद गिरफ्तार जेएलकेएम व छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो को प्रशासन के द्वारा नहीं छोड़ने पर जेल भरो आंदोलन का ऐलान कर चुके थे द्य पार्टी के सक्रिय सदस्य राजू बेदिया ने देवेंद्रनाथ महतो को अंगवस्त्र देकर उनके हौसले का अफजाई किया।

## जैन समाज ने मनाया आचार्य का जन्म जयंती समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दिगंबर जैन मंदिर के प्रांगण में मुनि श्री सुयश सागर जी का ससंघ भव्य मंगल प्रवेश सम्पन्न हुआ। मुनिश्री को स्थानीय पंचरत्न चौरसिया कॉम्प्लेक्स के सम्मुख समाज की बड़ी संख्या में भक्तगण एकत्र हुए एवं वही से मुनिश्री को गाजे बाजे के साथ पुरुषों एवं महिलाओं ने सामूहिक नृत्य करते हुए मंगल प्रवेश करवाया गया । मुनिश्री के प्रवेश का स्थानीय लोगों में अत्यंत उत्साह देखा गया । मुनिश्री के नगर भ्रमण के दौरान भक्तगणों ने जगह - जगहों पर मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया एवं उनकी आरती करते हुए मंगल गान गये। मंदिर प्रवेश के बाद मुनिश्री ने अपने मुखारविंद से सभी श्रावकों को धर्मोपदेश दिया । तत्पश्चात जैन भवन में आचार्य विशुद्ध सागर जी का अवतरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मंगला चरण के साथ दिशा पाटनी द्वारा किया गया । दीप प्रज्वलित समाज के पूर्व अध्यक्ष हीरा लाल पाटनी, विजेंद्र जैन रमेश सेठी, माणिक पाटनी एवं वर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवालव ने किया।आचार्य का चित्र अनावरण अरुणा जैन परिवार एवं इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार द्वारा किया गया तत्पश्चात मुनिश्री का पाद प्रक्षालन हजारीबाग की जैन महिला समिति द्वारा किया गया एवं शास्त्र भेंट दिगम्बर जैन समाज हजारीबाग द्वारा किया गया ।तत्पश्चात आचार्यश्री एवं मुनिश्री की पूजन की गई । साथ ही , बच्चों एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । उक्त जानकारी देते हुए समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया मुनि के आगमन से पूरा समाज भक्तिमय हो गया तथा उन्होंने समाज के लोगों को राजेंद्र चूड़ीवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र पाटनी , श्रवण जैन , जंबू पाटनी , विकाश रपरिया , अमित जैन, राजेश चढ़ीवाल, दीपक जैन, नितिन पाटनी, राकेश पांड्या, निशा जैन डॉ शरद जैन, संजय सेठी, पदम सेठी, अशोक सेठी महावीर प्रसाद गंगवाल , विमल सेठी आदि शामिल थे।


## रामगढ़ विधायक ममता देवी की सिफारिश पर दो महिलाओं को मुख्यमंत्री राहत कोष की सहायता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़:** रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी के अनुसंशा से गोला कालीनाथ चौक में लाड़ली परवीन और चोकाद गांव में कविता देवी को ईलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 हजार का चेक सहायता हेतु प्रदान करते रामगढ़ विधानसभा कांग्रेस पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने प्रदान किया। इस मौके पर बजरंग जी ने कहा कि विधायक ममता देवी हर समय क्षेत्र की लोगो का हर सुख दुःख की घड़ी में खड़ी है और लोगो को हर समय मदद करती रहेंगी।इस मौके पर पुर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो आंदू महतो तसलीम अहमद सगीर अंसारी गणेश करमाली मणिलाल गोस्वामी सुमन देवी जयंती देवी संगीता देवी रुनझुन देवी सहित दर्जनो लोग शमिल थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम चतरा कॉलेज के लिये रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय से 30 सदस्यों की टीम विभिन्न इवेंट्स में भागीदारी के लिए चतरा कॉलेज चतरा के लिए रवाना हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष रामगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उल्लेख्य है कि प्रतियोगिता में जो विद्यार्थी चयनित होंगे ,वे आगे ईस्ट जोन की प्रतियोगिता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। ऐसे में इस प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए रामगढ़ कॉलेज के प्रतिभागियों ने पूरी मेहनत और लगन से तैयारी की है। टीम मैनेजर डॉ अनामिका ने विश्वास जताया कि स्किट ,माईम , नृत्य, रंगोली, चित्रकारी, एलोकेशन जैसी विभिन्न विधाओ में रामगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करेंगे। झांकी प्रस्तुति के लिए भी रामगढ़ कॉलेज ने बढ़िया थीम मोटा अनाज स्वस्थ जीवन का चयन किया है। प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे ने शुभकामनाएं दी और कहा कि रामगढ़ कॉलेज के प्रतिभावान विद्यार्थियों की कई प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए जरूर यादगार रहेंगी। श्रुति, रिया, रानी अलीशा, कुमारी श्रुति, रानी, जीत, पवन, पलक, दीक्षा, जालंधर, प्रीतम सज्जाद, पंकज चित्रा, अंकित, रानी, विशाल, लक्ष्मी, कमल, प्रकाश ,नेहा, संगीता इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप और रजनीश पाठक, राम देवनाथ ,अंकित पाठक, विक्की,गोगल नायक संगीतकार के रूप में शिरकत करेंगे। इस टीम का प्रतिनिधित्व डॉ. अनामिका और डॉ. मालिनी डीन करेंगी।

# शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु जिला स्तर पर शुरू हुआ अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने तथा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के लिए आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के तकनीकी सहयोग से सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला+2 स्कूल के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी के आदेशानुसार किया गया।कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि तम्बाकू सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रुप में वैश्विक स्तर पर उभर रही है। इसलिए तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोशिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी



(सीड्स) झारखण्ड द्वारा तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई।जिसमें सभी शिक्षण संस्थानों में धूम्रपान मुक्त एवं तंबाकू मुक्त परिसर का साइनेज का प्रदर्शन एवं नामित किए गए पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर अंकित होना, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का साइनेज शिक्षण संस्थान के मुख्य द्वार पर लगाना, तम्बाकू सेवन के दूष्परिणामों से संबंधित पोस्टर का प्रदर्शन, हर छः माह पर तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करना, तम्बाकू मोनिटर शिक्षक एवं विद्यार्थि नामित करना एवं उनका नाम पदनाम एवं मोबाईल नम्बर को साइनेज पर प्रदर्शित करना, तम्बाकू मुक्त विद्यालय हेतु आचार संहिता विकसित किया जाना, स्कूल के बाहरी दीवारों से 100 गज के दायरे को पीली रेखा से रेखांकित कर तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करना तथा स्कूल के बाहरी दीवारों से 100 गज के दायरे में अवस्थित दूकानों में किसी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों की बिक्री न होना सुनिश्चित किया जाना शामिल हैं। उन्होंने तम्बाकू मुक्त पीढ़ी एवं तम्बाकू मुक्त गांव बनाए जाने की पूर्ण जानकारी दी।अंत में ने कार्यशाला में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की सहमति से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय, शिक्षा विभाग के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चयनित विद्यालय के प्राचार्य, नोडल शिक्षक, सीड्स झारखंड के क्षेत्रीय समन्वयक भोला पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अभाविप के 25 वें प्रदेश अधिवेशन के पोस्टर का हुआ विमोचन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 25 वाँ प्रदेश अधिवेशन आगामी 03 जनवरी 2025 को कोयला नगरी धनबाद में आयोजित होगा। अभाविप के अधिवेशन का पोस्टर विमोचन प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपनारायण जायसवाल, राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. पंकज कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा दित्या, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार, आदि थे ।

## तबरेज अंसारी ने बिनोद बाबू को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलन के महानायक एवं पूर्व सांसद बिनोद बिहारी महतो के 33वी पुण्यतिथि पर सिंदरी विधानसभा उपाध्यक्ष तबरेज अंसारी ने जुलूस एवं बाजे गाजे के साथ विनोद बाबू के समाधि स्थल विनोद धाम पहुंच कर बिनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही विनोद बाबू अमर रहे का नारा लगाए और उनकी जीवनी को याद कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की शपथ ली।

## हत्या और जानलेवा हमला के विरोध में तेली समाज का धरना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हाल के दिनों में हुए व्यापारी अमन साव की हत्या एवं कारोबारी चेतन साव पर जानलेवा हमला करने वाले अपराधियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में धनबाद जिला तेली साहू समाज ने बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया। जिला अध्यक्ष जगदीश साव ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर समाज के दो दो कारोबारी पर अपराधियों ने गोली चलाई जहाँ अमन साव की हत्या कर दी गई। तो वहीं चेतन साव गंभीर हालत में अस्पताल में इलाजरत हैं। पुलिस अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी, इससे पुलिस की निष्क्रियता का पता चलता है। प्रिंस खान के आतंक से धनबाद के व्यापारी ख़ौफ़जदा हैं। समाज आज के इस धरने के माध्यम से पुलिस प्रशासन को चेतावनी देने का काम कर रही है कि एक सप्ताह के भीतर अगर अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो राजभवन का घेराव किया जायेगा।धरना में समाज के अंकेश राज, हीरामन नायकु, जानकी प्रसाद महतो, देबू महतो, तालेश्वर साव, राजीव साव, उदय साव, कुलदीप साव, गुसेश्वर साव, सतीश महतो, रोहित महतो, सुदर्शन साव, भारती देवी गीता देवी इत्यादि थे।

## अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में 20 दिसम्बर को होगा रोजगार मेला का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 का आयोजन 1466 पदों के लिए किया जा रहा है। वैसे इच्छुक सभी अभियार्थी जो इस मेला में शामिल होना चाहते है वे इस रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के साथ शामिल हो सकते है। दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 दिनांक - 20 दिसम्बर 2024 को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद में पूर्वाह्न 10ः00 से अपराह्न 04ः00 तक रहेगी। अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति में लेकर आनी है। रोजगार मेला में 09 हजार महीना से लेकर 52 हजार तक की नौकरी मिलेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक,आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंध कार्ड, अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते हैं। इस रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। अधिक जानकारी के लिए नियोजनालय से संपर्क कर सकते हैं।

## विश्व अल्पसंख्यक दिवस के मौके पर समाहरणालय में सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** दिनांक 18 दिसंबर 2024 को विश्व अल्पसंख्यक दिवस के मौके पर समाहरणालय स्थित सभागार में कल्याण विभाग के द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विनीता कुमारी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।कार्यक्रम के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, अंचलाधिकारी पुटकी विकास आनंद, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, सहायक कुल सचिव बीबीएमकेयू समेत अन्य वक्ताओं द्वारा आज के इस सेमिनार में विश्व अल्पसंख्यक दिवस से संबंधित अपने-अपने मंतव्य रखे गए।वक्ताओं ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कल्याण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है, यह दिन विशेष रूप से उन समुदायों के अधिकारों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है, जो समाज में संख्यात्मक दृष्टि से कम हैं। हर साल 18



दिसंबर को भारत में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद द्वारा अल्पसंख्यक हेतु चलाए जा रहे हैं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल्याण विभाग द्वारा धनबाद जिला में शैक्षणिक विकास, गरीबों का विकास, छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास की व्यवस्था, बेरोजगार के लिए ऋण, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## रेल सुविधाओं में विस्तार की मांग को सांसद ढुलू महतो ने सदन में उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने संसद में रांची और हटिया से धनबाद तक रेल सेवाओं के विस्तार के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। उन्होंने सरकार से संवाद स्थापित करते हुए पूछा कि क्या इस संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन कराया गया है, और यदि हां, तो इसके परिणाम क्या हैं। साथ ही उन्होंने इस विस्तार से धनबाद और बोकारो टाउनशिप को संभावित लाभ के बारे में भी चर्चा की।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद श्री महतो के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा रेल सेवाओं का विस्तार परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात की मांग और संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। उन्होंने कहा कि रांची-बोकारो-धनबाद खंड की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्तमान में 34 रेलगाड़ियां संचालित की जा रही हैं। इनमें 16 अगस्त 2024 से शुरू की गई टाटानगर-जयनगर एक्सप्रेस (18119/18120) भी शामिल है, जो इस खंड से होकर गुजरती है।रेल मंत्री ने यह भी बताया कि धनबाद रेलवे स्टेशन से अब 142 रेल सेवाएं उपलब्ध हैं, जो दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और सिकंदराबाद जैसे प्रमुख शहरों से जुड़ी हैं। इसके अलावा, त्योहारों और छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए तीन जोड़ी विशेष रेलगाड़ियां भी चलाई जा रही हैं।सांसद ढुलू महतो ने सरकार के इस जवाब को सकारात्मक बताया और कहा कि वे धनबाद के विकास और यात्रियों की सुविधा के लिए अपनी मांगें लगातार उठाते रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि धनबाद और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं मिलती रहेंगी। कहा कि जनता को पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु अपनी आवाज सदन में हमेशा उठाता रहूँगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग**

पत्रांक 481 /हजारीबाग/ दिनांक–13/12/2024

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा अमंत्रित निविदा सं0–11/2024 – 25 (PR 341786 Water Resources 24-25 #D) में परिमाण विपत्र बिकी की तारीख एवं निविदा प्राप्त तथा खोलने की तारीख क्रमशः 18.12.2024 एवं 19.12.2024 को अपिरहार्य कारणवश परिवर्तित करते हुए परिमाण विपत्र बिक्री की तारीख 19.12.2024 एवं निविदा प्राप्ति तथा खोलने की तारीख को 2012.2024 किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

ह0–
कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।

PR.NO.342279 Water Resource(24-25):D



**ऊर्जा विभाग झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉची।**
**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/95/2024-25 दिनांक– 17/12/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग के प्रशासनिक भवन में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य एवं कर्मशला, मे इन्डस्ट्रीयल वायरिंग एवं हॉस्टल नं0 1 एवं 2 मे विद्युत अधिष्ठापन का कार्य एवं परिसर स्थित सुरक्षा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 40,28,554=00 | 5,000=00 | 81,000=00 | 42 दिन |
| II | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुरू, लोहरदगा के विभिन्न भवनों में सुरक्षा लाईट, बगीचा लाईट, गेट लाईट, हाईमास्ट लाईट, क्यूबिकल पैनल एवं सर्विस केबल के अधिष्ठापन का कार्य। | 29,14,947=00 | 5,000=00 | 60,000=00 | 42 दिन |
| III | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुरू, लोहरदगा में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य एवं विभिन्न वर्कशॉप में इन्डस्ट्रीयल वायरिंग का कार्य। | 45,41,990=00 | 5,000=00 | 91,000=0 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.12.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 26.12.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 03.01.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 04.01.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 342298 Energy(24-25)D



भू–अर्जन वाद संख्या–89/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–86/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–85/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–88/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–87/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–81/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–82/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–83/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–84/2022–23

**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)**

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा–हाहे–राहे पथ (एम०डी०आर०–021) (कुल लम्बाई–26.687 कि०मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना–राहे, थाना संख्या क्रमशः–101, 39, 36, 81 एवं 41 अंचल–राहे, एवं ग्राम–बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना–अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः–30, 33, 34 एवं 35 अंचल–अनगड़ा जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा–हाहे–राहे पथ (एम०डी०आर०–021) (कुल लम्बाई–26.687 कि० मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना–राहे, थाना संख्या क्रमशः–101, 39, 36, 81 एवं 41, अंचल–राहे एवं ग्राम–बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना–अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः–30, 33, 34 एवं 35 जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.0386, 2.1124, 1.0194, 0.4895, 3.1919, 1.6739, 0.3701, 1.2558 एवं 1.4041** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–बोंगईबेड़ा**

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 216 | 1248 | | 0.0434 | करमा गंझु वगैरह पिता–ललकु गंझु, रामप्रसाद गंझु, गंगाराम गंझु पिता–फुलेश्वर गंझु, लखीराम गंझु वगैरह पिता–सितु गंझु वो रमेश मुण्डा, छोटेलाल मुण्डा, जितलाल मुण्डा, पिता–सुखराम मुण्डा |
| 2 | 163 | 1249 | टाड़–2 | 0.0127 | भौरा गौझु वल्द जतरू गौझु |
| 3 | 45 | 1250 | | 0.0090 | चाड़ा मुण्डा पिता–बंधन मुण्डा |
| 4 | 1 | 1252 | | 0.0020 | उदय नाथ साहदेव पिता–लक्ष्मीनाथ साहदेव |
| 5 | 216 | 1253 | टाड़–2 | 0.0874 | करमा गंझु वगैरह पिता–ललकु गंझु, रामप्रसाद गंझु, गंगाराम गंझु पिता–फुलेष्वर गंझु, लखीराम गंझु वगैरह पिता–सितु गंझु वो रमेश मुण्डा, छोटेलाल मुण्डा, जितलाल मुण्डा, पिता–सुखराम मुण्डा |
| 6 | 216 | 1255 | टाड़–3 | 0.0389 | करमा गंझु वगैरह पिता–ललकु गंझु, रामप्रसाद गंझु, गंगाराम गंझु पिता–फुलेश्वर गंझु, लखीराम गंझु वगैरह पिता–सितु गंझु वो रमेष मुण्डा, छोटेलाल मुण्डा, जितलाल मुण्डा, पिता–सुखराम मुण्डा |
| 7 | 1 | 1261 | | 0.0030 | प्रेमलता कुमारी ब्रिजनाथ प्रसाद |
| 8 | 1 | 1264 | | 0.0322 | उदय नाथ साहदेव पिता–लक्ष्मीनाथ साहदेव, शंकर महतो पिता–नन्दलाल महतो |
| 9 | 1 | 1265 | | 0.0050 | उदय नाथ साहदेव पिता–लक्ष्मीनाथ साहदेव |
| 10 | 1 | 1279 | | 0.0015 | उदय नाथ साहदेव पिता–लक्ष्मीनाथ साहदेव |
| 11 | 1 | 1280 | | 0.0021 | कमल महतो पिता–मंगल महतो, सेवाराम महतो पिता–महेश महतो, बरजु राम महतो पिता–परना महतो |
| 12 | 165 | 1283 | टाड़–2 | 0.0051 | रामेश नाग मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा, जीतलाल मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा |
| 13 | 1 | 1286 | | 0.0073 | बरजु राम महतो पिता–परना महतो |
| 14 | 2 | 1289 | टांड़ 3 | 0.0015 | अघनु मुण्डा वल्द महादेव मुण्डा |
| 15 | 2 | 1290 | दोन 3 | 0.0020 | अघनु मुण्डा वल्द महादेव मुण्डा |
| 16 | 1 | 1291 | | 0.0034 | उदय नाथ साहदेव पिता–लक्ष्मीनाथ साहदेव, लक्ष्मीदास महतो पिता–सेवाराम महतो |
| 18 | 166 | 2435 | टाड़–1 | 0.0121 | रामेष नाग मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा, जीतलाल मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा |
| 19 | 166 | 2440 | टाड़–3 | 0.0212 | रामेष नाग मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा, जीतलाल मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा |
| 20 | 1 | 2441 | | 0.2448 | भानु महतो पिता–मेना महतो, फगन महतोवाईन पति–मेना महतो, करनाथ महतो पिता–गजवार महतो |
| 21 | 149 | 2442 | टाड़–3 | 0.0098 | ज्योतिश कुमार वगैरह पिता–स्व० महेश महतो, नागेश्वर महतो पिता–महेश महतो, महिराम महतो वगैरह पिता–मेघनाथ महतो, सीताराम महतो पिता–सोहराई महतो |
| 22 | 220 | 2484 | टाड़–2 | 0.0022 | चड़का मुण्डा पेशरान फगुआ मुण्डा वगै0 |
| 23 | 268 | 2489 | टाड़–3 | 0.0140 | चमलाल मुण्डा वगैरह पिता–बिगो मुण्डा, नागेश्वर मुण्डा वगैरह पिता–घुरन मुण्डा |
| 24 | 260 | 2490 | टाड़–3 | 0.2480 | चैतलाल मुण्डा वगैरह पिता–सैनका मुण्डा, बिगल मुण्डा वगैरह पिता–गुटरा मुण्डा, मनीराम मुण्डा पिता–परेश मुण्डा |
| 25 | 191 | 2523 | टाड़–3 | 0.1672 | चैतलाल लोहरा वगैरह पिता–सोहरईयो लोहरा, जगरनाथ लोहरा वगैरह पिता–चमरु लोहार, मंगु लोहरा पिता–अघनु लोहरा, लगनसाय लोहरा पिता–टुना लोहरा, बिरसा लोहरा वगैरह पिता–लगनसाय लोहरा |
| 27 | 128 | 2531 | दोन–3 | 0.0021 | बहीरा कन्दरू मुण्ड़ा पिता–बीनु मुण्डा |
| 28 | 165 | 2532 | दोन–3 | 0.0843 | रामेश नाग मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा, जीतलाल मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा |
| 29 | 165 | 2534 | दोन–3 | 0.1034 | रामेश नाग मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा, जीतलाल मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा |
| 30 | 63 | 2536 | टाड़–3 | 0.0036 | बिजय पाहन पिता–लाल साय पाहन, कुशल पाहन पिता–निरंजन पाहन, राजकुमार पाहन पिता–ललकु पाहन, आशाराम पाहन वगैरह पिता–सहजनाथ पाहन |
| 31 | 276 | 2537 | दोन 3 | 0.1055 | बकास्त पहनई |
| 33 | 23 | 2539 | दोन–3 | 0.0020 | मनोज मुण्डा पिता–नकुल मुण्डा, लखीचरण मुण्डा वगैरह पिता–मुकुन्द मुण्डा |
| 34 | 268 | 2581 | टाड़–3 | 0.0066 | चमलाल मुण्डा वगैरह पिता–बिगो मुण्डा, नागेश्वर मुण्डा वगैरह पिता–घुरन मुण्डा |
| 35 | 268 | 2582 | टाड़–3 | 0.0163 | चमलाल मुण्डा वगैरह पिता–बिगो मुण्डा, नागेश्वर मुण्डा वगैरह पिता–घुरन मुण्डा |
| 36 | 262 | 2648 | टाड़–3 | 0.0052 | करमा महतो वगैरह पिता–हेमनाथ महतो, धनेश्वर महतो वगैरह पिता–करम महतो |
| 37 | 75 | 2649 | टांड़ 2 | 0.0016 | दोचवा मुण्डा वल्द सोमरा मुण्डा |
| 38 | 75 | 2651 | | 0.0046 | चैत लाल मुण्डा वगैरह पिता–शैनका मुण्डा, बिगल मुण्डा वगैरह पिता–मुटरा मुण्डा, मनीराम मुण्डा पिता–परेश मुण्डा |
| 39 | 63 | 2652 | टाड़–2 | 0.0057 | बिजय पाहन पिता–लाल साय पाहन, कुशल पाहन पिता–निरंजन पाहन, राजकुमार पाहन पिता–ललकु पाहन, आशाराम पाहन वगैरह पिता–सहजनाथ पाहन |
| 40 | 63 | 2653 | टाड़–3 | 0.0011 | बिजय पाहन पिता–लाल साय पाहन, कुशल पाहन पिता–निरंजन पाहन, राजकुमार पाहन पिता–ललकु पाहन, आशाराम पाहन वगैरह पिता–सहजनाथ पाहन |
| 41 | 5 | 2695 | | 0.0022 | सुकरा गंझु पिता–अनुवा गंझु |
| 42 | 23 | 2708 | टाड़–2 | 0.0010 | मनोज मुण्डा पिता–नकुल मुण्डा, लखीचरण मुण्डा वगैरह पिता–मुकुन्द मुण्डा |
| 43 | 23 | 2709 | टाड़–3 | 0.0020 | मनोज मुण्डा पिता–नकुल मुण्डा, लखीचरण मुण्डा वगैरह पिता–मुकुन्द मुण्डा |
| 44 | 63 | 2710 | दोन–3 | 0.0019 | बिजय पाहन पिता–लाल साय पाहन, कुशल पाहन पिता–निरंजन पाहन, राजकुमार पाहन पिता–ललकु पाहन, आशाराम पाहन वगैरह पिता–सहजनाथ पाहन |
| 45 | 165 | 2712 | दोन–3 | 0.0016 | रामेष नाग मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा, जीतलाल मुण्डा पिता–सुखराम मुण्डा |
| 46 | 11 | 2721 | टाड़–3 | 0.0081 | बिरबल मुण्डा, निमली मुण्डा, सरेश मुण्डा पिता–महाबीर मुण्डा |
| 47 | 11 | 2722 | दोन–3 | 0.0036 | बिरबल मुण्डा, निमली मुण्डा, सरेश मुण्डा पिता–महाबीर मुण्डा |
| 48 | 11 | 2723 | टाड़–1 | 0.0126 | बिरबल मुण्डा, निमली मुण्डा, सरेश मुण्डा पिता–महाबीर मुण्डा |
| 49 | 29 | 2731 | टाड़–2 | 0.0101 | कोका गोझु वल्द चमर गझु वगै0 |
| 50 | 185 | 2733 | टाड़–2 | 0.0774 | स्नीचरवा उरांव पिता–मगरा उरांव |
| 51 | 29 | 2734 | टाड़–1 | 0.0358 | कोका गोझु वल्द चमर गझु वगै0 |
| 52 | 63 | 2735 | टाड़–1 | 0.0176 | बिजय पाहन पिता–लाल साय पाहन, कुशल पाहन पिता–निरंजन पाहन, राजकुमार पाहन पिता–ललकु पाहन, आशाराम पाहन वगैरह पिता–सहजनाथ पाहन |
| 53 | 63 | 2768 | टाड़–1 | 0.0072 | बिजय पाहन पिता–लाल साय पाहन, कुशल पाहन पिता–निरंजन पाहन, राजकुमार पाहन पिता–ललकु पाहन, आशाराम पाहन वगैरह पिता–सहजनाथ पाहन |
| 54 | 63 | 2769 | म0 स0 | 0.0170 | बिजय पाहन पिता–लाल साय पाहन, कुशल पाहन पिता–निरंजन पाहन, राजकुमार पाहन पिता–ललकु पाहन, आशाराम पाहन वगैरह पिता–सहजनाथ पाहन |
| 55 | 63 | 2770 | म0 स0 | 0.0098 | बिजय पाहन पिता–लाल साय पाहन, कुशल पाहन पिता–निरंजन पाहन, राजकुमार पाहन पिता–ललकु पाहन, आशाराम पाहन वगैरह पिता–सहजनाथ पाहन |
| 56 | 50 | 2772 | म0 स0 | 0.0035 | सावना मुण्डा वगै0 पिता–जगदेव मुण्ड़ा |
| 57 | 90 | 3025 | टाड़–3 | 0.0072 | अशोक कुमार महतो वगैरह पिता–गोकुल महतो, जितबाहन महतो वगैरह पिता–तुलसी महतो, पंजित महतो वगैरह पिता–सुखदेव महतो |
| 58 | 90 | 4468 | टाड़–2 | 0.0058 | अशोक कुमार महतो वगैरह पिता–गोकुल महतो, जितबाहन महतो वगैरह पिता–तुलसी महतो, पंजित महतो वगैरह पिता–सुखदेव महतो |
| 59 | 90 | 4470 | टाड़–3 | 0.1072 | अषोक कुमार महतो वगैरह पिता–गोकुल महतो, जितबाहन महतो वगैरह पिता–तुलसी महतो, पंजित महतो वगैरह पिता–सुखदेव महतो |
| 61 | 215 | 4492 | टाड़–3 | 0.0041 | लरल कुरमी वल्द रमना कुरमी |
| 62 | 276 | 2544 | दोन 3 | 0.0140 | बकास्त पहनई |
| 64 | 29 | 2730 | म0 स0 | 0.0039 | कोका गोझु वल्द चमर गझु वगै0 |
| 66 | 23 | 2540 | टांड़–2 | 0.0025 | करीआ मुण्ड़ा पेषरान रामजीत मुण्ड़ा वगै0 |
| | | | कुल– | 1.6739 | |

**मौजा–बानपुर**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 42 | 3074 | टाड़–3 | 0.0166 | सुखदेव महतो पिता–स्व० मंगरा महतो वो कांषो देवी पति–स्व० तुलसी महतो |
| 2 | 42 | 3156 | टाड़–2 | 0.0370 | सुखदेव महतो पिता–स्व० मंगरा महतो वो कांषो देवी पति–स्व० तुलसी महतो |
| 3 | 79 | 3148 | प0 क0 | 0.0086 | दुर्गा महली, कार्तिक महली, आसाराम महली, सालीखराम महली पिता–स्व० मुकुल महली वो रामनाथ महली, मीतू महली, शंकर महली पिता–स्व० जगरनाथ महली वो गोखुल महली, बिजय महली पिता–स्व० हनु महली वो महेश महली पिता–स्व० केतरा महली वो कौषिला देवी पिता–स्व० सिकरा महली वो भिखम तिर्की पिता–रतन तिर्की |
| 4 | 106 | 3157 | टाड़–1 | 0.0090 | सोमनाथ कुरमी पिता–भिखू कुरमी, रमेष कुमार महतो पिता–स्व० चतमरु महतो |
| 5 | 106 | 3163 | टाड़–3 | 0.0587 | सेवाराम महतो, शहरनाथ महतो, हरखनाथ महतो पिता–जयनाथ महतो |
| 6 | 128 | 3274 | नाला | 0.2327 | लाल बिजयनाथ साहदेव पिता–लाल कपील नाथ साहदेव |
| 9 | 106 | 3149 | टांड़ 2 | 0.0075 | सिधुवा लोहार वल्द भन्दुवा लोहार |
| | | कुल– | | 0.3701 | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती हैं।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। अपर समाहर्त्ता, राँची। उपायुक्त, राँची।

PR 342319 Land Reforms(24-25).D

# उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय केरसई का निरीक्षण कर अधिकारियो को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने प्रखंड कार्यालय केरसई का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी प्रखंड कर्मीयों संग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने प्रखंड में पंचायत अंतर्गत संचालित अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त महोदय ने पंचायत सचिव को टायड़ एवं अनटाइड मद में योजनाओं का चयन कर शत प्रतिशत राशि का खर्च करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुखिया एवं ग्रामीण आम जनता से बैठक कर योजनाओं का चयन करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि प्रखंड में संचालित 411 योजना में जियो टैग नहीं हुआ है जिसके कारण द्वितीय किश्त राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने लंबित सभी योजनाओं का ससमय जियो टैग करने हेतु रोजगार सेवक निर्देशित किया। उपायुक्त महोदय ने पंचायतवार बागवानी घेराबंदी योजना की समीक्षा किया इस दौरान उन्होंने लंबित बागवानी घेराबंदी कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा कर उन्होंने कहा कि यह सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो योग्य लाभुक उसका चयन कर प्रथम क़िस्त की राशि का भुगतान किया गया। जिसका प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए लाभुकों से निर्माण कार्य को शुरू करायें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा कर पुराने लंबित निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। एवं जिस लाभुक द्वारा आवास की राशि को खर्च कर घर नहीं बनाया गया वैसे लाभुक पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कहीं। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से करीलकुचा में निवास करने वाले बिरहोर समुदाय के लोगों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेरे भ्रमण के दौरान समुदाय के लोगों द्वारा साव दफ़न करने के लिए भूमि का मांग किया गया था। जिस पर अंचलाधिकारी ने बताया कि समुदाय के लोगों को भूमि का चयन कर उपलब्ध कराया गया। अभी वे लोग वहीं शव दफ़न करते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि बिरहोर समुदाय के लोगों को रहने हेतु भी सरकारी भूमि का भी चयन करके दिया गया है। उपायुक्त महोदय ने कहा कि जो परिवार आवास से वंचित हैं या टूटा फूटा मकान है तो इसकी मैपिंग कर यह जांच कर पीएम जनमन योजना से आच्छादित करें। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने केरसई मार्केट में जर्जर शेड को हटाते हुए मनरेगा से नया शेड निर्माण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने किनकेल पंचायत में बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुखिया से 2.5 एकड़ भूमि पर लगे बागवानी योजना में एक बागवानी सखी रखने का निर्देश दिया। बागवानी सखी के द्वारा बागवानी रख रखाव सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, सिमडेगा के तत्वाधान में अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, भटठी टोली में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 200 व्यक्ति उपस्थित हुए। उपस्थित जनसमूह को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, सिमडेगा, सिविल सर्जन, सिमडेगा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा, जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएल, सिमडेगा द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी द्यकार्यक्रम में जैन समाज के प्रेमचन्द जैन, सेंट्रल अनजुमन के अध्यक्ष मो0 ग्यास एवं उपाध्यक्ष मो0 मोजाहिद के द्वारा भी कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया गया।

# अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने पथ निर्माण से संबंधित योजनाओं को लेकर किया समीक्षा बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा की अध्यक्षता में आज बुधवार को पथ निर्माण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण कार्य प्रमंडल लोहरदगा के द्वारा किये जा रहे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शीर्ष 4515 के अंतर्गत कुल 41 प्रगतिशील पथ योजनाओं; ग्राम जुरिया तिगरा से अरकोसा पथ तक पथ निर्माण, कुसुमडीपा से टेलर टाँगर तक, ग्राम चरहु से मेरले पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण आदि, गैर योजना शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण की 17 योजनाओं (2022-23), वर्ष 2023-24 की 61 योजनाओं, 2024-25 की योजनाओं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-3) के अंतर्गत प्रगतिशील पथ योजनाओं, आरसीपीएलडब्ल्यूईए की 5 योजनाओं, आरसीपीएलडब्ल्यूईए ब्रिज (2019-20), आरसीपीएलडब्ल्यूईए ब्रिज (2021-22) और जनजातीय क्षेत्रीय उप योजना (आदिवासी कल्याण) की योजना जिसमें पेशरार में पुंदाग हुसरू पथ पर पुंदाग नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण (वर्ष 2021-22) की समीक्षा की गई। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल अंतर्गत एनएच 143 ए में कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, भूमि अधिग्रहण, एनएच 143 ए में बायपास पथ निर्माण व भूमि अधिग्रहण का कार्य समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता उपस्थित थे।

# अपूर्ण पीएम आवास के लाभुकों के साथ बीडीओ ने किया बैठक, लगाई फटकार, लापरवाह लाभुकों से कहा

**निर्धारित समयावधि पर कार्य पुर्ण नही होने पर विभागीय कारवाई कर राशि की जायेगी वसूली**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 दिसंबर बुधवार को पंचायत भवन कैरो में कैरो पंचायत मे पीएम आवास के वैसे लाभुक जिनके खाते में पिछ्ले 02 माह पुर्व आवास निर्माण कार्य हेतू बैंक खाते में राशि जाने के बाद निर्माण कार्य शुरु नहीं किये हैं, वैसे लाभुकों के साथ बैठक कर प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छन्दा भट्टाचार्य ने निर्माण कार्य में लापरवाह लाभुकों को लगायी फटकार। प्रविपदा0 ने कहा कि निर्धारित समयावधि तक प्रधानमंत्री आवास योजना या अबूआ आवास योजना यदि लाभुक के द्वारा पुर्ण नहीं करायी जाती है, तो एसे लापरवाह लाभुको पर विभागीय कारवाई करते हुए सरकार के द्वारा भेजी गई राशि रिकवरी की जायेगी। विदित है कि चंचला देवी, शतन राम, रिना देवी, चांदो देवी, रिना देवी इत्यादि लाभुको के बैंक खाते मे 15 अक्टूबर 2024 को ही योजना निर्माण कार्य हेतू प्रथम किस्त की राशि मो0 40000/-रू0 चालिस हजार रुपये सरकार के द्वारा भेजी जा चुकी है, फिर भी लाभुको ने धरातल पर योजना का निर्माण कार्य प्रारंभ भी नहीं किया है। एसे लापरवाह लाभुकों को फटकार लगाते हुए प्रविपदा0 ने योजना निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर समय सीमा तक पुर्ण करने का दिया निर्देश।

# आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी मॉडल लागू करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : कयूम खान

➲ **विशेष सत्र बुलाकर झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं का करें निदान : अमर किन्डो**

➲ **गुटबाजी के कारण ही आंदोलनकारियों को न सम्मान मिला न नियोजन पेंशन : प्रो. विनोद भगत**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की मासिक बैठक बुधवार को कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान में हुई। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान,जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत मौजूद थे। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलनकारियों का दर्द समझेंगे और जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान नियोजन पेंशन सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी आदरणीय शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू किया जाए। गुरुजी मॉडल के मुताबिक प्रत्येक आंदोलनकारी को प्रतिमाह 8000 रूपए पेंशन, एक-एक पक्का मकान, चिकित्सा, नियोजन सहित सभी सुविधाएं लागू करेंगे। अध्यक्षता करते हुए अमर किन्डो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत गए,लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याएं और मांगें जस के तस बनी हुई है। आंदोलनकारियों के हित में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता दिखलाई जाए। जिससे झारखंड आंदोलनकारियों में पनप रहे आक्रोश खत्म हो।जिला संयोजक ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर हैं। लगातार अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है।

# जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में सैकड़ों सनातनियों ने की धार्मिक यात्रा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में धार्मिक यात्रा सोनमेर मंदिर, देवड़ी मंदिर,सूर्य मंदिर एवं दशम फॉल जाने के लिए सैकड़ों भक्त सुबह 7 बजे निकले। सोनमेर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा तमाड़ के देवड़ी मंदिर के लिये निकले। देवड़ी मंदिर में सोलह भुजी मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद सभी बुंडू स्थित सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना कर लोहरदगा जिला समेत सभी सनातनियों के लिए सुख शांति की कामना की।साथ ही झारखंड की खूबसूरती और मनोरम स्थली दशम फॉल की मनमोहक वादियों का नजारा देख लोग गदगद हुए। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा समिति के द्वारा साल में दो बार तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिये धार्मिक यात्राएं आयोजित की जाती है। इस तरह का भक्ति यात्रा से लोगों में धर्म- संस्कृति को जानने एवं समझने साथ ही आपसी सौहार्द की भावना जागृत होती है और पूरा शहर का वातावरण भक्तिमय होता है। समिति के द्वारा भक्तों को फल और पानी की व्यवस्था की गयी थी।

# आगामी 25 दिसम्बर को पूरे झारखण्ड में एक साथ भाजपा का सदस्यता अभियान का होगा शुभारंभ : बिंदेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखण्ड के कैरो देवी मण्डप के सामने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रखण्ड, पंचायत स्तरीय पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं की एक बैठक मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में हुई। मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सह सदस्यता अभियान के प्रभारी विंदेश्वर उरांव ने विगत विधान सभा चुनाव पर बातचित के बाद भा ज पा द्वारा चलाये जाने वाले सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन द्वारा देश पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी के जन्म दिवस के अवसर पर आगामी 25 दिसम्बर को पूरे झारखण्ड में एक साथ भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान की सुरुआत की जाएगी। सभी पार्टी पदाधिकारी कायकर्ता लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाना सुनिश्चित करेंगे ताकि आने वाले दिनों में भाजपा पूरे प्रदेश में जीत दर्ज कर सके। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिये कम से कम 50 लोगो को सदस्य के रूप में जोड़ना होगा वहीं मण्डल पदाधिकारियो को कम से कम दो दो सौ सदस्य बनाना है।अंत मे उन्होंने कहा कि चुनाव में हार जीत लगी रहती हैं लोहरदगा से हमारे गठबंधन दल को हार का सामना करना पड़ा है हमारी पार्टी पूरी लगन से काम किया।

**सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह मनायें : सचिन कुमार साहू**

# भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं : अजय पंकज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की नगर बैठक अटल भवन में कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की जिसमें सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा की 22 दिसंबर से 14 जनवरी तक सदस्यता महापर्व बनाने का निर्णय लिया गया है 22 दिसंबर को सदस्यता महापर्व का विधिवत शुभारंभ होगा और 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता अभियान संयोजक अजय पंकज ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। यह सदस्यता महापर्व पार्टी को मजबूत और संघर्षशील बनाने का अवसर है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने परिवार के साथ मानती है।

# जिला स्तरीय एक दिवसीय मुखिया कार्यशाला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पीरामल फाउंडेशन और जिला पंचायती राज विभाग सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में जन-प्रतिनिधियों की शिक्षा और स्वास्थ्य में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी प्रखंडों के मुखियागणों का एक दिवशीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता और कोलेबिरा की ब्लॉक प्रमुख की मुख्य आतिथ्य में सर्वप्रथम चेतना गीत के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद मुखिया जी लोगों के द्वारा पिछले साल से लेकर अब तक के अपने पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य और वाटर के क्षेत्र में किये गए नवाचार के बारे में जानकारी साझा किया गया। इसके उपरांत असर टूल के माध्यम से 123 स्कूलों में किये गए आधारभूत मूल्यांकन के परिणामो को सबके सामने साझा किया गया और इस पर समझ विकसित गयी ततपश्चात सिलेक्टेड स्ष्ठत्र के थीम में ही कैसे हम अपने पंचायत में नो कॉस्ट और लो कॉस्ट की गतिविधिया सम्पादित कर निति आयोग के द्वारा निर्धारित सूचकांकों को सैचुरेट करने में आसानी होगी।

# बेहतर समाज के निर्माण के लिए स्पेशल कैटगरी के पीएलवी के कार्य अनुभवों का लिया जायेगा लाभ : राजकमल मिश्रा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने 10 स्पेशल कैटगरी के पीएलवी नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके आलोक में 09 आवेदकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर हुआ है। जिसमें 02 डॉक्टर, 03 थल सेना के सेवानिवृत जवान, 01 जल सेना के सेवानिवृत जवान, 01 सेवानिवृत शिक्षक और 02 ट्रांसजेंडर शामिल है। वहीं डालसा, सचिव श्री राजेश कुमार ने जानकारी दी कि स्पेशल कैटगरी के पीएलवी चयन के बाद प्रशिक्षण देने की प्रकिया पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा श्री राजकमल मिश्रा के निर्देशानुसार प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण के लिए स्पेशल कैटगरी के पीएलवी के कार्य अनुभवों का लाभ लिया जाएगा एवं झालसा, रांची एवं नालसा,नई दिल्ली के दिशा निर्देश के आलोक में प्रशिक्षण के पश्चात कार्य वितरण किए जाएंगे। इसके पूर्व प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष,सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी और डालसा सचिव राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण के दौरान डा टी साहू, डा नेहा जॉनी राज, धर्मराज महतो, धनेश्वर उरांव, गोकुल उरांव, संजय कुमार मधुर, किनेश्वर महतो, कृति कुमारी और रानी कुमारी उपस्थित थे।

# अविराम में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में पधारेंगी देश विदेश की हस्तियां : इंद्रजीत कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में आगामी जनवरी माह में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन वैश्विक संस्कृत मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा जिसमें देश विदेश की शिक्षा, कला, समाज सेवा आदि के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाली हस्तियां पधारेंगी। भारत से लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्विद्यालय के कुलपति प्रो मुरली मनोहर पाठक, सरदार पटेल विश्विद्यालय आनंद गुजरात विश्विद्यालय के कुलपति प्रो निरंजन पी पटेल, पद्मश्री मधु मंसूरी, माता सुंदरी कॉलेज फॉर विमेंस (दिल्ली यूनिवर्सिटी) की प्राचार्य डॉ हरप्रीत कौर, और डॉ कल्पना शर्मा, वैश्विक संस्कृत मंच के सचिव राजेश मिश्र जी नव नालंदा महाविहार संस्कृति मंत्रालय में कार्यरत हैं, रांची विश्विद्यालय के भूतपूर्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो पी के वर्मा, सेंट जेवियर कॉलेज से डॉ एन वेंकट अप्पा राव, डॉ अचल सिन्हा और विश्व स्तरीय रचनाकार ऑस्ट्रेलिया से मृदुला, मिसेज इंडिया वर्ल्ड डॉ परीन सोमानी ब्रिटेन से, इंग्लैंड से डॉ एच लूसी (साध्वी दिव्य प्रभा)जो चंद्रमौली फाउंडेशन की इंटरनेशनल को फाउंडर सह फाउंडर योग मिशन और काशी योग हैं। चीन के क्वांगटोंग विश्विद्यालय से डॉ विवेक मणि त्रिपाठी पधारेंगे जिनके स्वागत और कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। सेमिनार के आयोजक मंडल में अमेरिका से सेन पाठक जो वैश्विक संस्कृत मंच के अंतराष्ट्रीय प्रेसिडेंट तथा डिपार्टमेंट ऑफ जेनेटिक्स टेक्सास यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर पद पर हैं। प्रो विश्नुपाद मोहपात्रा जो वैश्विक संस्कृत मंच के प्रेसिडेंट तथा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्विद्यालय के प्रोफेसर पद पर है, मुख्य संरक्षक रांची विश्वियालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, संरक्षक इंद्रजीत भारती सचिव अविराम तथा आयोजन सचिव डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी प्राचार्य अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन हैं। सेमिनार का विषय ÷एन ई पी 2020 के माध्यम से भारतीय परंपरा,संस्कृति और ज्ञान प्रणाली को पुनर्जीवित करना है। यह विषय वर्तमान समय में अत्यधिक उपयोगी है और सेमिनार में देश विदेश के विद्वानों को सुनने के साथ साथ, रिसर्च स्कॉलर, स्टूडेंट्स, टीचर्स सभी को अपने विचारो को पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखने का सुअवसर मिलेगा। पंजीयन चल रहा है और ऑन स्पॉट पंजीयन भी होगा।

**विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बच्चों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान**

# बच्चे समाज के अगुवा होते हैं, समाज को आगे बढ़ाने में उनकी अहम भूमिका होती है : लाल धर्मेंद्र देव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुभाष चंद्र बोस आवासीय उच्च विद्यालय हीरही लोहरदगा के प्रांगण में आज झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय कानून साक्षरता मिशन के माध्यम से स्कूल के बच्चों को जागरूक किया गया। जिसमें लोहरदगा जिला के एडवोकेट मेडिएटर लाल धर्मेंद्र देव द्वारा कहा गया कि बच्चे समाज के अगुवा होते हैं,समाज को आगे बढ़ाने में उनकी अहम भूमिका होती है,बच्चे देश के भविष्य हैं, हम सभी को बच्चों के हित में कार्य करना चाहिए। वही देश और समाज की उन्नति बच्चों के विकास पर निर्भर करता है,इसीलिए सजग और कानूनी रूप से जागरूक बनाने की शिक्षा उनके लिए अत्यंत ही आवश्यक है ताकि बच्चे गलत राह पर नहीं जाएं। वहीं ऐसे बच्चे जो समाज के मुख्य धारा से अछूते हैं उन्हें कानून की जानकारी प्रदान करें कि उनका विकास हो सके वे विकास से दूर नहीं रहे बच्चों के अधिकार को उन्हें बताएं माता-पिता एवं अभिभावक उन्हें घर में भी जागरूक करें। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों के हित में कई कानून बने हैं आज न्यायालय भी उनके लिए चाइल्ड फ्रेंडली माहौल में काम कर रहे हैं साथ ही पुलिस को भी चाइल्ड फ्रेंडली होकर कार्य करना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा में अभी मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के अंतर्गत बच्चों के लिए कानूनी सेवा यूनिट का गठन किया गया है जो पूरे जिले में सुचारू रूप से कार्य करेंगे। बच्चों के अधिकार और सुरक्षा को लेकर बनाएं गए कानून को हम गंभीरता से लेते हुए लागू करते हैं तो यह समाज को प्रभावित करता है आगे एडवोकेट मेडिएटर द्वारा बताया गया कि लोहरदगा में लीगल सर्विस यूनिट मनो न्याय की टीम को मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 को लेकर डालसा के द्वारा जिला में इसे चलाया जा रहा है जिसमें बच्चें, महिला, वृद्ध जो मानसिक रूप से बीमार है उनकी सहायता हेतु यह कार्य करती है इसमें मनोरोगियों के प्रति सहनशील रहते हुए उनके विधिक अधिकारों को सुनिश्चित करने की बात बताइ गई है। आज हम लोगों के बीच एक मनुष्य में डेढ़ सौ से ज्यादा किस्म के मनोरोग पाए जाते हैं लेकिन व्यक्ति को मुख्य धारा में समाज नहीं रख पाता है ऐसे लोगों की चिकित्सा जांच के अतिरिक्त दिव्यांग जनों के देखभाल भी इस टीम के द्वारा की जाती है इसमें यह टीम अब दिव्यांगजनों एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों बच्चों को विधिक सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि बच्चे अपने विकास में पढ़ाई लिखाई पर ध्यान दें कुछ दिनों में मैट्रिक इंटर की परीक्षा आने वाली है इसलिए अभिभावक को भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। विद्यालय की पढ़ाई के बाद अभिभावक भी प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा अपने बच्चों को समय अवश्य दें।

## भव्य आयोजन के साथ मनाया गया एनसीएमईआई का 20वां स्थापना दिवस

# देशहित में है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का पूर्ण कार्यान्वयन : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान आयोग का 20वां स्थापना दिवस बुधवार को नई दिल्ली में एक भव्य आयोजन के रूप में मनाया गया। जिसमें भारत की समावेशी प्रगति पर प्रभावशाली भाषण और विचार प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन में प्रमुख नेताओं और विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। जिनमें शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार, एनसीएमईआईआई के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. शाहिद अख्तर, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह ललपुरा, चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. फैजान मुस्तफा, और अन्य विशिष्ट व्यक्ति शामिल थे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सभा को संबोधित करते हुए भारत के संविधान में निहित अधिकारों के महत्व को रेखांकित किया। खासकर जब देश अपनी संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।

प्रधान ने अल्पसंख्यकों के लिए शैक्षिक परिदृश्य को बदलने में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों आयोग के प्रयासों की सराहना की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि हर गरीब नागरिक देश की वृद्धि में शामिल हो, जिनमें आवास, बैंक खाते, गैस सिलेंडर और मुफ्त राशन जैसी पहलें शामिल है।

उन्होंने इन विकासों को सबका साथ, सबका विकास के गाइडिंग मंत्र से जोड़ा। शिक्षा सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पूर्ण कार्यान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अल्पसंख्यक संस्थानों से एनईपी को लागू करने में सक्रिय रूप से योगदान करने का आह्वान किया, जो भारत की शैक्षिक प्रणाली को कौशल विकास, अकादमिक क्रेडिट और विविध सीखने के रास्तों के माध्यम से क्रांतिकारी रूप से बदलने का उद्देश्य रखता है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित**

आयोजन में कई अन्य प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित थीं, जिनमें डॉ. इमाम उमर अहमद इलियासी, उपाध्याय रविन्द्र मुनि, डॉ. भिक्खु धम्मपाल महा थेरो, और आर्चबिशप रफी मन्जाली भी शामिल थे, जिन्होंने समावेशी भारत की ओर सामूहिक प्रयास और एकता का आह्वान किया।

### इकबाल सिंह ललपुरा विविधता में एकता ही राष्ट्रीय प्रगति की कुंजी है : इकबाल सिंह ललपुरा

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह ललपुरा ने सभी समुदायों के बीच सामंजस्य के महत्व पर बात की। उन्होंने यह कहा कि भारत की प्रगति सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है, जो धार्मिक भेदभाव से परे होती है। ललपुरा ने शहीद कैप्टन हामिद के नायकत्व बलिदान का उदाहरण दिया, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपनी जान दी, और इसे एकता की कार्रवाई का आदर्श उदाहरण बताया। हम सभी भाई हैं - हिन्दू, मुसलमान, सिख, और ईसाई। ललपुरा ने कहा, और राष्ट्र से इसके समृद्धि के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। उनके शब्दों ने एक समृद्ध और समावेशी भारत की दृष्टि को प्रतिध्वनित किया, जो इसके विविध समुदायों के सहयोग पर फलता-फूलता है।





### वीडियो मैसेज से संबोधन

दिल्ली के उपराज्यपाल, विनय कुमार सक्सेना, और बॉलीवुड अभिनेता बोमन ईरानी ने अपने वीडियो संदेश में हिंदू-मुस्लिम एकता और अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदायों के बीच सद्भावना के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने यह शक्तिशाली संदेश दिया कि भारत को सच में एक महान और मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए, सभी धर्मों को आपसी सम्मान, एकता और भाईचारे के साथ सह-अस्तित्व में रहना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भारत का मार्ग विभिन्न समुदायों के बीच समझ और सहयोग बढ़ाने में है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, राष्ट्र की सामूहिक प्रगति और शक्ति के लिए एकजुट होकर काम करे।

### सामूहिक क्रियावली और राष्ट्रीय एकता का आह्वान

यह आयोजन केवल एनसीएमईआई के अल्पसंख्यक शिक्षा के प्रति 20 वर्षों की सेवा का उत्सव नहीं था, बल्कि यह एक शक्तिशाली याद दिलाने वाला अवसर था कि एक समृद्ध राष्ट्र बनाने में एकता, आपसी सम्मान और साझी जिम्मेदारी की आवश्यकता है। डॉ. शाहिद अख्तर, इंद्रेश कुमार, और धर्मेंद्र प्रधान जैसे नेताओं के भाषणों ने शिक्षा, कानूनी सुरक्षा, और सामाजिक सामंजस्य के महत्व को और भी मजबूती से उजागर किया।

## विभाजन का बीज बोने वाले का पर्दाफाश करें : इंद्रेश कुमार

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार ने भारत के सुंदर बहुलतावाद पर प्रकाश डाला और हिन्दू और मुसलमानों के बीच साझा धरोहर को रेखांकित किया। उन्होंने यह पुनः स्पष्ट किया कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच कोई संघर्ष नहीं है, दोनों शांतिपूर्वक एक-दूसरे के मूल्यों का सम्मान करते हुए कोएक्सिस्ट करते हैं। अपने संबोधन में कुमार ने संभल और अजमेर जैसी जगहों पर हालिया अशांति पर भी बात की। नागरिकों से संविधान और न्यायपालिका में विश्वास रखने और विघटनकारी तत्वों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक ताकतें इन तनावों का अपने स्वार्थ के लिए फायदा उठाती हैं, समुदायों को विभाजित करने के लिए।चलो हम उन लोगों का पर्दाफाश करें जो विभाजन के बीज बोते हैं।उन्होंने कहा, और सभी समुदायों की एकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों द्वारा झेली जा रही जुल्मों पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और इस संकट के समाधान के लिए न्याय और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## राष्ट्र की एकता में कानून की भूमिका अहम : डॉ. फैजान मुस्तफा

चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. फैजान मुस्तफा ने अल्पसंख्यक अधिकारों और भारतीय संविधान पर अपने गहरे कानूनी विश्लेषण से श्रोताओं को आकर्षित किया। उन्होंने संविधान के सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा देने वाले भूमिका को विस्तार से बताया, जबकि यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी समूह हाशिए पर महसूस न हो। उनका भाषण यह प्रदर्शित करता है कि भारत का कानूनी ढांचा समानता, न्याय और समावेशन के मूल्यों को बनाए रखता है, जो राष्ट्रीय एकता के लिए अनिवार्य हैं।

## राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे रहा है अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान : डॉ. शाहिद अख्तर

एनसीएमईआई के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. शाहिद अख्तर ने आयोग की पिछले दो दशकों की उल्लेखनीय यात्रा पर विचार करने का अवसर लिया। उनके नेतृत्व में एनसीएमईआई ने अल्पसंख्यक-प्रबंधित शैक्षिक संस्थानों का समर्थन किया और उन्हें सशक्त किया, ताकि वे समुदाय की आकांक्षाओं के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। डॉ. अख्तर ने यह जोर दिया कि आज के समय में अल्पसंख्यक संस्थान अपने बहुसंख्यक समकक्षों के समान गुणवत्ता और उपलब्धियों के मामले में खड़े हैं। ये संस्थान अल्पसंख्यक समुदायों के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बना रहे हैं, उन्होंने कहा, यह बताते हुए कि इन संस्थानों का साक्षरता दर बढ़ाने और पेशेवर शिक्षा देने में महत्वपूर्ण योगदान है।

## व्यवसाईयों पर अत्याचार हुआ तो मैं खुद खड़ी रहूंगी : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने निगम द्वारा एंक्रोचमेंट के नाम पर व्यवसाईयों के प्रतिष्ठानों को 24 घंटा के अंदर नहीं हटने पर तोड़फोड़ करने का प्रचार कराने पर तीखी प्रक्रिया देते हुए कहा कि नगर आयुक्त महोदय अभी शहर में ठंड काफी पड़ रही है। मैं खुद एक सप्ताह से 15 जगह अलाव जलवा रही हूं और रात को कंबल लेकर हर चौक चौराहे पर जा रही हूं। निगम को प्राथमिकता में कंबल वितरण करना चाहिए जो हमारे समय में होता था और अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए। ना की ठंड के समय फुटपाथ व्यवसायों को एवं शहर के दुकानदारों को तोड़फोड़ कर और भी समस्या में डालनी चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा कि अभी-अभी वित्त मंत्री ने कहा है कि 15 तारीख के बाद एक व्यवसाईयों के साथ बैठक होगी। जिसमें पदाधिकारी भी रहेंगे। मैं नगर आयुक्त से अनुरोध करूंगी कि कृपया उस बैठक तक आप रुक जाएं। उस बैठक में हम व्यवसाई आपस में ही बात कर इस तरह के एंक्रोचमेंट का निदान निकाल लेंगे। अगर जबरदस्ती किया गया तो सारे व्यवसाई अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर सभी राजनीतिक एवं व्यावसायिक संगठन के साथ मैं खुद खड़ी रहूंगी। आशा है नगर आयुक्त महोदय हम व्यवसाईयों की भावना को समझते हुए एंक्रोचमेंट ड्राइव को रोकेंगे।

# विश्वस्तरीय तीरंदाज दीप्ति कुमारी संत मरियम के बच्चों को तीरंदाजी का हुनर सिखाएगी : अविनाश

एजेंसी

**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने कहा कि बदलते परिदृश्य के अनुसार शिक्षा में भी व्यापक बदलाव देखे जा रहे है। समय की मांग है कि बच्चों को वर्ग पाठ्यक्रम के अलावा विभिन्न गुणों में पारंगत होना बेहद जरूरी है। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध संत मरियम विद्यालय स्थापना काल से ही बच्चों के बेहतरी के लिए अलग-अलग सुविधा और सभी क्षेत्र के योग्य प्रशिक्षकों की नियुक्ति करते आ रहा है।




इसी कड़ी में आज हमारे साथ एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ रहा है। आज से संत मरियम स्कूल में तीरंदाजी के प्रशिक्षण के लिए विश्व में ख्याति प्राप्त दीप्ति कुमारी जुड़ रही है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों गोल्ड मेडल जीतने वाली दीप्ति कुमारी, पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने वाली अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज दीपिका कुमारी को भी 6 वर्ष ट्रेनिंग दी है। यह हमारे विद्यालय के साथ साथ पूरे जिले के लिए गर्व की बात है कि विश्व में ख्याति प्राप्त तीरंदाज संत मरियम के बच्चों को तीरंदाजी का हुनर सिखाएंगे। उपरोक्त महत्वपूर्ण घोषणा के अलावा संत मरियम स्कूल प्रबंधन आगामी सत्र में नए छात्रों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नए सत्र में वर्ग केजी से 9वीं तक के बच्चों के नामांकन हेतु विद्यालय के सभी शाखाओं में नामांकन फार्म उपलब्ध है, इसे भरकर ऑफिस में जमा करें और 19 जनवरी को विद्यालय द्वारा प्रथम टेस्ट का आयोजन नवाहता परिसर में किया जाएगा। बेहतरीन शिक्षकों की टीम से सुसज्जित यह स्कूल हमेशा बेहतर परिणाम देने के लिए जाना जाता रहा है। पुनः विद्यालय बेहतर परिणाम हेतु कटिबद्ध है। आगामी सत्र से विद्यालय में अध्ययनरत मेधावी छात्रों को नेतरहाट आवासीय विद्यालय की भी तैयारी कराई जाएगी। नए छात्रों के साथ विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को कुछ स्कॉलरशिप देगी जो निम्नवत है- 1. वर्ग 6,7 और 8 के टॉप 5 छात्रों का ट्यूशन फी( मासिक फी) सत्र 2024-25 के लिए 50त्न माफ रहेगा। 2. वर्ग 9 से 10 में जाने वाले छात्रों में प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 10 बच्चो का मासिक शुल्क 50त्न माफ किया जाएगा। 2. हमारे विद्यालय के साथ दूसरे विद्यालय के बच्चे अगर कक्षा 11 वीं में संत मरियम स्कूल में नामांकन लेते है तो 90त्न अंक वाले छात्रों का पूरा मासिक शुल्क माफ और 85त्न से ज्यादा अंक वाले छात्रों का 50त्न मासिक शुल्क माफ किया जाएगा। मौके पर चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, किड्स निदेशक आनंद कुमार, अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज दीप्ति कुमारी मौजूद रहे।

## शंभू बार्डर पर जहरीला पदार्थ खाने वाले किसान की मौत

**चंडीगढ़ :** पंजाब के शंभू बार्डर पर तीन दिन पूर्व जहर पदार्थ खाने वाले किसान की बुधवार को पटियाला के अस्पताल में मौत हो गई। साथी की मौत से किसान भड़क गए और आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया है। शंभू में गत दिवस खन्न के गांव रतनहेड़ी के किसान रणजोध सिंह ने सल्फास निगल ली थी। जिसके बाद उसे पटियाला के राजिंद्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब तीन दिन के उपचार के बाद रणजोध सिंह की आज मौत हो गई। उधर, खनौरी बार्डर पर 23 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल (70) को मल्टीपल ऑर्गन फेलियर का खतरा बढ़ गया है। डल्लेवाल पहले से ही कैंसर के मरीज हैं। अनशन से उनका ब्लड प्रेशर भी लो हो रहा है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा बन गया है। उनकी देखरेख करने वाली सरकारी डॉक्टरों की टीम उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सिफारिश कर रही है।

# आजसू पार्टी ने विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** आजसू पार्टी द्वारा झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता वीर माटी पुत्र स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पार्टी के केंद्रीय सदस्य नंदू ठाकुर पार्टी, केंद्रीय सदस्य संतोष केसरी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विजय ठाकुर, जिला सचिव इंदल बैठा, जिला सचिव लाल मोहम्मद अंसारी, अरविंद उरांव मुकेश विश्वकर्मा उपस्थित थे। मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि विनोद बिहारी महतो का जन्म 23 सितंबर 1923 को धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड के बाादाहा गांव में हुआ था। वे एक सुलझे हुए वकील और राजनीतिज्ञ थे।

झारखंड के अलग राज्य की स्थापना के लिए आंदोलनरत थे। 1980, 1985, 1990 में बिहार विधानसभा के सदस्य थे। वह 1991 में गिरिडीह से लोकसभा सदस्य भी चुने गए थे। झारखंड आंदोलन के लिए उन्होंने कलम को हथियार बनाने की बात कही। उनका नारा ही था पढ़ो लड़ो और आगे बढो। झारखंड आंदोलन के लिए कई नेताओं को एक साथ जोड़कर झारखंड आंदोलन को धारदार बनाने का काम किया। आज उनके किए हुए कार्यों को हम सब याद करते हैं।

# जायन्ट्स ग्रुप के सत्र 2025 का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न, राकेश बने अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा की बैठक स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सत्र 2025 के लिए नए पदाधिकारी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमें राकेश केसरी को सत्र 2025 के लिए अध्यक्ष, अवधेश कुशवाहा को आंतरिक उपाध्यक्ष, चंद्र भूषण सिन्हा को बाह्य उपाध्यक्ष, मुजीबउद्दीन खान को फिर से एक बार प्रशासनिक निदेशक एवं अशोक केसरी जी को पुनः वित्त निदेशक का भार सौपा गया।

बैठक में सत्र 2025 के चुनाव के लिए गठित समिति दीपक तिवारी, अजयकांत पाठक, विजय केशरी, एमपी केसरी एवं नंदकुमार गुप्ता के द्वारा चुनाव का संचालन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से उपरोक्त पदाधिकारीयो को चुना गया। नए पदाधिकारी के चुनाव पर उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश केशरी सहित सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ देकर उन्हें बधाई दी एवं सत्र 2025 में अपना सहयोग पदाधिकारियो को दे कर मानवता की सेवा में जायन्ट्स को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प व्यक्त किया। चुनाव के पूर्व वित्त निदेशक अशोक केशरी ने पूरे साल का आय व्यय प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में जायन्ट्स ग्रुप में सक्रिय योगदान के लिए जायन्ट्स के सदस्य विनोद कमलापुरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

बैठक में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश गुप्ता के अलावा जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजयकांत पाठक, पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केशरी, फेडरेशन के वर्तमान उपाध्यक्ष मनोज केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता, गढ़वा ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, दीपक तिवारी, अशोक केशरी, अवधेश कुशवाहा, रबीन्द्र केशरी, चन्द्र भूषण सिन्हा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**हरिद्वार :** जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर तहसील हरिद्वार प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी अजयवीर सिंह के नेतृत्व में यह अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है, जिसके तहत सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।17 दिसम्बर को राजस्व टीम ने ग्राम नगला खुर्द में चारागाह की भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया और लगभग ढाई बीघा ग्राम समाज की भूमि को मुक्त कराया। 18 दिसम्बर को ग्राम पदार्था उर्फ धनपुरा के मजरे घिस्सूपुरा में सार्वजनिक रास्ते पर अस्थाई निर्माण कर रास्ते को अवरुद्ध करने का मामला संज्ञान में आया। उपजिलाधिकारी अजयवीर सिंह व पुलिस बल के साथ की गई कार्रवाई में अवरोध हटाया गया। इसी दिन ग्राम बिशनपुर झरड़ा में भी राजकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण की सूचना मिली।

# वाराणसी : एचपीवी वैक्सीन नौ तरह के वायरस से सुरक्षा करती है

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को शिवपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान राज्यपाल ने जीवन रक्षा एच.पी.वी. वैक्सीन अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में युवा अनस्टॉपेबल के निदेशक ऋषि कुमार ने राज्यपाल के समक्ष निःशुल्क जीवन रक्षा एचपीवी टीकाकरण की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचपीवी टीका एचपीवी के उन प्रकारों से बचाता है जो अक्सर महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा, योनि और वुल्वर कैंसर का कारण बनते हैं। 9 से 14 साल की उम्र के किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण की जाती है। एचपीवी वैक्सीन नौ तरह के एचपीवी वायरस से सुरक्षा करती है। इन नौ में से दो वायरस ऐसे होते हैं जो सर्वाइकल



कैंसर के ज़्यादातर मामलों के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। इनकी वजह से ज़्यादातर एनल कैंसर, जेनिटल कैंसर (जनन अंगों में होने वाला कैंसर) और सिर एवं गर्दन के कैंसर होते हैं। अध्ययनों में सामने आया है कि इस वैक्सीन की वजह से कम से कम दस साल तक एचपीवी संक्रमण से बचा जा सकता है।गौरतलब है कि विशेषज्ञ भी मानते हैं कि ये टीकाकरण ज़्यादा समय तक सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। अब तक हुए शोध से पता चला है कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के मामलों में नब्बे फ़ीसद की कमी ला सकती है। अगर लड़की या लड़का एचपीवी वायरस के संपर्क में आने से पहले यह वैक्सीन लें तो ये अच्छे ढंग से काम करती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि वैक्सीन सिर्फ़ संक्रमण रोक सकती है। संक्रमित हो जाने पर यह उस वायरस को बाहर नहीं निकाल सकती। ये वायरस इतने आम हैं कि संक्रमण से बचने के लिए यौन संबंध बनाने की उम्र से पहले यानी बचपन में वैक्सीन लगाना ज़्यादा बेहतर समझा जाता है। इस वैक्सीन की दो डोज़ दी जा रही हैं। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उन्हें दो या तीन डोज़ देनी चाहिए।कार्यक्रम में राज्यपाल ने भी किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए परिवार को सजग रहने की अपील की। उन्होंने सरकार की पहल और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील भी की।